CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 34° C
न्यूनतम : 21° C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 14 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 116 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 | 26 जिल कदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बुजुर्गों, विधवाओं व दिव्यांगों के साथ अन्याय कर रही है मोदी सरकार : खड़गे पेज 2



पैट कमिंस पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना खेल टाइम्स



स्त्री को खुद लिखनी होगी अपनी परिभाषा सम्पादकीय



ट्रम्प के रक्षा बजट पर मचा बवाल, ईरान युद्ध पर अमेरिकी संसद में घमासान पेज 12

# हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना जरूरी नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## हिंदू धर्म केवल पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, यह जीवन जीने का तरीका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को हिंदू धर्म को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि हिंदू धर्म केवल पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का तरीका है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी व्यक्ति के हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या कोई विशेष धार्मिक कर्मकांड करना अनिवार्य नहीं है। यहां तक कि यदि कोई व्यक्ति अपने घर या झोपड़ी में दीपक जलाता है, तो वही उसकी आस्था और धर्म को साबित करने के लिए पर्याप्त है। यह टिप्पणी मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने की। पीठ धार्मिक स्वतंत्रता, महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश और विभिन्न समुदायों की धार्मिक प्रथाओं से जुड़े मामलों पर सुनवाई कर रही है। इनमें सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश का मामला और दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, एमएम सुंदरेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, आगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी. वराले, आर. महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। सुनवाई के 15वें दिन जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, एक हस्तक्षेपकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डा. जी. मोहन गोपाल ने अदालत के समक्ष कहा कि धार्मिक समुदायों के भीतर से सामाजिक न्याय की मांग उठ रही है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म को पहले एक धार्मिक श्रेणी के रूप में परिभाषित किया गया था और बाद में 1966 में एक फैसले में कहा गया कि हिंदू वह है, जो धर्म और दर्शन से जुड़े सभी मामलों में वेदों को सर्वोच्च मानता है। डा. गोपाल ने अदालत से कहा कि उन्होंने हमसे कभी नहीं पूछा। हममें से किसी ने भी ऐसा नहीं कहा। मुझे वेदों के प्रति सर्वोच्च सम्मान और गहरी श्रद्धा है, लेकिन क्या आज हर वह व्यक्ति जिसे हिंदू माना जाता है, वास्तव में वेदों को धर्म और दर्शन में सर्वोच्च मानता है? इस पर न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इसीलिए हिंदू धर्म को जीवन जीने का तरीका कहा जाता है। किसी हिंदू के लिए मंदिर जाना या कोई अनुष्ठान करना अनिवार्य नहीं है, ताकि वह हिंदू बना रहे। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्ति को कर्मकांडों का पालन करना जरूरी नहीं है और किसी की आस्था के रास्ते में कोई बाधा नहीं डाल सकता।



## नीट पेपर रद्द : NTA को बदलने की मांग

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फेमा) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि एनटीए द्वारा नीट यूजी 2026 परीक्षा के आयोजन में व्यवस्थित विफलता हुई है। याचिका में मांग की गई है कि नीट को बदला जाए या उसका पूरी तरह से पुनर्गठन किया जाए। साथ ही, नीट-यूजी 2026 की नई परीक्षा न्यायिक निगरानी में कराई जाए। याचिका में यह मांग की गई है कि वह केंद्र सरकार को एनईटी परीक्षा आयोजित करने के लिए एनटीए को एक अधिक मजबूत, तकनीकी रूप से उन्नत और स्वायत्त निकाय से बदलने का निर्देश दे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुलायम सिंह के छोटे बेटे प्रतीक का निधन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) संरक्षक मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव का बुधवार सुबह निधन हो गया। वह 38 वर्ष के थे। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह करीब छह बजे प्रतीक यादव को लखनऊ के सिविल अस्पताल लाया गया था, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अभी तक मौत के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

### अमूल दूध 2 रुपये प्रति लीटर महंगा

**नई दिल्ली।** डेयरी और एफएमसीजी क्षेत्र से उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। अमूल ने अपनी दूध की कीमतों में इजाफा करने का फैसला किया है, जिसका सीधा असर आम आदमी के मासिक बजट पर पड़ेगा। अमूल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पूरे भारत में दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की मूल्य वृद्धि है, जो देश के सभी बाजारों में समान रूप से लागू की जा रही है।

## CBSE 12वीं के नतीजे घोषित बेटियां फिर अव्वल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया, लेकिन इस बार 12वीं के वार्षिक परिणाम में पिछले साल की तुलना में गिरावट दर्ज की गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष कुल पास प्रतिशत में 3.19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इस बार पंजीकृत 17.80 लाख छात्रों में से 17,68,968 छात्र परीक्षा में बैठे, जिनमें से 15,07,109 छात्र सफल रहे। इस वर्ष का कुल पास प्रतिशत 85.20 फीसदी रहा, जबकि वर्ष 2025 में यह आंकड़ा 88.39 प्रतिशत था। इस प्रकार पिछले साल के मुकाबले परिणामों में स्पष्ट गिरावट देखी गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 12वीं के नतीजों में इस बार भी छात्राओं ने छात्रों के मुकाबले बाजी मारी है। इस वर्ष छात्राओं का कुल पास प्रतिशत 88.86 रहा, जबकि छात्रों का पास प्रतिशत 82.13 दर्ज किया गया। इस प्रकार, सफलता के मामले में लड़कियां लड़कों से 6.73 प्रतिशत आगे रही हैं। हालांकि, पिछले साल की तुलना में छात्राओं के प्रदर्शन में भी गिरावट आई है।

# उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में होगी स्वैच्छिक चकबंदी

## महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट के 19 पदों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 19 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने प्रदेश में चकबंदी को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अलावा कैबिनेट ने कई अन्य विभागों से संबंधित फैसले भी लिए हैं।

कैबिनेट ने चकबंदी को लेकर जो फैसला लिया है उसके मुताबिक पर्वतीय क्षेत्रों में स्वैच्छिक चकबंदी होगी। हर जिले में 10 गांव का लक्ष्य रखा गया है। 75 प्रतिशत ग्रामीणों की सहमति जरूरी होगी। डिजिटल माध्यम से चकबंदी होगी। आपत्ति का निस्तारण भी होगा। राजस्व परिषद समीक्षा अधिकारी सेवा नियमावली में संशोधन को मंजूरी। कम्प्यूटर का ज्ञान के बजाय 8000 की टाइपिंग स्पीड, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, विंडोज का भी ज्ञान जरूरी। सगंध पौध केंद्र का नाम परफ्यूमरी अनुसंधान संस्थान होगा। सुप्रीम कोर्ट के तहत दो पद और होंगे। मेडिकल कॉलेज में कमेटी तीन साल के लिए संविदा पर रखती थी। अब सचिव स्तर पर ही होगा। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के ढांचे का पुनर्गठन होगा। 29 से बढ़ाकर 40 पद किए गए। राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में 277 कार्मिक 2009 से लगे हैं, उनको समान कार्य समान वेतन -शेष पृष्ठ दो पर

- लघु जल विद्युत परियोजना की नीति में संशोधन पर मुहर
- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक

Shobhit Institute of Engineering & Technology Deemed to-be-University
EDUCATION EMPOWERS
Accredited with Grade A NAAC
TIME TO SHINE WITH SUEducation
UGC 12B Status Granted
37 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

Admission Notice 2026-27

School of Computational Sciences and Engineering
B.Tech. Computer Science & Engineering
Artificial Intelligence & Machine Learning | Data Science | Cyber Security
Cloud Computing | Full Stack Development
M.Tech. Computer Science & Engineering
BCA (Bachelor of Computer Applications)
Artificial Intelligence & Machine Learning | Cyber Security
Internet of Things | Data Science
MCA (Master of Computer Applications)
Cloud Computing | IoT | Network and Information Security
Full Stack Development | Data Science & Machine Learning
M.Sc. Artificial Intelligence | M.Sc. Data Sciences
M.Sc. Cyber Security

School of Biomedical Engineering & Health Sciences
B.Tech. Biomedical Engineering
Clinical & Neural Engineering | Biomaterials & Bio-nanotechnology
Cellular, Tissue & Genetic Engg | Biomedical Signal & Image Processing
Biomedical Electronics & Instrumentation
M.Tech. Biomedical Engineering
B.Sc. (Honors) Biomedical Sciences
M.Sc. Biomedical Sciences | M.Sc. Medical Physics

School of Biotechnology & Life Sciences
B.Tech. Biotechnology
AI & Data Driven Biotechnology | Industrial & Pharmaceutical Biotechnology
Medical Biotechnology | Bio-Entrepreneurship & Regulatory Affairs
M.Tech. Biotechnology
B.Sc. (Honors) Biotechnology | B.Sc. (Honors) Microbiology
B.Sc. (Honors) Nutrition & Dietetics
M.Sc. Biotechnology | M.Sc. Microbiology | M.Sc. Bio-Info
M.Sc. Clinical Research | M.Sc. Food Science & Technology

School of Agriculture & Environmental Sciences
B.Tech. Agriculture Engineering
Geospatial AI & Remote Sensing | Soil & Water Conservation Engg
Farm Machinery & Power Engg | Processing & Food Engg
M.Tech. Agriculture Engineering
B.Sc. (Honors) Agriculture
M.Sc. Horticulture | M.Sc. Agronomy
M.Sc. Environmental Sciences | M.Sc. Geo-Informatics

School of Humanities, Physical & Mathematical Sciences
M.Sc. Mathematics | M.Sc. Geo-Informatics

NICE School of Business Studies (NICE SBS)
BBA (Bachelor of Business Administration)
Digital Marketing | Banking, Finance & Insurance
Global Business & Management
MBA (Master of Business Administration)
Agri-Business & Rural Entrepreneurship | Digital Business & AI
Global Trade & Logistics Management | Fintech, Banking & Insurance
People Management & HR Analytics | Marketing & E-Commerce
Pharmaceutical & Healthcare Management

School of Law & Constitutional Studies
BA LL.B. | B.Com. LL.B. (Honors) | BBA LL.B. (Honors)
LL.B. (3 Years)
LL.M. (2 Years/1 Year)
Constitutional & Administrative Law | Corporate & Commercial Law
Criminal & Security Law | Cyber Law | Intellectual Property Rights

School of Education
B.Ed. (Bachelor of Education)

Centre for Commerce, Economics, and FinTech
B.Com. (Honors) | M.Com.
BA (Honors) Business Economics

Centre for Psychology & Human Behaviour
BA (Honors) Psychology
PG Diploma in Counselling Psychology

Centre for Law & Good Governance
BA (Honors) Government & Administration (4 Years)

Centre for Yoga & Research
PG Diploma in Yoga

Doctoral Studies
The University offers a rigorous and research-oriented Ph.D. program aimed at fostering innovation and advancing knowledge across diverse disciplines.

SUNET
Admission and Scholarship Pathway
Shobhit University National Entrance & Scholarship Test
www.shobhituniversity.ac.in/sunet.php

THE SHOBHIT DIFFERENCE
A Century of Purpose
A hundred years of family legacy empowering lives, communities and the nation through education — since 1924.
70+ Programs. One University
Engineering, AI, Cyber Security, Data Sciences, Fintech, Biomedical Sciences, Agri-Business, Law and more.
Research That Matters
Patents, Ph.D. programs, an MSME Technology Business Incubator and an AICTE IDEA Lab — innovation is part of daily life here.
Your Career Starts Here
Placement training, soft-skills development and strong recruiter engagement every year — the University Training & Placement Cell connects students to opportunities across IT, BFSI, Manufacturing, Life Sciences and Consulting.
Clubs and Societies
More than fifty student clubs and societies. From robotics to theatre, every student finds their stage here. Because leaders are shaped outside the classroom too.
Alumni Across the Globe
Shobhit graduates work in organisations and communities across more than thirty countries.
Connectivity
Travel from Delhi by RRTS and from anywhere in Meerut by Metro — Modipuram Station is just 200 metres from the University gate.



INTERNATIONAL PATHWAYS
MBA Pathway to USA • UK • France

RANKINGS
PROUDLY TOP 5 IN INDIA
In the List of Top 10 Applicants for Patents from Scientific Industrial Research Organisations (DST-SIRO)
Dept. for Promotion of Industry and Internal Trade
Ministry of Commerce & Industry, Govt. of India
1 Amongst India's Distinguished Law Schools The CSR Law School Survey 2025
27 Amongst TOP B-School of India Times B-School Survey 2026
26 Amongst Top Private and Deemed multidisciplinary University The WEEK-India's Best Universities Ranking Survey 2025
25 Amongst Top Engineering Institutions of India Times Engineering Institute Ranking Survey 2025

SCAN TO APPLY

SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed-to-be University established u/s 3 of UGC Act, 1956]
NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR | www.shobhituniversity.ac.in
Admission Helpline
7617505016 / 9870265521
Delhi Office: Shobhit University Tower, Pocket-B, Mayur Vihar Phase-II, New Delhi-110091 | +91-11-35205500

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनेगा नागपुर हवाई अड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सरकार ने बुधवार को नागपुर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसे सार्वजनिक-नि भागीदारी (पीप. पीपी) के तहत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के तौर पर विकसित किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने नाग. पुर हवाई अड्डे के लिए मिहान इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) को दी गई लीज की अवधि 06 अगस्त 2039 से आगे 30 साल और बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एमआईएल भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी का संयुक्त उपक्रम है।

### शिक्षक वेतन घोटाले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में शिक्षा और समाज कल्याण विभाग को शर्मसार करने वाले 51 लाख रुपये के 'शिक्षक वेतन घोटाले' में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि समाज कल्याण विभाग के मंडलीय उप निदेशक आरके चौरसिया की शिकायत पर दर्ज मामले में आरोपी अधिकारी लंबे समय से फरार चल रहा था। बुधवार सुबह कोतवाली पुलिस ने मुखिबर की सूचना पर कुंवर सिंह उद्यान के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया।

## प्रतीक यादव के निधन से शोक की लहर

### सीएम योगी व अजय राय ने जताया दुख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और भारतीय जनता पार्टी नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव के बुधवार को आकस्मिक निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कई नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मुख्यमंत्री योगी ने अपने शोक संदेश में कहा कि प्रतीक यादव का आकस्मिक निधन अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। अखिलेश यादव ने अपने चचेरे भाई प्रतीक यादव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे। विनम्र श्रद्धांजलि। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के पुत्र एवं उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है।

इस कठिन समय में मेरी संवे. दनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस अपार दुख्ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने भी प्रतीक यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### प्रतीक यादव के निधन पर भावुक हुए अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र प्रतीक यादव के निधन पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बेहद भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि प्रतीक का जाना परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है। किग जार्ज मेडिकल यूनीवर्सिटी (केएमयू) के शव विच्छेदन गृह (पोस्टमार्टम हाउस) पहुंचे अखिलेश ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रतीक यादव आज हमारे बीच नहीं है, बहुत दुख है। वह नौजवान था। बचपन से ही उसे स्वास्थ्य के प्रति, अपने हेल्थ के प्रति जागरूकता थी और वन में आगे बढ़ना चाहता था। वह बहुत अच्छा लड़का था जो अपने मेहनत से कुछ करना चाहता था।

## बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगों के साथ अन्याय कर रही है सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगजनों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी मासिक पेंशन में वर्षों से कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि महंगाई के कारण गरीब और वंचित वर्ग गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है।

खड़गे ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सरकार एक ओर देश को मितव्ययिता और त्याग का पाठ पढ़ाती है, वहीं दूसरी ओर बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों की गरिमा छीन रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में मोदी सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन में 'एक पैसे' तक की वृद्धि नहीं की, जबकि महंगाई लगातार बढ़ती रही है। उन्होंने कहा कि देश नागरिकों की क्रय शक्ति में लगभग 45 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद 200 रुपये की पेंशन का वास्तविक मूल्य करीब 110 रुपये, 300 रुपये की पेंशन का मूल्य 165 रुपये और 500 रुपये की पेंशन का मूल्य लगभग 275 रुपये के बराबर रह गया है।



**12 वर्षों से नहीं हुई वृद्धावस्था पेंशन में एक पैसे की वृद्धिः खड़गे**

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता के कल्याण पर खर्च बढ़ाने के बजाय विज्ञापनों और अपने प्रचार पर भारी खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि 2014-15 से 2024-25 के बीच सरकार ने विज्ञापनों के माध्यम से सपने प्रचार पर 5,987.46 करोड़ रुपये खर्च किए। खड़गे ने कहा कि करोड़ों बुजुर्ग नागरिक बुनियादी दवाइयों और भोजन तक के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि सरकार खुद के प्रचार, बड़े आयोजनों और चुनावी अभियानों पर फिजूलखर्ची कर रही है।

### देश में राजनीतिक पांखड चरम पर पहुंचा हैः तिवारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बुधवार को कहा कि देश में 'राजनीतिक पाखंड चरम पर' पहुंच गया है। तिवारी ने आरोप लगाया कि एक तरफ मंत्री सरकारी फ्लीट कम करने का दिखावा कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ विधायक हजारों गाड़ियों के काफिले निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के नेता मेट्रो और ट्रेन में फोटो खिंचवाकर सादगी का प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि सरकारी गाड़ियां खाली घूम रही हैं। उन्होंने इसे जनता को गुमराह करने की को. शिश बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए तिवारी ने कहा कि सरकार को अपनी आर्थिक नीति सुधारने की जरूरत है। उन्होंने जोर दिया कि विदेश नीति 'डर और सहम' की नीति नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि अमेरिका के सामने झुकने और इजराइल के प्रति अत्यधिक समर्पण दिखाने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होगी।

### युवा कांग्रेस और एनएसयूआई चलाएंगी देशव्यापी आंदोलन

## नीट पेपर लीक की जेपीसी जांच कराई जाएः कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

युवा कांग्रेस और कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के पेपर लीक मामले को गंभीर अपराध बताया है और इसकी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग की है।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब तथा एनएसयूआई अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने बुधवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा शासन में गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों का भविष्य अनिश्चित होता जा रहा है और नीट परीक्षा पेपर लीक की ताजा घटना ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। उनका



**कहाः भाजपा शासन में गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों का भविष्य अनिश्चित होता जा रहा**

कहना था कि सरकार दूसरे देशों के बीच चल रहे युद्ध को रोकने जैसी बातें भी करती है लेकिन अपने देश में पेपर लीक जैसे अपराधिक घटनाओं को नहीं रोक पा रही है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में जिम्मेदारी तय कर कोचिंग संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। श्री चिब ने नीट पेपर लीक मामले की जांच जेपीसी से कराने की मांग की और कहा कि इस मामले में सबसे पहले जिम्मेदारी लेते हुए देश के शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा शासन में बार-बार बड़े स्तर पर पेपर लीक की घटनाएं क्यों हो रही हैं। उनका कहना था कि इस मामले में जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और यह स्पष्ट होना चाहिए कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं हो और पेपर लीक जैसे जघन्य अपराध के दोषियों को सख्त सजा मिले। उन्होंने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को प्रतिबंधित करने की मांग करते हुए कहा कि परीक्षाओं का संचालन सरकार को स्वयं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि उनकी सरकार बनने पर पेपर लीक जैसे अपराधों को रोकने के लिए कड़े दंड का प्रावधान किया जाएगा।

### नीट पेपर लीक पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ बुधवार को यहां जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ता युवा कांग्रेस कार्यालय से रायसीना रोड की ओर मार्च निकाल रहे थे, लेकिन दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिग कर उन्हें रोक दिया। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। लाकड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर हस्तक्षेप कर सकते हैं, लेकिन देश में लगातार हो रहे पेपर लीक नहीं रोक पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एनएटीए बनने के बाद से लगातार परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठे हैं और इससे छात्रों का भरोसा टूटा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 89 पेपर लीक हुए, जबकि नीट परीक्षा चार बार विवादों में रही और 48 बार पुनर्परीक्षाएं करानी पड़ीं।

## प्रवासी श्रमिकों को करना पड़ता है चुनौतियों का सामनाः न्यायमूर्ति

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यन ने कहा कि प्रवासी श्रमिकों को अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि उनमें से अधिकतर असंगठित क्षेत्र से संबंधित हैं।

न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन ने बुधवार को 'प्रवासी श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षाः सरकार और नि क्षेत्र की साझा जिम्मेदारी' विषय पर अपनी कोर ग्रुप की बैठक में कहा कि प्रवासी श्रमिक असंगठित क्षेत्र से जुड़े होने के कारण सबसे अधिक चुनौतियों का सामना करते हैं। भाषा की बाधाएं, लगातार स्थान परिवर्तन और स्थाई आवास का अभाव उन्हें अपने अधिकारों की रक्षा करने से रोकता है। उन्होंने कहा कि भारत में श्रमिकों की सुरक्षा के लिए मजबूत कानून मौजूद हैं, लेकिन उनकी प्रभावी क्रियान्वयन सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि केवल नीतियां बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि अंतरराज्ईय समन्वय, पोर्टेबल सामाजिक सुरक्षा और श्रम कानूनों के सख्त पालन जैसे प्रणालीगत सुधारों की जरूरत है। उन्होंने निर्माण, होटल, व्यापार और घरेलू कार्यों में लगे प्रवासी श्रमिकों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। एनएचआरसी के सदस्य जस्टिस (डॉ.) बिद्युत रंजन सारंगी ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को न तो उचित सम्मान मिलता है और न ही समय पर मजदूरी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 74608.98
निफ्टी 23501.25

सोना 160977 प्रति 10 ग्राम
चांदी 287720 प्रति किलो

## चार दिन की गिरावट से उबरा शेयर बाजार, सेंसेक्स 50 अंक चढ़ा

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार चार दिन की गिरावट से उबरने में कामयाब रहे और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 49.74 अंक (0.07 प्रतिशत) चढ़कर 74,608.98 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 121.70 अंक यानी 0.52 प्रतिशत ऊपर 23,501.25 अंक पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस पर दोनों प्रमुख सूचकांक पांच सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए थे। वृहत बाजार में ज्यादा ते रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 1.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.64 प्रतिशत की बढ़त में रहा। ऑटो, आईटी, बैंकिग, मीडिया और रियलिटी सेक्टरों में गिरावट रही। धातु शेयर का सूचकांक तीन प्रतिशत से अधिक चढ़ा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांकों में भी अच्छी ते रही। एनएसई में जिन 3,378 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से



1,960 के शेयर हरे निशान में और 1,300 के शेयर लाल निशान में रहे। अन्य 118 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयरों में गिरावट और अन्य 13 में बढ़त रही। एशियन पेंट्स का शेयर 4.48 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। टाटा स्टील में 3.63 प्रतिशत, बीईएल में 2.93, अडानी पोर्ट्स में 2.79, भारती एयरटेल में 1.78, एलएंडटी में 1.56, इंडिगो में 1.20 आईटीसी में 1.18 और टाइटन में 0.95 प्रतिशत की रही। ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.07 प्रतिशत टूट गया। पावर ग्रिड में 1.52 फीसदी, इंफोसिस में 1.51, टेक महिंद्रा में 1.25, टीसीएस में 1.21 और सनफार्मा में 1.16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### सोना 9,345 और चांदी 22,853 महंगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर लगने वाली ड्यूटी 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी है। बुधवार को जारी इस आदेश के बाद आज यानी 13 मई को सर्राफा बाजार में सोना 9 हजार और चांदी 22 हजार रुपए महंगी हो गई है। 10 ग्राम सोने का भाव 9,345 बढ़कर 1,60,977 रुपए और 1 किलो चांदी का भाव 22,853 बढ़कर 2,87,720 रुपए पर पहुंच गया है। सरकार का मकसद विदेशी खरीद कम करना और देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे दबाव को घटाना है। अमे. रिकी-ईरान जंग के बीच सरकार ने ये फैसला लिया है। सरकार ने सोने पर 10 प्रतिशत बेसिक कस्टम ड्यूटी और 5 प्रतिशत एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस लगाया है।

## मोदी की सेना न खरीदने की अपील से सर्राफा कारोबारी चिंतित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आमजन से बगैर जरुरत एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने की अपील के बाद सर्राफा कारोबार और आभूषण निर्माण से जुड़े कारीगरों में रोजगार को लेकर चिंता बढ़ गई है। कारोबारियों और कारीगरों का कहना है कि यदि सोने की खरीद घटती है, तो इससे लाखों लोगों की रो-रोटी पर संकट खड़ा हो सकता है।

सर्राफा कारोबार से जुड़े ज्वैलर्स राम ने बताया कि सोने के आभूषण तैयार करने वाले कारीगर पूरी तरह इस उद्योग पर निर्भर हैं। यदि लोग सोना खरीदना बंद कर देंगे, तो ज्वैलर्स को नए आभूषणों के ऑर्डर नहीं मिलेंगे और कारीगरों को काम नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि काम बंद होने से मजदूरी नहीं मिलेगी और बड़ी संख्या में कारीगर बेरोजगार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सोने की बिक्री प्रभावित होने पर ज्वैलरी दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन पर भी असर पड़ेगा, जिससे बेरोजगारी और बढ़ सकती है। सहारनपुर सर्राफा कारोबार के आंदोलनों से जुड़े राक. ेश गुप्ता ने कहा कि अधिकांश कारोबारियों ने अपनी पूं और कमाई इसी व्यवसाय में निवेश की हुई है। यदि सोने की बिक्री नहीं होगी, तो कारोबारियों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो जाएगा। उन्होंने सरकार से इस स्थिति का समाधान बताने की मांग की। सर्राफा पंचायत सदस्य विपिन अग्रवाल ने कहा कि पहले से ही सराफा बाजार में लगभग 80 प्रतिशत काम प्रभावित है। सोने की कीमतें इतनी अधिक हो चुकी हैं कि आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गई हैं। उन्होंने कहा कि कारोबार मंदा होने के कारण कर्मचारियों का वेतन देना भी मुश्किल हो रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश उद्योग एवं व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष शीतल टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशहित में लोगों से अनावश्यक रूप से सोना न खरीदने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने केवल आवश्यकता होने पर ही सोना खरीदने तथा केवल लॉकर में रखने के उद्देश्य से सोना न खरीदने की बात कही है। टंडन ने बताया कि वर्ष 1967 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी विदेशी मुद्रा संकट के समय लोगों से सोना न खरीदने की अपील की थी।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### सोलंकी ने 100 दिनों की भारत जलवायु सत्याग्रह यात्रा की शुरूआत की

**नई दिल्ली।** मुंबई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआई) के पूर्व प्रोफेसर प्रो. चेतन सिंह सोलंकी ने जलवायु परिवर्तन और टिकाऊ वनशैली को लेकर देशव्यापी जन जागरूकता अभियान की शुरुआत करते हुए बुधवार को यहां स्थित महात्मा गांधी के स्मारक राजघाट से 100 दिनों की 'भारत जलवायु सत्याग्रह यात्रा' की शुरुआत की। 'सोलर मैन ऑफ इंडिया' नाम से प्रसिद्ध प्रो. सोलंकी आज यहां राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ यात्रा की शुरुआत की।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड के...** मिलेगा। लैब टेक्नीशियन संवर्ग के ढांचे को पुनर्गठन किया जाएगा। 266 मेडिकल लैब टेक्निकल ऑफिसर के होंगे। महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट के कुल 16 पदों को मंजूरी मिली है। लघु जल विद्युत परियोजना की नीति में संशोधन को मंजूरी दी गई है। डेवलोपर की परफार्मेंस सिक्योरिटी शून्य होगी। पहले परियोजना की डीपीआर बनती थी, अब प्री फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनेगी। जब विकासकर्ता को फॉरेस्ट क्लीयरेन्स मिलेगी, तो उसके समय तय होंगे। उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा अधि. नियम के लिए शैक्षिक नियमावली मंजूर। मान्यता के आवदेन की प्रक्रिया, शर्तें, नवीनीकरण, मान्यता समाप्त करने के नियम तय हुए हैं। निर्माण के लिए 10 लाख प्रति पंचायत के बजाय अब 20 लाख मिलेंगे। विधानसभा सत्र के सत्रावसान को मंजूरी दी गई। फॉरेंसिक साइंस में 15 पद सृजित करने को मंजूरी मिली है। यात्रा व्यवसाय पंजीकरण नियमावली में संशोधन को मंजूरी। अब होम स्टे छह के बजाय आठ कमरे तक का होगा। संचालक को वहां रहना होगा। नवीनीकरण स्वतः हो जाएगा। उत्तराखंड राज्य चकबंदी कर्मियों की सेवा नियमावली 2026 को मंजूरी मिली है। यूपीसीएल, यूजेवीएनएल और पिटकुल में पहले निदेशक के चयन की नियमावली बनी थी। जिसमें निदेशक मंडल में नियुक्त शब्द हटाया गया है। अब बाहर का व्यक्ति भी निदेशक बन सकेगा।

## पेपर लीक रोकने को सड़कों पर उतरे जेन-जीः केजरीवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि कि पेपर लीक जैसे घिनौने खेल को बंद करने के लिए देश के जेन को सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़ेगा।

केजरीवाल ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर बुधवार को देश के युवाओं (जेन-जी) से सीधा वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने जेन का आह्वान करते हुए कहा कि बहुत हुआ पेपर लीक, अब इस घिनौने खेल को बंद करने के लिए देश के जेन-जी को सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़ेगा। उन्होंने नेपाल और बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए युवाओं से कहा कि जब वहां जेन अपनी सरकार बदल सकते हैं, तो हमारे देश का जेन पेपर लीक कराने में शामिल मंत्रियों-नेताओं को जेल क्यों नहीं भिजवा सकता? हर बार पेपर लीक की



जांच सीबीआई को सौंप दी जाती है, लेकिन आजतक किसी को सजा नहीं मिली। इस बार भी कुछ नहीं होने वाला है। उन्होंने सवाल किया कि ज्यादातर पेपर लीक भाजपा शासित राज्यों में क्यों होते हैं, क्या इस घिनौने खेल में भाजपा के नेता सीधे तौर पर शामिल हैं? कुछ लोग सिस्टम फेल होने की बात करते हैं, लेकिन वे लोग ऐसा कहकर अनजाने में पेपर लीक में शामिल टॉप पर बैठे व्यक्ति को बचा रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि यह देश युवाओं का है। इन नेताओं को इस देश में कोई दिलचस्पी नहीं। इनके बच्चे तो विदेशों में पढ़ते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि देश के एक बड़े नेता ने कभी कहा था कि जरूरत पड़ी, तो झोला उठाकर चला जाऊंगा, लेकिन हम कहां जाएंगे? हमारा परिवार तो इसी देश में रहता है। इसलिए हमें और युवाओं को मिलकर ही इस देश को बचाना होगा। उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी जांच सीबीआई को सौंप दी गई है, हर बार की तरह इस बार भी सीबीआई ने 10-15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। हर बार की तरह इस बार भी सभी आरोपी तीन से चार महीने में जमानत पर बाहर आ जाएंगे और हर बार की तरह इस बार भी ये सारे जेल से छूटे हुए बदमाश फिर से अगले साल पेपर लीक करने की तैयारी शुरू कर देंगे। केजरीवाल ने कुछ उदाहरण देकर युवाओं को समझाते हुए कहा कि 2014 में जब से देश में मोदी सरकार आई है, तब से लेकर अब तक 93 पेपर लीक हुए हैं।

### ट्रम्प के आगे झुकना बंद कर रूस से तेल खरीदें मोदीः केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविद केजरीवाल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आगे झुकना बंद कर तत्काल रूस से तेल एवं गैस खरीदना शुरू करना चाहिए। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन कर रूस से गैस लेकर भारत आ रहे एक जहाज को केंद्र सरकार की ओर से वापस लौटाने पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आप, ट्रम्प के आगे झुकना बंद कीजिए और तत्काल रूस से तेल तथा गैस खरीदना शुरू कीजिए। एक तरफ तो आप देश को पेट्रोल, डीजल और गैस बचाने की सलाह दे रहे हैं और दूसरी तरफ रूस तेल-गैस दे रहा है तो लेने से मना कर रहे हैं, क्यों? उन्होंने कहा कि पूरे देश में अफवाह फैली हुई है कि अडानी को बचाने और एपस्टीप फाइल में नाम आने से मोदी बहुत डरे हुए हैं।

## कांग्रेस की ग्रेट निकोबार परियोजना पर ओरांव से हस्तक्षेप की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता तथा पार्टी संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आदिवासी कार्य मंत्री जुएल ओरांव को पत्र लिखकर अंडमान-निकोबार की ग्रेट निकोबार परियोजना में आदिवासी समुदायों के वन अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है।

रमेश ने ओरांव को बुधवार को लिखे पत्र में कहा कि केंद्र सरकार ने ग्रेट निकोबार परियोजना में सभी वैधानिक प्रक्रियाओं के पालन का दावा किया है, लेकिन वास्तविकता इससे अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि वनाधिकार अधिनियम, 2006 के तहत आवश्यक ग्राम सभा की सहमति, वन अधिकारों के निपटारे व आदिवासी समुदायों से वैधानिक परामर्श की प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि 13 हजार हेक्टेयर से अधिक वन भूमि हस्तांतरण के



मामले में निकोबारी और शोम्पेन जनजातियों की पारंपरिक भूमि शामिल होने के बावजूद गैर-आदिवासी बस्तियों की ग्राम सभाओं की सहमति को आधार बनाया गया, जो कानून के विपरीत है। इस मामले में एक व्यक्ति द्वारा पूरी जनजाति की सहमति दिखाने पर भी सवाल उठाया है तथा कहा कि बाद में संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस लेने के बावजूद उसे सहमति के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने अपने पत्र में शोम्पेन समुदाय की ओर से कथित सहमति प्रक्रिया और 18 अगस्त 2022 के प्रशासनिक प्रमाणपत्र को भी गलत बताया।

# बसेडा के युवक का शव गाजियाबाद कमरे में पड़ा मिला

## बीटेक करने के बाद प्राइवेट कम्पनी में कर रहा था जॉब, मृतक रोबिन की मौत से परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** बीटेक करने के बाद गाजियाबाद कम्पनी में कार्यरत युवक का शव उसके कमरे में पड़ा मिला। सूचना पर परिजनों में शोक छा गया ओर शव लेने के लिए गाजियाबाद रवाना हो गए।

बसेडा निवासी हरेंद्र सिंह का 26 वर्षीय पुत्र रोबिन बीटेक करने के बाद गाजियाबाद की किसी कम्पनी में नौकरी कर रहा था। वह तीन दिन तक लगातार बिना छूटी लिये ही काम पर नहीं गया तो कम्पनी के कर्मचारी उसके कमरे पर गये। कमरा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर देखा तो उसका शव पड़ा मिला। कम्पनी ने उसके परिजनों को सूचना दी। जिससे परिवार में शोक छा गया ओर वे शव लेने के लिए गाजियाबाद रवाना हो गये। हत्या के कारण का शव आने के बाद ही पता चल सकेगा।

अब गाजियाबाद पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही हे कि आखिर युवक ने आत्महत्या कीहे या घटना के पीछे कोई ओर कारण है यदि मामला आत्महत्या का है तो इसके पीछे क्या कारण है कुल मिलाकर पुलिस इस मामले में कई पहलुओं पर जांच पडताल कर रही है।

# छपार टोल प्लाजा पर मारपीट, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** हाइवे के छपार टोल पर कार निकालने को लेकर झगडा हो गया जिसमें कार सवार मां-पुत्र के विरुद्ध महिला टोल कर्मी ने मारपीट करने व जाति सूचक शब्द बोलते हुए भददी भददी गालियां देने की थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी युवक को कार सहित हिरासत में ले लिया है।

बुधवार को दोपहर के समय एक कार मुजफ्फरनगर की ओर से आयी उसके चालक ने अपना नाम नमन निवासी बरला बताते हुए बिना टोल के लिए निकालने को कहा तो टोल पर मौजूद महिला कर्मी ने कार को निकाल दिया लेकिन उसके आगे वाली कार को टोल लेने के लिए पीछे हटवाया उसके पीछे आरोपी की कार थी वह टोल कर्मी पर भड़क गया।

पहले तो दोनों ओर से कहा. सुनी हुई फिर मारपीट शुरू हो गई। टोल वालो ने पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर युवक को कार सहित हिरासत में ले लिया।

पीडित महिला कर्मी पूजा निवासी पचेड़ा कलां थाना नई मंडी ने मां बेटे के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज करने व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने ओर जान से मारने की धमकी देने की थाने में तहरीर दी है।

# स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही के बाद भी चल रहे हैं बिना पंजीकरण के अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर व कस्बे में कई ऐसे प्राइवेट अस्पताल है जिनको झोलाछाप चिकित्सक चला रहे है इन अस्पतालों में आए दिन घटनाएं होती रहती है बच्चों से लेकर जच्चा और भर्ती बीमार व्यक्तियों की मौत हो रही है। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग जागता है और उन अस्पतालों पर कडी कार्यवाही भी करता है जिन अस्पतालों में घटनाए घटती है, लेकिन कुछ दिन बाद ही यह अस्पताल अपने आप ही चालू हो जाते है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बझेडी रोड पर भी स्थित एक अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाहीहो चुकी है यहां तक की उसको सील भी कर दिया गया इतना ही नहीं इस अस्पताल के डॉक्टर ने शपथ पत्र पर अस्पताल न चलाने जैसे शब्दों को लिखकर दिया, लेकिन यहां पर एक बार फिर नजर डाली जाए तो यह अस्पताल एक बार फिर चालू हो गया है। अब यह अलग बात है कि यह अस्पताल कई बार बंद होने के बाद भी किस की सहमति पर चालू किया गया? बता दे कि अस्पताल के ऑन-रिकॉर्ड डॉक्टर ने गत माह लिखित रूप में शपथ पत्र देकर खुद को अलग कर लिया था, लेनिक आज भी अस्पताल उसी नाम से चल रहा है।

अस्पताल के डॉक्टर ने दो अप्रैल 2026 को स्वास्थ्य विभाग को विभाग को एक शपथ पत्र सौंपा था। इसमें उन्होंने स्पष्ट उल्लेख किया था कि वे व्यक्तिगत कारणों से अब इस अस्पताल में कोई चिकित्सीय सेवा नहीं देंगे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के ऑनलाइन पोर्टल और अस्पताल के रजिस्ट्रेशन से अपना नाम तत्काल हटाने की मांग की थी। स्वास्थ्य विभाग को पूरी जानकारी है कि इस अस्पताल में डॉक्टर के पास कोई डिग्री नहीं है, लेकिन इसके बावुजूद भी यह अस्पताल चल रहा है।

वहीं दूसरी और कस्बा जानसठ में भी एक अस्पताल ऐसा चल रहा है जिसको सीएचसी नगर पंचायत ने थमाया नोटिस झोलाछाप चला रहा था 7 कमरों का अपंजीकृत अस्पताल जानसठ, एक स्थान पर बिना पंजीकरण चल रहे जबकि उक्त अस्पताल पर स्थानीय संबंधित विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जागरूक नागरिक की शिकायत पर सीएचसी जानसठ और नगर पंचायत ने सख्त नोटिस जारी किए हैं। सीएचसी के नोटिस में खुलासा हुआ कि बीएएमएस डिग्री की आड़ में एक झोलाछाप खुद को 'जनरल फिजिशियन' बताकर अवैध एलोपैथिक इलाज कर रहा था और बिना ड्रग लाइसेंस मेडिकल स्टोर भी चला रहा था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया

### समस्याओं का हल पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण: वर्मा

**पुरकाजी।** ब्लाक के ग्राम तुगलकपुर में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमेंपश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा व भारतीय किसान यूनियन वर्मा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य होने के कारण यहां समस्याओं का अंबार है। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। प्रशासनिक व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। कानून व्यवस्था भ्रष्टाचार और बेहतर विकास के लिए उत्तर प्रदेश को चार भागों में बाँटकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 6 मंडलों 26 जिलों 27 लोकसभा क्षेत्र 137 विधानसभा क्षेत्र और यहां की 8 करोड़ जनता को मिलाकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट 9 लाख 12 हजार करोड रुपए से भी अधिक है। यह पूरा बजट पूर्वांचल अवध और बुंदेलखंड में खर्च किया जाता है जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिले सरकार को 80 प्रतिशत राजस्व देते हैं। इतना भारी भरकम राजस्व देने के बावजूद भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में एम्स नहीं है। आईआईएम नहीं है। आईआईटी नहीं है। एन आई टी नहीं है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में काफी पीछे है। भगत सिंह वर्मा ने किसानों मजदूरों व्यापारियों दुकानदारों बुद्धिजीवियों अधिवक्ता गणों पत्रकारों युवाओं और छात्रों से मिलकर पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण के संघर्ष में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने का आह्वान किया। पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण होने पर यहां शिक्षा और चिकित्सा बेहतर होगी और यहां प्रति व्यक्ति वार्षिक आय देश में ही नहीं दुनिया में सबसे अधिक होगी।

# ओवैसी को लेकर दिए विवादित बयान के विरोध में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सांसद असदुद्दीन ओवैसी को लेकर दिए गए विवादित बयान के विरोध में एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजकर महाराष्ट्र के विधायक नितेश राणे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में नाराजगी देखी जा रही है। बुधवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि विधायक द्वारा सांसद ओवैसी की तुलना अंत. रराष्ट्रीय आतंकी ओसामा बिन लादेन से करना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ और समाज में वैमनस्य फैलाने वाला बयान है। ज्ञापन में कहा गया कि जनप्रति. निधियों से संयमित और जिम्मेदार भाषा की अपेक्षा की जाती है, लेकिन इस तरह की टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर सकती हैं। पार्टी पदाधिका. रियों ने आरोप लगाया कि राजनी. तिक मतभेद के बावजूद किसी निर्वाचित प्रतिनिधि के लिए अपमानजनक भाषा का प्रयोग उचित नहीं है। मौलाना इमरान कासमी ने कहा कि संविधान सभी नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को सम्मानपूर्वक अपनी बात रखने का अधिकार देता है। उन्होंने राष्ट्रपति से मामले की जांच कर संबंधित विधायक के खिलाफ उचित कार्रवाई कराने की मांग की। पार्टी कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो आगे व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स शहर में आने से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को मिलेगा सीधा लाभ: अजीमुलहक

**देवबन्द।** मां शाकुम्भरी यूनिवर्सिटी ने नगर के इस्लामिया डिग्री कालेज को एमए-पीजी, इंगलिश, उर्दू, पॉलिटिकल साइंस के अलावा बीए में नए कोर्स हिस्ट्री और एजुकेशन की मान्यता प्रदान की है। इस्लामिया डिग्री कालेज के चेयरमैन डॉ. अजीमुलहक ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि इससे नगर के छात्र-छात्राओं को फायदा होगा और उन्हें इन विषयों को करने के लिए दूरदराज के इलाकों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स शहर में आने से ग्रामीण और आर्थिक रुप से कमजोर छात्रों को इसका सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। आर्ट्स के प्रमुख विषयों की पढ़ाई से छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में भी मद्द मिलेगी। डॉ. अजीमुलहक ने बताया कि प्रवेश की प्रक्रिया मई माह में ही शुरु होगी। डिग्री कॉलेज को कोर्स की मान्यता मिलने से क्षेत्र के लोगों ने खुशी का माहौल है।

# प्रेम प्रसंग में युवक की मौत का आरोप

## पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव चौरावाला निवासी युवक की मौत के तीन माह बाद न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पांच व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी किरणवती ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पुत्र पंकज उर्फ अंकज का गांव की ही युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब साढ़े तीन माह पहले गांव के गणमान्य लोगों द्वारा दोनों पक्षों में फैसला कराया गया था। आरोप है कि उसी दौरान आरोपियों ने पंकज को जान से मारने की धमकी दी थी और कहा था कि यदि वह युवती की शादी से पहले गांव में दिखाई दिया तो उसे मारकर लाश तक गायब कर देंगे।

युवती की शादी बीते 22 फरवरी को तय थी कि 14 फरवरी को युवती ने फोन कर पंकज को अपने घर बुलाया, जिसकी घटना गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद बताई गई है।

इसके बाद गांव निवासी युवक पंकज को घर से बुलाकर ले गया। इसके बाद नामजद लोगों ने पंकज को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया। किरणवती ने बताया कि उनके छोटे बेटों सोनू और आकाश को पंकज ने प्रताड़ना की पूरी बात बताई थी। बीते 1 4 फरवरी को पंकज की आत्महत्या के बाद शव का पोस्टमार्टम हुआ। थाने में शिकायत दर्ज न होने पर महिला ने अनेक अधिकारियों को भी शिकायत भेजी।

जिसके बाद न्यायालय द्वारा आरोपी बाबू कश्यप,मांगा, धर्मवीर, जॉनी, प्राची, अभिषेक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# रिटायर्ड कंसल्टेंट से एक करोड़ से अधिक की ठगी

## ठगों ने पहले स्वयं दस हजार रुपये निवेश किए, पांच करोड़ का दिखाया फर्जी लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गौतमबुद्ध नगर के नोएडा निवासी दिनेश चन्द्र शर्मा पुत्र मदन मोहन शर्मा जो हाल में नई मंडी क्षेत्र स्थित ओम पैराडाइज कॉलौनी में किराये के मकान पर रहते है उन्होने साइबर क्राइम थाने में तहरीर देते हुए बताया था कि वह दिशा पेपर मिल में कंसल्टेंट डायरेक्टर के पद पर कार्य कर चुके है। उन्होने बताया कि एक अप्रैल 2026 को फेसबुक पर उन्हे 'करने सोलो. रियो' नाम की प्रोफाइल से फ्रेंड रिक्वेस्ट प्राप्त हुई। इस दौरान दोनो के बीच बात हुई। बात करने वाली महिला ने अपना नाम गीतिका कपूर बताया। कुछ समय में ही व्हाटस्एप्प के चलते महिला ने सम्पर्क बना लिया और खुद को ऑनलाइन विशेषज्ञ बताते हुए निवेश से भारी कमाई होना बताया। बात यहीं नहीं रूकी धीरे-धीरे महिला ने विश्वास में लिया और एक ऑनलाइन ट्रेडिंग वेबसाइट पर एकाउंट खुलवाया। और व्हाट्सएप ग्रुप से जोड दिया। इसमें अन्य सदस्य मुनाफे के स्क्रीन शॉर्ट और बैंक एंट्री साझा करते रहे इनसे पूरा नेटवर्क वास्तविक निवेश प्लेटफार्म जैसा लगने लगा। शुरू में आरोपियों ने खुद ही दिनेश शर्मा की ओर से दस हजार रूपये निवेश दिखाकर पीड़ित को पांच हजार का लाभ दर्शाया। इसके बाद 9 अप्रैल छह लाख रूपये इन्सेंटिव बैंक खाते में ट्रांसफर कराए। इस निवेश से माध्यम से पीडित को वेबसाइट पर करीब तीस लाख रूपये का फर्जी लाभ दिखाया। जब पीड़ित ने निकालने का प्रयास किया तो आरोपियों ने चार राउंड निवेश प्रक्रिया पूरी करने की शर्त रखी इसके बाद दबाव आए पीडित ने दस अप्रैल को 12.80 लाख, पन्द्रह अप्रैल को 33.22 लाख, बीस अप्रैल को 34 लाख, पन्द्रह अप्रैल को 15 लाख अलग-अलग खाते में जमा कराए। कुल मिलाकर महिला ने दोस्त बनाकर साइबर ठगी करते हुए एक करोड़ एक लाख दो हजार रूपये की रकम अपने खाते में जमा करा ली। हर बार करोडों का लाभ दिखाया गया। और उसको उकसाया जाने लगा। इसके बाद भी करोडों जमा कराने का दबाव बनाया गया आरा. 'प है कि महिला और उसके दो साथियों ने कॉल और मैसेज कर दबाव बनाया। पीड़ित ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जहां पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

# गृहक्लेह से त्रस्त युवक ने जहर खाकर दे दी जान

**पिता ने पत्नी सहित चार के खिलाफ कराया मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिस पत्नी के साथ सात फेरे लिए उसी के कारण मौत को गले लगा लिया। शादी के कुछ दिन बाद तक जिन्दगी हंसी खुशी कटी,लेकिन कुछ दिन बाद युवक की जिन्दगी नरक से बत्तर बनने लगी। पत्नी की शिकायत के बाद मामला थाने तक पहुंचा और युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने पिता की तहरीर पर पत्नी, सास सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रामपुरी के निवासी राजू ने पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसके बेटे आकाश का विवाह करीब एक वर्ष पूर्व हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद उसकी पुत्रवधु और परिवार के लोग उनके बेटे को फोन पर गाली और जेल भेजने की धमकी देते थे। जब पूरे परिवार को जेल भेजने की धमकी दी गई तो और बात-बात पर बेइज्जती की तो इसी से त्रस्त होकर उसके बेटे ने बीती रात जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पीड़ित पिता का कहना है कि बीती रात भी घटना से पहले पत्नी को काफी समझाया था।

# गर्मी से बिलबिलाए बेजुबान जीवों के लिए अभियान शुरू करेगा अर्जुन फाउंडेशन

## जीव-जन्तुओं के लिए पानी की व्यवस्था कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खुले आसमान में भीषण गर्मी से बिल. बला रहे निराश्रित पशु-पक्षियों के लिए अर्जुन फाउंडेशन ने राहत अभियान शुरू किया है इसके लिए जिलाधिकारी से मिलकर नगर के विभिन्न स्थानों पर पेयजल व्यवस्था कराने के लिए प्रशासनिक सहयोग मांगा गया है। बुधवार को संस्था के पदाधिका. रियों ने डीएम उमेश मिश्रा से मिलकर बताया गर्मी बढ़ने के साथ ही गोवंश, कुत्ते, बिल्ली, बंदर और पक्षियों को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर जल संकट के कारण बेजुबान जीवों की हालत खराब हो रही है। इसे देखते हुएफाउंडेशन के सदस्य शहर और आसपास के क्षेत्रों में पानी के बर्तन एवं टंकियां रखकर नियमित रूप से उन्हें भरने का अभियान चलाने की कवायद शुरू की गई है अर्जुन फाउंडेशन ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस सामाजिक एवं जीव-कल्याणकारी अभियान के लिए स्वयंसेवकों को अधि त पहचान पत्र और अनुमति पत्र जारी किए जाएं, ताकि सेवा कार्य के दौरान किसी प्रकार की बाधा न आए और आमजन भी सहयोग कर सकें। संस्था ने बिवास जताया कि प्रशासन के सहयोग से यह अभियान सफल होगा और गर्मी के मौसम में बड़ी संख्या में निराश्रित पशु-पक्षियों को राहत मिल सकेगी।

# मुठभेड़ में लूट के दो आरोपी, एक बाल अपचारी दबोचा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** छपार पुलिस ने तमंचे के बल पर लूट के दो आरोप और एक बाल अपचारी को मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया।

पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी सिटी अमृत जैन ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि बारह मई को विकास कुमार पुत्र रामप्रकाश यादव निवासी अगरौला दौलतनगर थाना रोनिका सिटी गाजियाबाद व छपार थाने को एक तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि ए-चेट ऐप के माध्यम से मैने मोटरसाईकिल बेचने की बात कही थी। बाइक खरीदन के इच्छुक ने अर्बन होटल हाइवे छपार बुलाया और आठ मई को अपनी बाइक लेकर पहुंचा तो यहां पर तीन लोग बुलेट मोटर साईकिल पर आए और अपने साथ ऑफिस चलने की बात कही। आगे चलकर छपार क्षेत्र के गांव रेई मार्ग पर तमंचे के बल पर मारपीट करते हुए उसकी बाइक और मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने इस संबंध में घटना से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। उन्होने बताया कि बढ़ेडी राजबाहे मार्ग पर चैकिंग के दोरान बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड हो गई। पुलिस तो बच निकली, लेकिन इस फायरिंग में जुहैब पुत्र जुबैर निवासी सफरपुर थाना गंगनहर रूडकी हरिद्वार गोली लगने से घायल हो गया और उसके साथी को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान एक बाल अपच. ारी को भी हिरासत में लिया गया इस दौरान पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक (बुलेट) तमंचे, कारतूस बरामद किए पुलिस ने दो मोबाइल बरामद किए।

# असद बने टॉपर

**मीरापुर।** जानसठ तहसील में ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के छात्र मौहम्मद असद ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तहसील टॉपर बनकर सफलता का परचम लहरा दिया।

रिजल्ट में मौहम्मद असद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अवंतिका ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और विधान अग्रवाल ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विषयवार 100 में से 100 अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में मौहम्मद असद, विधान अग्रवाल, भूमिका अरोरा, शिवांगी, अनंत चौधरी, वैष्णवी गुप्ता, तनु चौधरी और स्वर्णिका शर्मा शामिल रहे।

# द. एसडी पब्लिक स्कूल कक्षा 12 का रहा शानदार परीक्षा परिणाम

## 'सफलता उन्हीं के कदम चूमती है, जो कठिनाइयों में भी मुस्कुराकर आगे बढ़ते हैं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में द. एस. डी. पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय ने सफलता का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से विद्यालय परिसर में उत्साह एवं प्रसन्नता का वातावरण व्याप्त रहा।

विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान- अंश मित्तल (96.6 प्रतिशत), द्वितीय स्थान- नैतिक (95 प्रतिशत) तथा तृतीय स्थान - वाचिका जैन (94 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी लगन, परिश्रम एवं दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता की नई ऊँचाइयों को स्पर्श किया। विद्यालय के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय रहा कि अनेक विद्यार्थियों ने विषयों - चित्रकला - अक्षांश मित्तल (100), कनक चौधरी (100), तमन्ना अहमद (100), हिमांशी (100), अक्षिता राठी (100),अंग्रेज़ी- अंश मित्तल (100), भव्य राजवंशी (100), अकाउंट्स- नैतिक वर्मा (100), इतिहास- देवार्जुन (99),रसायन विज्ञान- अंश मित्तल (99), गणित- अंश मित्तल (98), शारीरिक शिक्षा- भव्य राजवंशी (98), हिंदी- अक्षित त्यागी (98), कंप्यूटर विज्ञान- नक्षत्र राज चेंगरवाल (97), अर्थशास्त्र- प्रतिष्ठा चौधरी (97), राजनीति विज्ञान- पूर्वा (97), बिजनेस स्टडीज- अंशिका पाल (96), अवनि कौशिक (96), ई0पी0एस0- अक्षांश गर्ग (96), एप्लाइड मैथ - प्रशुक जैन (94), भौतिक विज्ञान- अंश मित्तल (93), जीव विज्ञान- सुहाना (87), सत्यम (87), अंक अर्जित कर विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को सि) किया।



इस शुभ अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या नीलम माहना महोदया ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं आत्मबिश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समस्त शिक्षकों को इस शानदार उपलब्धि हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान कीं। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हुए उनके सतत् सफलता पथ पर अग्रसर रहने की कामना की।

# आलिमा कोर्स में प्रथम स्थान पाने पर नमरा सम्मानित

**दस्तारबंदी कर ट्रॉफी देकर किया गया सम्मान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मुजफ्फरनगर।** महादुल बनात अल इस्लामी स्कूल में आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान छात्रा नमरा रानी को हाई स्कूल परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने तथा आलिमा कोर्स में प्रथम स्थान हासिल करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों की उपस्थिति में नमरा रानी की दस्तारबंदी की गई और उन्हें ट्रॉफी भेंट कर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। वद्राओं ने कहा कि नमरा रानी की मेहनत, लगन और अनुशासन अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

विद्यालय प्रशासन ने छात्राओं से शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इसी प्रकार मेहनत और समर्पण से सफलता प्राप्त की जा सकती है। समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने नमरा तानी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हाईवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार चचेरे भाई घायल

**दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी सहित फरार, पुलिस ने की जांच शुरू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मेरठ वाया करनाल हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दो चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा फुगाना थाना क्षेत्र में दिल्ली वाया देहरादून फ्लाई ओवर के पास हुआ। टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जनपद मेरठ के इलाके पल्लवपुरम निवासी 26 वर्षीय रमेश अपने 22 वर्षीय चचेरे भाई आशीष के साथ बाइक से शामली जा रहे थे। जैसे ही वे मेरठ वाया करनाल हाईवे पर दिल्ली वाया देहरादून फ्लाईओवर के पास फुगाना थाना क्षेत्र के गांव करोदा महाजन पहुंचे तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सड़क पर कई मीटर तक घिसटती चली गई और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे की सूचना मिलते ही फुगाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सीएचसी बुढ़ाना में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर दोनों युवकों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। डॉक्टरों के अनुसार रमेश के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं जबकि आशीष के हाथ पैर में फ्रैक्चर की आशंका है।

दोनों का इलाज जारी है। फुगाना थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने बताया कि हादसे के बाद कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। अभी तक घटना को लेकर कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर आते ही रिपोर्ट दर्ज होगी।

## भाकियू (तोमर) की चेतावनी के बाद आरोपी गिरफ्तार, पंचायत स्थगित

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के सक्रिय कार्यकर्ता वसी की हत्या के मामले में पुलिस द्वारा की गई प्रभावी कार्रवाई और मांगों पर बनी सहमति के बाद चौधरी संजीव तोमर ने 13 मई को होने वाली महापंचायत को स्थगित करने का निर्णय लिया है क्या था पूरा मामला बीती 25 अप्रैल को जनपद मेरठ के थाना दौराला अंतर्गत ग्राम लोईयां में संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता वसी की दबंगों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

इस घटना के बाद से ही पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



मुजफ्फरनगर: एसडी पब्लिक स्कूल में खिल उठे मेधावी बच्चों के चेहरे।



मुजफ्फरनगर: शारदेन स्कूल में खुशी जताते इण्टर परीक्षा के मेधावी बच्चे।

# सीबीएसई: 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले

## अलग अलग स्कूलों में शानदार जश्न मनाया, विद्यार्थियों की मेहनत अभिभावकों के सहयोग की झलक दिखी साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। अलग अलग स्कूलों में शानदार परीक्षा परिणाम पर हर्ष, उल्लास और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान बनाया। बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की उपलब्धि ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग की झलक साफ दिखाई दी। बुधवार को परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल छा गया और स्कूलों में जश्न मनाया गया। बच्चों ने अपनी खुशियां एक दूसरे के साथ बांटते हुए बताया कि विद्यालय में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम काफी उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय में उनका स्वागत किया गया।

**भोपा।** सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल का इंटर मीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा तथा अधिकांश विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की।

विद्यालय की छात्रा निहारिका ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं नंदिनी ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। तन्मय ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि मानसी ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में चौथा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा।

इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी सफल विद्यार्थियों को विद्यालय में आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया। विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर एवं तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनकी सफलता का जश्न मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने का प्रयास करता रहेगा।

**मुजफ्फरनगर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आज घोषित कक्षा 12 के परीक्षा परिणामों में माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट परिणाम दर्ज किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त कर अपने अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण बन गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शिक्षकों एवं अभिभावकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दीं। मेधावी विद्यार्थियों ने अपने कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास के बल पर यह सफलता अर्जित की। वाणिज्य वर्ग में रिद्धिमा मदान ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अवनी गुप्ता ने 90.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि आस्था त्यागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विज्ञान वर्ग में ओजस्वी सिंघल ने 95.4प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्यन राज वशिष्ठ 85 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे तथा श्रद्धा ने 84प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की निर्देशिका मती चारू भारद्वाज एवं प्रधानाचार्य डॉ. के. जी. अरोड़ा ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।

**खतौली।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025-26 में मेपल्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। विद्यालय के टॉप तीन विद्यार्थियों में मोहित सहरावत ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं आरव जैन ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा तथा अंशिका राणा ने 88.4 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर अभिभावकों एवं शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का ही यह परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन से जुड़े विपिन सिंघल एवं मती सोनम सिंघल ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण, अनुशासन एवं कठिन परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

**खतौली।** खतौली क्षेत्र की होनहार छात्रा सुहानी आर्य ने हाईस्कूल परीक्षा में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। लाल दयाल पब्लिक स्कूल की छात्रा सुहानी ने विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करते हुए अपने परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

सुहानी आर्य, राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता एवं तहसील बार एसोसिएशन खतौली के पूर्व अध्यक्ष जगदीश आर्य की पौत्री हैं। उनके पिता सचिन आर्य जवाहरलाल नेहरू स्मृति इंटर कॉलेज रवापुरी सठेड़ी के प्रबंधक एवं तहसील बार एसोसिएशन खतौली के पूर्व महासचिव हैं। छात्रा की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है।

परीक्षा परिणाम घोषित होते ही परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने सुहानी को बधाई देने के लिए घर पहुंचना शुरू कर दिया। मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। वहीं विद्यालय में भी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सुहानी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि सुहानी शुरू से ही अनुशासित और मेहनती छात्रा रही हैं। उन्होंने नियमित अध्ययन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। शिक्षकों के अनुसार वह हर विषय में बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करती थीं और पढ़ाई के प्रति हमेशा गंभीर रहती थीं।

सुहानी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और समय का सही उपयोग किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। भविष्य में वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज और देश के लिए सकारात्मक कार्य करना चाहती हैं। सुहानी की इस उपलब्धि पर शिक्षा जगत, अधिवक्ता समाज तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। लोगों ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से नई पहचान बना रही हैं और सुहानी की सफलता इसका प्रेरणादायक उदाहरण है।

**मुजफ्फरनगर।** जी .डी . गोयनका पब्लिक स्कूल का कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत प्रशंसनीय रहा। विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त हो गया।

वाणिज्य संकाय के छात्र आदित कुच्छल ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इसी संकाय की छात्रा नव्या जैन ने 88.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। विज्ञान संकाय में शुभव ने 87.8 प्रतिशत तथा अथर्व पालिवाल ने 83.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया।

मानविकी संकाय में वंशिका गर्ग ने 80.6 प्रतिशत एवं कनिष्का राणा ने 73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. स्वाती शर्मा ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के सतत परिश्रम, अनुशासन तथा शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। उपप्रधानाचार्या अंजली आनंद ने विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रदान कीं।

**मोरना।** मोरना में मुज़फ्फरनगर मार्ग पर स्थित जेपीएस पब्लिक स्कूल की छात्रा अर्शवफ़ा ने विज्ञान वर्ग में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में मेधावी छात्रा अर्शवफ़ा ने विज्ञान वर्ग में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

विद्यालय डायरेक्टर कृष्णकांत शर्मा ने अर्शवफ़ा की सफलता को उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। प्रबन्धक मोहिनी शर्मा ने छात्रा को शुभकामनाएं देकर अन्य बच्चों को अर्शवफ़ा से प्रेरणा लेने को कहा प्रधानाचार्य कपिल शर्मा एवं शिक्षकों ने छात्रा को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आर्य एकेडमी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल का प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट एवं शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

विद्यालय की छात्रा केहकशां ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं निलेश मिश्रा ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा सुहानी सिंह ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।



विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्या जी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग की भी सराहना की, जिनके मार्गदर्शन एवं परिश्रम से विद्यार्थियों ने यह सफलता प्राप्त की। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## द स्काईलैंड स्कूल का परिणाम रहा शानदार

**शाहपुर।** सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम में शाहपुर क्षेत्र की प्रसिद्ध प्रमुख शिक्षण संस्था द स्काईलैंड स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में अंतरिक्ष शर्मा पुत्र रमाकांत शर्मा ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया।

वहीं टिया चौधरी पुत्री प्रवेश कुमार ने 90.2 प्रतिशत, अभिलाषा पुत्री संजीव कुमार ने 90 प्रतिशत, अवनी गर्ग पुत्री नीरज गर्ग ने 88 प्रतिशत, आकर्षित बालियान पुत्र पवन कुमार ने 85.4 प्रतिशत, धैर्य सिंघल पुत्र सचिन कुमार सिंघल ने 84.8 प्रतिशत, प्रथम बंसल पुत्र पंकज बंसल ने 84.2 प्रतिशत, नेविका बलियान पुत्री राजीव कुमार ने 83.8 प्रतिशत, तनिष कुमार पुत्र धर्मेंद्र कुमार ने 83 प्रतिशत, अविरल जैन पुत्र अमित जैन ने 82.4 प्रतिशत, अंश कुमार पुत्र रोहिताश कुमार ने 82 प्रतिशत, लकी पुत्र मदन गोयल ने 81.4 प्रतिशत तथा शुभ सिंघल पुत्र विनय कुमार सिंघल ने 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के समस्त अध्यापकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा पुराना नाम MAQSOOD ANSARI S/O NANAVA था जिसे मैने बदलकर MAKSOOD S/O NANAVA रख लिया है, भविष्य मे मुझे MAKSOOD S/O NANAVA के नाम से जाना और पहचाना जाए।

**MAKSOOD S/O NANAVA HOUSE NO-373, MAHMOODNAGAR Muzaffarnagar, 251001**

**सूचना**

मेरा बड़ा लडका रोहन कप्परवाल व उसकी पत्नी वंशिका धनगर मेरे व पति के कहने सुनने में नहीं है। और गलत संगत में पड़ गए है जिस कारण हम रोहन व वंशिका को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए उनसे अपने समस्त संबंध विच्छेद करते है। आज के बाद वंशिका व रोहन से हमारा कोई मतलब वास्ता नहीं है और वह दोनो अपने किये के स्वयं जिम्मेदार है मेरी या मेरे अन्यपरिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**रेखा कप्परवाल पत्नी श्री प्रमोद कुमार निवासी-52, लाल बाग, गांधी कॉलौनी, हाल निवासी गली नम्बर 12 मदन कॉलौनी निकट गीता आश्रम स्कूल, गांधी कॉलौनी मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मैं, जिले सिंह पुत्र श्री होशियार सिंह, निवासी ग्राम-गंगधाड़ी, खतौली (मुजफ्फरनगर), घोषणा करता हूँ कि मेरा पुत्र विकास कुमार उर्फ विक्की, उसकी दूसरी पत्नी लक्ष्मी व उसके दो पुत्र लक्की व अक्की मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। इनके दुर्व्यवहार व गलत आदतों के कारण मैं इन्हें अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य या लेन-देन के लिए मैं व मेरी संपत्ति जिम्मेदार नहीं होगी।

**जिले सिंह पुत्र झंडू निवासी ग्राम-गंगधाड़ी (खतौली, मुजफ्फरनगर)**

**आवश्यकता है**

सिद्धार्थ स्नातकोत्तर महाविद्यालय आख़लौर खेड़ी सहारनपुर में प्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापकों (वनस्पति विज्ञान एवं कॉमर्स विषयों) की। इच्छुक अभ्यर्थी सम्पर्क। **करें 9411670619**

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या-8275/21.06.2025 में गलती से पुत्री का नाम नूहा दर्ज हो गया है जबकि वास्तविक नाम नूहा सिद्दीकी (NUHA SIDDIQUI) है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक**
**दानिश सिद्दीकी**
**130 अंसारी रोड, सरवट गेट उत्तरी मुजफ्फरनगर**
**मो.न-9528505535**

**कार्यालय ग्राम पंचायत तेवड़ा विकास खण्ड मोरना, मुजफ्फरनगर**

पत्राक:- मीमो/विसू/2026-27 दिनांक : 13.05.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तेवड़ा विकास खण्ड मोरना द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचम राज्यवित्त, 15 वी वित्त, ओडीएफ एक प्लस मनरेगा एवं अन्य वित्त योजनान्तर्गत होने वाले निर्माण / मरम्मत कार्यो में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे ईट सीमेन्ट बालू रेत, कोरसेन्ड इण्टरलॉक टाईल्स, विट्रीफाइड टाईल्स, सरिया, रोडी, चैनल, सोलर लाईट, सामग्री, स्ट्रीट लाईट सामग्री, हैण्डपम्प, रिपेयर/रिबोर सामग्री, हाईमास्ट, साईन बोर्ड, सीसीटीवी ई-रिक्शा/रेडा ओपेन जिम सामग्री, आर ओ वॉटर कूलर, स्कूल/आफिस, आंगनबाडी केन्द्र फर्नीचर, डस्टबिन, लाईब्रेरी सामग्री, पेन्टिंग कार्य सेनेटाइज/फागिंग व अन्य सामग्री आदि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु अधिकृत ठेकेदार/फर्म से दिनांक 20.05.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जोकि 20.05.2026 को 3:00 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदादाता का आयकर विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है। सम्बंधित कार्यो के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा से सम्बंधित अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत तेवडा, वि.ख.-मोरना, मु.नगर।**
**ग्राम सचिव, ग्राम पंचायत तेवडा, वि.ख. मोरना, मु.नगर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत जोली विकास खण्ड मोरना, मुजफ्फरनगर**

पत्राक:- मीमो/विसू/2026-27 दिनांक : 13.05.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जोली विकास खण्ड मोरना द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचम राज्यवित्त, 15 वी वित्त, ओडीएफ एक प्लस मनरेगा एवं अन्य वित्त योजनान्तर्गत होने वाले निर्माण / मरम्मत कार्यो में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे ईट सीमेन्ट बालू रेत, कोरसेन्ड इण्टरलॉक टाईल्स, विट्रीफाइड टाईल्स, सरिया, रोडी, चैनल, सोलर लाईट, सामग्री, स्ट्रीट लाईट सामग्री, हैण्डपम्प, रिपेयर/रिबोर सामग्री, हाईमास्ट, साईन बोर्ड, सीसीटीवी ई-रिक्शा/रेडा ओपेन जिम सामग्री, आर ओ वॉटर कूलर, स्कूल/आफिस, आंगनबाडी केन्द्र फर्नीचर, डस्टबिन, लाईब्रेरी सामग्री, पेन्टिंग कार्य सेनेटाइज/फागिंग व अन्य सामग्री आदि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु अधिकृत ठेकेदार/फर्म से दिनांक 21.05.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जोकि 21.05.2026 को 3:00 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदादाता का आयकर विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है। सम्बंधित कार्यो के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा से सम्बंधित अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत जोली, वि.ख.-मोरना, मु.नगर।**
**ग्राम सचिव, ग्राम पंचायत जोली, वि.ख. मोरना, मु.नगर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत पुठ्ठी इब्राहिमपुर विकास खण्ड जानसठ, मुजफ्फरनगर**

पत्राक:- मीमो/विसू/2026-27 दिनांक : 13.05.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पुठ्ठी इब्राहिमपुर विकास खण्ड जानसठ द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचम राज्यवित्त, 15 वी वित्त, ओडीएफ एक प्लस मनरेगा एवं अन्य वित्त योजनान्तर्गत होने वाले निर्माण / मरम्मत कार्यो में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे ईट सीमेन्ट बालू रेत, कोरसेन्ड इण्टरलॉक टाईल्स, विट्रीफाइड टाईल्स, सरिया, रोडी, चैनल, सोलर लाईट, सामग्री, स्ट्रीट लाईट सामग्री, हैण्डपम्प, रिपेयर/रिबोर सामग्री, हाईमास्ट, साईन बोर्ड, सीसीटीवी ई-रिक्शा/रेडा ओपेन जिम सामग्री, आर ओ वॉटर कूलर, स्कूल/आफिस, आंगनबाडी केन्द्र फर्नीचर, डस्टबिन, लाईब्रेरी सामग्री, पेन्टिंग कार्य सेनेटाइज/फागिंग व अन्य सामग्री आदि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु अधिकृत ठेकेदार/फर्म से दिनांक 22.05.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जोकि 22.05.2026 को 3:00 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदादाता का आयकर विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है। सम्बंधित कार्यो के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा से सम्बंधित अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत पुठ्ठी इब्राहिमपुर, वि.ख.-जानसठ, मु.नगर।**
**ग्राम सचिव, ग्राम पंचायत पुठ्ठी इब्राहिमपुर, वि.ख.-जानसठ, मु.नगर।**

**चुनाव कार्यक्रम**

प्रिय निर्वाचक गण, कृपया सूचित हो कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर डिग्री कॉलेज, कितास, मुजफ्फरनगर की प्रबन्ध समिति हेतु पंचवर्षीय चुनाव राजमाता अहिल्याबाई होलकर डिग्री कॉलेज, कितास, मुजफ्फरनगर के भवन में निम्न कार्यक्रमानुसार सम्पन्न कराया जायेगा। कृपया अपना सहयोग देने का कष्ट करें।

| क्र.सं. | कार्यक्रम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | चुनाव अधिकारी द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन चुनाव स्थल पर | 31.05.2026 | प्रात: 9 बजे |
| 2. | मतदाता सूची पर आपत्तियाँ (यदि कोई हो) | 31.05.2026 | प्रात: 9 बजे |
| 3. | मतदाता सूची पर आपत्तियों का निस्तारण एवं सूची में परिवर्तन अथवा संशोधन का प्रकाशन | 31.05.2026 | प्रात: 10 बजे |
| 4. | नामांकन पत्रों का भरा जाना | 31.05.2026 | प्रात: 11 बजे से 1 बजे तक |
| 5. | नामांकन पत्रों की जाँच व वैध पाये गये नामांकन पत्रों की अंतिम सूची का प्रकाशन | 31.05.2026 | अपराहन 2 बजे तक |
| 6. | नाम वापिस लेने व चुनाव हेतु शेष रह गये व्यक्तियों की सूची का प्रकाशन | 31.05.2026 | अपराहन 02:30 बजे से 03 बजे तक |
| 7. | मतदान (यदि आवश्यक हुआ) | 07.06.2026 | प्रात: 10 बजे से अपराहन 12 बजे |
| 8. | निर्वाचित व्यक्तियों की घोषणा (मतदान न होने की स्थिति में) | 31.05.2026 | सांय 3 बजे |
| 9. | मतगणना व तत्पश्चात निर्वाचित व्यक्तियों की घोषणा (मतदान होने की स्थिति में) | 07.06.2026 | मतदान के तुरंत बाद |

नोट:
1. मतदान - गुप्त प्रणाली से।
2. चुनाव स्थल - राजमाता अहिल्याबाई होलकर डिग्री कॉलेज, कितास, मुजफ्फरनगर
3. चुनाव अधिकारी श्री आशीष कुमार द्विवेदी
4. मतदाता सूची - चुनाव अधिकारी के पास मतदान स्थल पर प्रकाशन होने के उपरान्त देखी जा सकेगी।
5. कृपया अपना आधार कार्ड की मूल कॉपी तथा एक फोटो स्टेट साथ लायें।
6. प्रत्येक मतदाता एक पद हेतु अपनी पसंद से एक मत दे सकता है।
7. चुनाव निम्न पदों के लिए किया जायेगा -
अध्यक्ष: एक पद, उपाध्यक्ष: एक पद, सचिव: एक पद, उपसचिव: एक पद, कोषाध्यक्ष: एक पद, सदस्य: 2 पद, कुल: 07 पद।

**आशीष कुमार द्विवेदी**
**मो. 8423009696**

# अवैध क्लीनिकों व लैबों पर छापेमारी

**शाह टाइम्स सवांददाता, खतौली।** जनपद में अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को व्यापक अभियान चलाते हुए कई फर्जी और अपंजीकृत क्लीनिक, डेंटल सेंटर तथा पैथोलॉजी लैबों पर कार्रवाई की।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के निर्देश पर शुरू किए गए इस विशेष जांच अभियान से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कार्रवाई का नेतृत्व ब्लॉक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनीश कुमार सिंह ने किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने खतौली क्षेत्र के विभिन्न निजी स्वास्थ्य संस्थानों में पहुंचकर उनके पंजीकरण, लाइसेंस, चिकित्सकीय योग्यता और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की। जांच के दौरान कई संचालक आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके, जबकि कुछ संस्थानों के पास वैध पंजीकरण तक नहीं मिला।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कई लैब और क्लीनिकों को नोटिस जारी किए तथा कुछ संस्थानों को मौके पर ही सील कर दिया। विभागीय कार्रवाई के दौरान कई संचालकों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए और पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। अधिकारियों ने कहा कि बिना अनुमति और मानकों के स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करना लोगों के जीवन के साथ गंभीर खिलवाड़ है। ऐसे संस्थानों में गलत उपचार या जांच से मरीजों की जान को खतरा हो सकता है। विभाग को लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर यह विशेष अभियान चलाया गया।

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों, नर्सिंग होम और लैबों के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। नियमों की अनदेखी करने वाले संचालकों पर सीलिंग के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी अस्पताल, क्लीनिक या लैब में उपचार कराने से पहले उसका पंजीकरण और चिकित्सक की योग्यता अवश्य जांच लें, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

# भाकियू ने संगठन विस्तार को युवा जोड़ो अभियान पर बनाई रणनीति

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक गांव मे हुई। अध्यक्षता भाकियू जिला अध्यक्ष चौधरी नवीन राठी व संचालन ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर सहरावत ने किया। बैठक में जिले भर से आए वरिष्ठ किसान नेता, प्रबुद्ध वर्ग और बड़ी संख्या में युवा किसानों ने हिस्सा लिया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, प्रचार प्रसार में तेजी लाने और युवा इकाई के गठन अभियान को गति देने पर विस्तार से मंथन हुआ। जिला अध्यक्ष नवीन राठी ने कहा आने वाला समय किसानों के लिए चुनौतियों भरा है। ऐसे में संगठन का मजबूत होना बेहद जरूरी है। हमें हर गांव, हर घर तक पहुंचकर किसानों और युवाओं को भाकियू से जोड़ना होगा। निर्णय लिया गया कि गांव गांव जाकर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा ताकि भाकियू की उपस्थिति हर स्तर पर दर्ज हो। युवा साथियों को सोशल मीडिया व जमीनी स्तर पर सक्रिय होकर संगठन का प्रचार करने की विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई। भाकियू जिला महासचिव अनुज बालियान ने कहा कि युवा ही संगठन की असली ताकत हैं और उनके दम पर ही आंदोलन को धार मिलेगी। बैठक में 15 मई को महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि को श्रद्धा व संकल्प दिवस के रुप में मनाने की तैयारियों पर चर्चा हुई। तय हुआ कि यह दिन किसानों के लिए प्रेरणा का प्रतीक है और इसे पूरे जिले में व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। गांव गांव में कार्यक्रम कर बाबा टिकैत के विचारों को जन जन तक पहुंचाया जाएगा। जून माह में हरिद्वार में प्रस्तावित किसान आरक्षण महाकुंभ को लेकर भी विस्तृत रणनीति बनाई गई। यहां तय हुआ महाकुंभ में जिले से ज्यादा से ज्यादा किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए ब्लॉक व गांव स्तर पर टीमें बनाकर प्रचार किया जाएगा। तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार ने बताया कि भाकियू लगातार सक्रिय है। जिले के सभी ब्लॉकों में क्रमवार बैठकें कर किसानों को एकजुट किया जा रहा है। जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी ने कहा संगठन का मकसद केवल आंदोलन नही बल्कि किसान की हर समस्या का समाधान कराना है। यहां बुढ़ाना ब्लॉक के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान व युव बड़ी संख्या में मौजूद थे। सबने एक स्वर में संगठन मजबूत करने का संकल्प लिया।

# मैपल्स एकेडमी बुढ़ाना के छात्र-छात्रओं ने रचा कीर्तिमान

**बुढ़ाना।** मैपल्स एकेडमी बुढ़ाना के मेधावी छात्र छात्राओं ने एक बार फिर से आए परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। एकेडमी की होनहार छात्रा लविश चौधरी ने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया वहीं छात्रा अरीबा मेहर ने 96 प्रतिशत, छात्र वंश जैन ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। 98.4 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा लविश ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों व शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि उसने अपनी मेहनत व पढ़ाई के सख्त शेडड्ूल से कोई समझौता नहीं किया। रिजल्ट आते ही मैपल्स एकेडमी में जश्न का माहौल बन गया। एकेडमी प्रबंधन ने तीनों टॉपर्स को मिठाई खिलाई। विद्यालय के छात्रो ने वाणिज्य और मानविकी विषयों में शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त किए।

प्रधानाचार्या डाक्टर गरिमा वर्मा व उपप्रधानाचार्य क्षितिज वास्तव ने कहा कि ये बच्चे हमारे स्कूल ही नहीं पूरे बुढ़ाना क्षेत्र का गौरव हैं। इनकी मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का सहयोग रंग लाया है। शानदार रिजल्ट से छात्रों के साथ अभिभावकों के चेहरे भी खिल उठे।

लविश, अरीबा और वंश के परिवार में भी जश्न का माहौल है। स्कूल के प्रबंधक डाक्टर राजीव गर्ग ने भी सभी सफल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस गौरवपूर्ण क्षण में सब शिक्षक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नोडल अधिकारी ने की गौशाला की सराहना

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना द्वारा बड़कता रोड पर संचालित गौशाला यूपी की दूसरी गौशालाओं के लिए नजीर बन गई। लखनऊ से आए नोडल अधिकारी ने गौशाला का निरीक्षण किया तो यहां की व्यवस्थाएं देख वे गदगद हुए। उन्होंने कहा बुढ़ाना की गौशाला वाकई पूरे यूपी के लिए मिसाल है। सब कुछ बेहतरीन तरीके से मेंटेन है। उन्होंने गौशाला में गौवंश के लिए चारा पानी, शेड, बीमार पशुओं के इलाज की व्यवस्था, साफ सफाई, टीकाकरण रिकॉर्ड, स्टाफ की मौजूदगी समेत हर बिंदु को परखा। निरीक्षण में उन्हें कोई कमी नहीं मिली। गौवंश को समय पर हरा चारा, भूसा, पौष्टिक आहार, बीमार पशुओं हेतू अलग वार्ड की व्यवस्था को भी उन्होंने सराहा। यहां पर ईओ आलोक रंजन, पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर एसके गंगवार, दिनेश गुप्ता व टैक्स क्लर्क सुमित शर्मा आदि अधिकारी मोजूद थे। नोडल अधिकारी ने कहा ईओ आलोक रंजन के नेतृत्व में गौसेवा क्षेत्र में नगर पंचायत उत्कृष्ट कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगीजी की मंशा के अनुरूप बुढ़ाना में गौवंश का संरक्षण हो रहा है। यहां गौमाता को वास्तव में सम्मान मिल रहा है। उन्होंने अन्य नगर निकायों से भी बुढ़ाना मॉडल को अपनाने की अपील की। वहीं नोडल अधिकारी द्वारा गौशाला की तारीफ की खबर मिलते ही कस्बे में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने पंचायत की सराहना कर कहा कि बुढ़ाना ने गौसेवा में जिले का नाम रोशन किया है। इसमें नगर पंचायत की अध्यक्षा उमा त्यागी का भी अच्छा खासा योगदान है।

### बुढ़ाना में बदला मौसम का मिजाज

**बुढ़ाना।** क्षेत्र बुढ़ाना में बुधवार की सुबह मौसम ने अचानक करवट ली और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। सुबह 8 बजे आकाश में बिजली की गड़गड़ाहट व धूल भरी आंधी के बाद बारिश शुरु हो गई। घंटों तक हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया। तेज आंधी व बारिश को देखते हुए जौला बिजलीघर से एहतियातन सप्लाई बंद कर दी गई। बिजली विभाग के जेई शिव कुमार ने बताया कि तेज हवा व बिजली गिरने की आशंका के चलते यह कदम उठाया गया है। अक्सर आंधी बारिश में तार टूटने या पोल गिरने से करंट फैलने का खतरा रहता है। किसी भी अप्रिय घटना से बचने को सप्लाई रोकी गई है। कुछ ही घंटों बाद मौसम साफ होते ही विद्युत आपूर्ति भी बहाल कर दी गयी। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और लू से लोग बेहाल थे। आज की बारिश ने मौसम में ठंडक घोल दी तो लोगों ने राहत की सांस ली। इस बारिश को खरीफ की फसलों के लिए भी फायदेमंद बताया जा रहा है। किसानों के अनुसार गन्ने व अन्य फसलों के लिए ये बारिश लाभदायक है। अचानक शुरु हुई बारिश के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों और आफिस जाने वाले लोगों को थोड़ी बहुत परेशानी हुई। बाजारों में भी कुछ देर के लिए सन्नाटा रहा हालांकि बारिश रुकने के बाद जनजीवन फिर सामान्य हो गया। दूसरी और जेई शिव कुमार ने लोगों से अपील की है कि वे इस खराब मौसम में बिजली के पोल व पेड़ों से दूरी बनाकर रखें।

### पिता के सामने ही पुत्री से छेड़खानी

**मुजफ्फरनगर।** कस्बा चरथावल में एक दबंगता ऐसी देखनी को मिली जिसे देखकर और सुनकर लोगों में भारी आक्रोश बन गया है। सरेआम लडकी से अभ्रदता और मारपीट की जाती है किशोरी का कसूर इतना था कि युवक उसको अपने साथ जबरन रिक्शा में बैठाने का प्रयास करता है और उसके पिता के साथ भी अभद्रता करते हुए उसके कब्जे से नगदी छिनन ली जाती है, हालांकि शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आ गई है जहां पीडिता का कहना है कि वह आर्थिक रूप से कमजोर है और किसी काम से वह अपने पिता के साथ बाजार जा रही थी जहां दबंग युवक यहां पहुंचा और पिता के सामने ही किशोरी को जबरन रिक्शा में बैठान का प्रयास करता है। विरोध करने पर किशोरी से दुर्व्यवहार की बात तो अलग है, लेकिन एक पीडित पिता के साथ मारपीट की गई। पीड़ित ने पन्द्रह हजार रूपये गायब होने का भी आरोप लगाया। अब पुलिस ने रिक्शा चालक के खिलाफ तहरीर ले ली है।

### इन्द्रप्रस्थ स्कूल में परिणाम रहा शानदार

**मोरना।** मोरना में शुक्रताल मार्ग स्थित इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल का इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। जिसमें छः छात्राओं ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की छात्रा वंशिका राठी मानविकी वर्ग में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर किया। विज्ञान वर्ग में सारा सिद्दीकी ने 92 प्रतिशत मानविकी वर्ग की आयुषी ने 89 प्रतिशत वाणिज्य वर्ग की वंशिका 87 प्रतिशत मान. विकी वर्ग की दिया दुहन 87 प्रतिशत, विज्ञान वर्ग की वर्णिका सहरावत ने 86.2 अंक प्राप्त किये। प्रधानाचार्या अलका वर्मा व डायरेक्टर विराज तोमर ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पारिवारिक गाना सोशल मीडिया पर छाया

**बुढ़ाना।** हरियाणवी व वेस्टर्न यूपी के म्यूजिक लवर्स का इंतजार खत्म हो गया। बैंड बाजा म्यूजिक फैक्ट्री यूटड्ूब चौनल पर एक नया पारिवारिक गाना रिलीज होते ही धमाल मच गया। गाने में प्रदीप खरेरा, विशाखा जाटनी, रिखम सोनी के दमदार अभिनय, स्वरा वर्मा की सुरीली आवाज व जीआरके म्यूजिक ने चार चांद लगा दिए। ये गाना पूरी तरह से पारिवारिक माहौल पर आधारित है। इसमें रिश्तों की मिठास, घर परिवार के संस्कार व देसी अंदाज को खूबसूरती से दिखाया गया है। प्रदीप, विशाखा व रिखम सोनी की तिकडी की केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। स्वरा वर्मा ने अपनी मधुर आवाज से गाने में जान डाल दी वहीं जीआरके का संगीत इसे बार बार सुनने पर मजबूर कर रहा है। रिलीज होते ही गाना यूटड्ूब पर ट्रेंड करने लगा है। दर्शक कमेंट्स में दिल खोलकर तारीफ कर रहे हैं। एक्टर रिखम सोनी की एक्टिंग भी कमाल की है। बैंड बाजा म्यूजिक फैक्ट्री बराबर क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मौका दे रहा है। इस गाने के जरिए लोक संस्कृति व पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने की कोशिश की गई है। लोगों का कहना है कि ऐसे साफ सुथरे पारिवारिक गानों की आज के दौर में सख्त जरुरत है।

# जेई के हटते ही भाकियू ने धरना किया समाप्त

**बुढ़ाना।** टोडा बिजलीघर पर तैनात जेई के भ्रष्टाचार के विरुद्ध भारतीय किसान यूनियन का धरना बुधवार को महापंचायत में तब्दील हो गया। भाकियू जिला अध्यक्ष चौधरी नवीन राठी के आह्वान पर शुरु हुई महापंचायत में सैकड़ों किसान ट्रैक्टर ट्रॉलियों के काफिले के साथ पहुंचे। देर रात एसडीएम बुढ़ाना कृष्णकांत ब्विकर्मा के प्रयास से जेई को हटाने के बाद धरना समाप्त हो गया। टोडा बिजलीघर पर 6 मई से भाकियू का धरना चल रहा था। किसानों का आरोप था कि विद्युत विभाग के अधिकारी किसानों की समस्याएं नहीं सुन रहे। गलत बिल, बिना सूचना के कटौती, अवैध वसूली से किसान परेशान हैं। कई बार शिकायत के बाद भी जेई ने कोई सुधार नहीं किया जिसके चलते यूनियन को धरने पर बैठना पड़ा। भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी की सूचना पर बुढ़ाना ब्लॉक के पदाधिकारी कार्यकर्ता महापंचायत में पहुंचे। नसीरपुर से ट्रैक्टरों का काफिला, बुढ़ाना नगर की टीम व आसपास के गांवों से सैकड़ों किसान टोडा बिजलीघर पर पहुंचे।

भाकियू जिला महासचिव अनुज बालियान, जिला संगठन मंत्री विकास प्रधान, तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, ब्लाक अध्यक्ष सुधीर सहरावत, नगर अध्यक्ष इसरार, लविश जांगिड आदि पदाधिकारियों ने महापंचायत की व्यवस्था संभाली। महापंचायत में अनुज बालियान व किसान एकता जिंदाबाद के नारे गूंजे। महापंचायत में जिलाध्यक्ष चौधरी नवीन राठी ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नही होगी।

भ्रष्ट जेई और कर्मचारियों पर कार्रवाई हो, गलत बिजली बिल तुरंत ठीक किए जाएं, अघोषित कटौती बंद हो, किसानों से अवैध वसूली पर रोक लगे। देर रात काफी गहमागहमी के बीच एसडीएम कृष्णकांत ब्विकर्मा के प्रयास से 8 दिनों से चल रहा धरना जेई को हटाने की घोषणा पर समाप्त हो गया। इस दोरान खतौली एससी, खतौली एक्सईएन और तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव भी मौजूद थे।

# भारतीय भाषा समर कैंप का आगाज, संस्कृत पर विद्यार्थियों का दिखा रुझान

**खतौली।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति इंटर कॉलेज रवापुरी सठेड़ी में मंगलवार को सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप-2026 का उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। कैंप के पहले ही दिन लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर भारतीय भाषाओं, विशेष रूप से संस्कृत, के प्रति अपनी रुचि दिखाई। प्रधानाचार्य ने संस्कृत भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि संस्कृत केवल प्राचीन भाषा ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी अत्यंत समृद्ध भाषा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और कंप्यूटर विज्ञान में भी संस्कृत की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। कैंप के पहले दिन विद्यार्थियों को संस्कृत वर्णमाला, संख्या ज्ञान, दैनिक उपयोग के अभिवादन, शिष्टाचार संबंधी शब्दों तथा छोटे-छोटे संस्कृत वाक्यों का अभ्यास कराया गया। शिक्षकों ने सरल और रोचक तरीके से विद्यार्थियों को संस्कृत बोलने और समझने के लिए प्रेरित किया, जिससे छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम प्रभारी रविंद्र शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में शिविर के दौरान विभिन्न भारतीय भाषाओं, लोक संस्कृति और ज्ञान परंपरा से जुड़ी कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर डॉ. बलेश, तीर्थराज, सोनिया देवी एवं विक्रांत चौधरी सहित विद्यालय स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# मोदी बिना भेदभाव कर रहे हैं सभी का विकास:आहुजा

**बुढ़ाना।** भारतीय मोदी आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीबी डॉक्टर राजीव आहूजा से उनके देहरादून स्थित बंगले पर बुढ़ाना के सामाजिक कार्यकर्ता रिजवानुल हक व पत्रकार महक कुरैशी ने शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने डॉक्टर आहूजा को बुढ़ाना में प्रस्तावित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। जिसे उन्होंने स्वीकार किया। यहां डॉक्टर आहूजा ने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका ब्विास और सबका प्रयास के मंत्र पर काम कर रही है। भाजपा सरकार की योजनाएं जाति धर्म से ऊपर उठकर हर वर्ग तक पहुंच रही हैं।

मुस्लिम समाज के लिए शिक्षा, कौशल विकास, स्वरोजगार से जुड़ी योजनाएं चल रही हैं जिनका लाभ बिना किसी भेदभाव के दिया जा रहा है। यहां देश प्रदेश के ताजा राजनीतिक हालात, आगामी चुनाव व संगठन की गति. विधियों पर भी विस्तार से बात हुई। आहूजा ने बताया कि आर्मी का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की नीतियों, उपलब्धियों, जनहित की योजनाओं को जमीनी स्तर पर हर व्यक्ति तक पहुंचाना है।

# कात्यायन इंटर कॉलेज में समर कैंप हुआ शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** श्री राम प्रसाद कात्यायन इंटर कॉलेज बुढ़ाना में बुधवार को समर कैंप का शुभारंभ किया गया। इस कैंप में छात्र व छात्राओं को संस्कृत तथा आंग्ल भाषा के विषय में सामान्य संवाद के वाक्यों सहित सामान्य जानकारी एवं ज्ञान देने की व्यवस्था विद्यालय के वरिष्ठ अंग्रेजी अध्यापक राकेश कुमार तथा हिंदी अध्यापक विपुल कुमार सिंह द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर नीलेश वशिष्ठ ने उपस्थित छात्र छात्राओं को शासन द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाने के निर्देशों के महत्व को समझाते हुए बताया कि यह सात दिन हमें अपनी विशिष्ट प्रतिभा को पहचानकर उसे अपने गुरुजनों के निर्देशन में निखारने का सुअवसर प्राप्त होता है। अत इन सात दिनों तक हम प्रथम चार वादन में अपने शिक्षण के कार्य को सुचारू रखेंगे तथा अंतिम चार वादन में समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। समर कैंप के आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकों में विनोद कुमार, धर्मेंद्र कुमार सिंह, मान सिंह व यजपाल सिंह आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।

# मौ अब्दुल्लाह ने 12वीं में किया नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली स्थित गोल्डन पब्लिक स्कूल पचेंडा रोड, मुजफ्फरनगर के होनहार छात्र मौ. अब्दुल्लाह ने सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 92.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय और अपने माता-पिता का गौरव बढाया है। मौ. अब्दुल्लाह की इस सफलता पर परिवारजनों को जमकर बधाईयां मिल रही हैं।

क्षेत्र निवासी रिजवान अहमद के पुत्र मौ. अब्दुल्लाह प्रारम्भ से ही



होनहार छात्र रहे हैं। मौ. अब्दुल्लाह ने कक्षा 10 में भी उत्कर्ष अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया था। इसी के साथ मौ. अब्दुल्लाह ने आज घोषित हुए सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पुनः अपने विद्यालय और अपने माता-पिता के साथ ही समस्त परिवारजनों का नाम रोशन किया है। मौ. अब्दुल्लाह की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार के साथ ही समस्त परिवारजनों को जमकर बधाईयां मिल रही हैं। सभी ने होनहार छात्र मौ. अब्दुल्लाह के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# झूठा निकला प्रशासन का वादा, जलभराव जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** गांव सिकन्दरपुर में सीकरी मार्ग पर जल भराव की समस्या बनी हुई है। समस्या के शीघ्र समाधान की मांग को लेकर कुछ दिन पूर्व ग्रामीणों ने गन्दे पानी के बीच खाट बिछाकर तीन दिन तक धरना प्रदर्शन किया था। एसडीएम के 15 दिन मे समाधान के अश्वासन पर धरना समाप्त हुआ था।

मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर मे सीकरी मार्ग पर जल भराव की समस्या से आधा दर्जन गांव के ग्रामीण परेशान हैं।

पास ही एक इन्टर कॉलिज व एक मन्दिर है। इसी जलभराव से परेशान होकर बीते 10 फरवरी को ग्रामीणो जलभराव के बीच खाट बिछाकर धरने पर बैठ गये थे इसी बीच भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, रालोद जिला अध्यक्ष संजय राठी, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत राठी, सांसद प्रतिनिधि जगपाल सिंह वरिष्ठ नागरिक बरफ सिंह, व कृष्णपाल सिंह ने बताया की गांव के खसरा नंबर 571 मे 15 बीघा भूमि का तालब हे जिसमे 1977 मे चार व्यक्तियो को छः बीघा भूमि का आवंटन किया था जिसे 1980 मे निरस्त कर दिया गया था।

अनाधिकृत रुप से 1996 मे एक व्यक्ति को 9 बाघा भूमि पटे के रूप मे आवंटित की गई जिसका विरोध ग्रामीणो ने किया मामला न्यायलय मे हे 27 सितंबर को तहसील प्रशासन ने भू माफिया से सांठगांठ कर व ग्रामीणो को धमका कर तालाब की भुमि पर अवैध कब्जा कराकर वहा दीवार कराकर पानी की निकासी को बंद कर दिया जिससे मार्ग पर पानी फैल गया उसी समय मौके पर पहुचे पुर्व उपजिलाअधिकारी जानसठ राजकुमार भारती ने 15 दिन के अंदर समस्या के समाधान तथा अतिक्रमण करने वाले पर कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया था मगर तीन महीने बीतने के बाद भी कोई समाधान नही हुआ अभी भी ग्रामीण जलभराव से परेशान है। नायब तहसीलदार बृजेश कुमार ने बताया मामले को दोबारा दिखवाते है।

# शहीद परिवारों का खर्च उठाएगी सरकार:वाजपेयी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ में स्थित दण्डी आश्रम में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी का जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शि. विर का शुभारम्भ भारत माता सहित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर वन्देमातरम गीत के उपरांत किया गया। पण्डित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मीकांत वाजपेई पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद ने कहा कि पार्टी संगठन में नए सदस्य जुड़े हैं। पार्टी की नीतियों को सरल तरीके से जनता के बीच जाकर प्रचार करने, जनता के साथ समन्वय स्थापित करने को लेकर



दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा वाजपेयी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा जीत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को समर्पित है। यह दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि है।भाजपा कार्यकर्ता के कड़े संघर्ष का परिणाम है।

दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में जनपद के प्रमुख पदाधिकारी पूर्व जनप्रतिनिधि आदि भाग ले रहे हैं। अरुण पाल ने कहा कि पहले चार सत्र तथा कल तीन सत्र में प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी संचालन मोहन तायल ने किया।

उदघाटन सत्र में मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ.संजीव बालियान, डॉ.वीरपाल निर्वाल जिला पंचायत अध्यक्ष,शहर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व विधायक उमेश मलिक, प्रमोद उटवाल, अमित राठी, रामनाथ ठाकुर सभापति जिला कोरेटिव बैंक सपना कश्यप, रूपेंद्र सैनी, राजू अहलावत, जयकरण गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने की ई-रिक्शा की सवारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा की गई अपील को भाजपा जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने धरातल पर उतारने का कार्य शुरू कर दिया है प्रधानमंत्री द्वारा विद. ेशी ईंधन को बचाने की अपील पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने इस अभियान की शुरुआत करते हुए ई रिक्शा की सवारी की है। भाजपा के अन्य नेताओं ने भी देश के प्रत्येक नागरिक से विदेशी ईंधन को बचाने की अपील की है।साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष ने एक माह के लिये तरल ईंधन वाले वाहन सरकारी कार को छोड़ दिया है।

गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल कार्यकर्ताओं के संग ई रिक्शा में सवार होकर शुकतीर्थ पहुंचे तथा विदेशी ईंधन को बचाने का एक



संदेश कार्यकर्ताओं को देते हुए देश हित में पेट्रोल डीजल गैस बचाने की अपील की है।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 6 सूत्रीय अपील देश की जनता से की है। जिनमे पेट्रोल डीजल गैस बचाने तथा अलग अलग वाहनों में न बैठकर वाहनों में शेयरिंग व्यवस्था करने जैविक खेती अपनाने की अपील है। चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक पेट्रोल डीजल गैस बचाने के कार्य में सहयोग दें वह अपने नगर पालिका के कर्मचारियों को कहेगी की वाहनों में पुल की व्यवस्था करें 10 लोग एक ही वाहन का प्रयोग करें। भाजपा नेता मोहन तायल ने बताया कि पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी का प्रशिक्षण अभियान चल रहा है।मध्य पूर्व के देशों में जो झगड़ा चल रहे हैं उसको लेकर पेट्रोल डीजल गैस को बचाना आवश्यक हो गया है देश में विद. ेशी ईंधन की कोई कमी नहीं है वह पर्याप्त मात्रा में है।किंतु हमें किसी भी आशंका को लेकर सचेत रहना होगा इसी के चलते देश के प्रधानमंत्री ने विदेशी ईंधन बचाने की अपील की है हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वह देश हित में पेट्रोल डीजल गैस को बचाएं। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पंडित रामकुमार शर्मा, मंडल अध्यक्ष अरुणपाल, संजय कोरी, कैप्टन प्रवीण चौधरी, विनोद शर्मा, प्रदीप निर्वाल, वीरेन्द्र चौहान, अंजू शर्मा, लक्ष्मण शर्मा, सन्दीप शर्मा आदि मौजूद रहे।

### शिखर शिक्षा सदन का रहा शानदार रिजल्ट

**मीरापुर।** शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सीबीएसई कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल छा गया। इस वर्ष कुल 101 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 18 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष रूप से आठ विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और मजबूत किया। परिणाम में मिष्टी प्रजापति ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डीएम के निरीक्षण से अधिकारियों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी ने तहसील ऊन व खंड विकास कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी शामली आलोक यादव ने आज अपने निरीक्षण में कार्यालय तहसील ऊन का निरीक्षण कर तहसीलदार न्यायालय, आरके कार्यालय, खतौनी कक्ष, कार्यालय उप निबंधक ऊन व तहसील के अन्य पटलों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम खतौनी कक्ष का निरीक्षण करते हुए ऑनलाइन खतौनी व्यवस्था को चेक किया गया साथ ही आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण के संबंध में दो-तीन शिकायतकर्ता से वार्ता के क्रम में पाया गया कि शिकायत का निस्तारण सुचारू रूप से किया गया है। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने आर.के. कार्यालय ऊन का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए मौके पर आर-6 रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना संबंधी पत्रावली, धारा 34 की पत्रावली, लेखपालों की व्यक्तिगत पत्रावली आदि का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा रिकॉर्ड रूम में ग्राम भडी का बस्ता का निरीक्षण करते हुए सभी अभिलेख बस्ता सूची के अनुसार ठीक मिले।आर-के कार्यालय का निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा रेस्टोरेशन संबंधी जानकारी मांगने पर संबंधित द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जाने पर नगर पंचायत ऊन से संबद्ध सचिन को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने तहसीलदार ऊन न्यायालय का निरीक्षण कर लंबित वादों की समीक्षा करते हुए दिन प्रतिदिन तिथि निर्धारण कर वादों का निस्तारण के निर्देश दिए।निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने अन्य वाद पत्रावलियों का भी शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिये। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय उप निबंधक ऊन का निरीक्षण किया कर संबंधित से दिन प्रतिदिन के कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को उप निबंधक ऊन कार्यालय के पास बने शौचालय में साफ सफाई व्यवस्था ठीक ना मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यालय का निरीक्षण होना है की जानकारी के बावजूद भी ऐसी लापरवाही बरती गई जिसके लिए सब रजिस्ट्रार को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए साथ ही साफ सफाई एवं कार्यालय में आने वाले लोगों के लिए व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय में अप्रैल माह की सबसे बड़ी कीमत की ऑनलाइन बैनामा को भी चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि एआईजी स्टांप, तहसीलदार और सब रजिस्टार माह की पहली तारीख और 15 तारीख को ऑनलाइन



बैनामा संबंधी प्रक्रिया की समीक्षा करेंगे। आपूर्ति कार्यालय का निरीक्षण करते हुए कार्यालय में लाइट और वायरिंग की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित को दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा तहसील निरीक्षण के दौरान आए फरियादियों की समस्याओं को भी सुनते हुए मौके पर संबंधित अधिकारी से फोन पर वार्ता करते हुए संबंधित शिकायतकर्ता का निस्तारण कराया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ऊन विनय प्रताप सिंह भदौरिया,तहसीलदार ऊन ललिता चौधरी सहित आदि मौजूद रहें।

## रिटर्न कंपनी में निवेश के नाम पर ठगे 10 लाख

**शामली।** नगर के एक मेडिकल स्टोर संचालक ने एक मेडिकल एजेंसी संचालक पर रिटर्न कंपनी में निवेश के नाम पर 10 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला पंसारियान निवासी मेडिकल स्टोर संचालक आमिर खान ने बताया कि उसका बुढ़ाना रोड स्थित एक मेडिकल एजेंसी संचालक से दवाओं के लेन-देन को लेकर संपर्क था। इसी दौरान जनवरी 2025 में आरोपी ने उसे एक कथित (रिटर्न कंपनी) में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा होने का झांसा दिया। पीड़ित के अनुसार, भरोसे में आकर उसने अपना मकान बेचकर करीब 10 लाख रुपये निवेश के रूप में दे दिए। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उसके भाई अरशद को अपने खर्चे पर दुबई भी भेजा और वहां अपने एक सीनियर लीडर लविश गिरी से मुलाकात करवाई, जिससे विश्वास और बढ़ गया। पीड़ित का कहना है कि छह महीने बाद जब उसने लाभ या अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपी टालमटोल करने लगा। बाद में उसने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गौकश दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांधला क्षेत्र में गौकशी की सूचना पर पुलिस द्वारा की गई छापेमारी के दौरान उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब आरोपियों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी घायल हो गया, जबकि उसके दो साथी मौके से फरार होने में सफल रहे।

जानकारी के अनुसार एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे गौ-तस्करी विरोधी अभियान के तहत बीती रात कांधला पुलिस को सूचना मिली थी कि मौहल्ला खैल में एक घर के अंदर गौकशी की जा रही है। सूचना पर पुलिस



टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां आरोपियों ने पुलिस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस दौरान पुलिसकर्मी सुमित कुमार घायल हो गए। हमले के बाद स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आरोपी खलील गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके दो पुत्र नदीम और जावेद अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घायल आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लेकर उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मौके से दो जीवित गौवंश, लगभग दो कुंतल गौमांस, एक तमंचा, कारतूस, खोखा, बाइक, कांटा तथा गौकशी में प्रयुक्त अन्य उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी खलील ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह अपने पुत्रों के साथ मिलकर गौकशी कर गौमांस की अवैध बिक्री करता था। बरामद बाइक का उपयोग मांस की ढुलाई और बिक्री के लिए किया जाता था। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश में दबिश तेज कर दी है।

# दो मासूम बेटियों की मौत, दहेज उत्पीड़न के आरोप में सास को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला आलदरम्यान में पारिवारिक विवाद के दौरान लगी आग ने दो मासूम बच्चियों की जिंदगी छीन ली, जबकि उनकी मां गंभीर रूप से झुलस गई। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीड़िता की सास को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

पुलिस के अनुसार घटना विगत 7 मई की है। बताया गया कि पारिवारिक विवाद के चलते घर में ज्वलनशील पदार्थ से आग लग गई। उस समय कमरे में महिला अपनी दो बच्चियों के साथ मौजूद थी। आग और धुएं के बीच दोनों बच्चियों की दम घुटने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर रूप से झुलस गई। सूचना पर पहुंची थाना कैराना पुलिस ने दोनों बच्चियों के शव कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। वहीं गंभीर रूप से घायल महिला को पहले मेरठ के हायर सेंटर में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। महिला फिलहाल वहां उपचाराधीन है। घटना के बाद पीड़िता के भाई राहुल पुत्र राजबीर निवासी ग्राम कंडेरा, जनपद बागपत ने थाना कैराना में तहरीर देकर महिला की सास पर गंभीर आरोप लगाए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हत्या, जानलेवा हमला और दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के निर्देश पर महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला और क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के निर्देशन में थाना कैराना पुलिस ने आरोपी सास ईश्वरी पत्नी धर्मदास निवासी मोहल्ला आलदरम्यान को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं घटना के बाद मृत बच्चियों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## खनन मार्ग पर दिन में तीन बार होगा पानी का छिड़काव

**कैराना।** तहसील सभागार में बुधवार को ग्राम इस्सोपुर खुरगान में प्रस्तावित खनन पट्टे को लेकर आयोजित लोक सुनवाई में खनन मार्ग पर उड़ने वाली धूल और ग्रामीणों की सुविधाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए। एडीएम शामली सत्येंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिकारियों ने पर्यावरण एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लोक सुनवाई के दौरान अरशद चौहान ने खनन मार्ग पर नियमित पानी का छिड़काव कराए जाने का सुझाव रखा, जिस पर एडीएम सत्येंद्र सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रतिदिन तीन बार पानी का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा मार्ग और आसपास के स्कूलों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी आदेश दिए गए। बैठक में खनन प्वाइंट पर प्राथमिक उपचार केंद्र एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। एडीएम ने माइनिंग अधिकारी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना अथवा केजुअल्टी की स्थिति में तत्काल जांच कर पीड़ित को नियमानुसार मुआवजा दिलाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। तहसील सभागार में आयोजित इस लोक सुनवाई में ग्राम इस्सोपुर खुरगान में पांच वर्ष के लिए खनन पट्टा आवंटन से संबंधित प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इस दौरान ग्राम प्रधान सहित क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे। बैठक में किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

**मेरा पुत्र अजय कुमार पुत्र श्री रोशन लाल व पुत्रवधु सोनिया राजवाडे पत्नी अजय कुमार मेरे कहने सुनने में नहीं है। वह अपनी मनमर्जी करते है और मुझ से और परिवार से दुव्यर्वहार करते है। उनके दुव्यर्वहार और आए दिन लडाई झगडों व कहासुनी से परेशान आकर मैंने अपने पुत्र अजय कुमार और पुत्रवधु सोनिया राजवाडे से सभी प्रकार के संबंध समाप्त कर लिए है और मैंने उसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का अजय और सोनिया राजवाडे से हमारा कोई वास्ता मतलब नही रहेगा, उनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्य व लेनदेन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।**

**बेबी पत्नी रोशन**

**निवासी-109, लपराना, माया टपराना, शामली।**

# फार्मेसी बंद का विरोध

**शामली।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन, जिला शामली ने 20 मई 2026 को प्रस्तावित फार्मेसी बंद का विरोध किया है। एसोसिएशन द्वारा जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि संस्था केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश से संबद्ध है और संगठन के निर्णयों का सम्मान करती है, लेकिन दवा दुकानों का बंद होना आम मरीजों, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। संस्था का कहना है कि बंद के दौरान मरीजों को समय पर जीवनरक्षक दवाएं नहीं मिल पाएंगी, जिससे स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ सकता है। प्रेस नोट में यह भी कहा गया है कि बिना फार्मासिस्ट की सलाह के दवा लेने और नकली व अमानक दवाओं के खतरे को रोकने के लिए सरकार को अवैध ऑनलाइन फार्मेसी पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। संगठन ने सरकार से ड्रग पॉलिसी को और मजबूत बनाने की मांग की है, लेकिन हड़ताल के बजाय संवाद के जरिए समाधान निकालने पर जोर दिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए सभी मेडिकल स्टोर संचालकों से 20 मई को दुकानें खुली रखने और मरीजों की सेवा जारी रखने की अपील की है।

# जूनियर इंजीनियर्स ने एक्सएन को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन की जनपद शाखा शामली द्वारा बुधवार को अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल शामली को 12 सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर ट्रांसफॉर्मरों की बढ़ती क्षतिग्रस्तता, संसाधनों की कमी तथा फील्ड अभियंताओं पर हो रही दंडात्मक कार्रवाई पर नाराजगी जताई गई।

संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि कॉरपोरेशन द्वारा वितरण ट्रांसफॉर्मरों की क्षतिग्रस्तता रोकने के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए बिना अवर अभियंताओं और फील्ड कर्मचारियों पर नियम-10 के तहत वेतन कटौती के नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त होने के पीछे मुख्य कारण विद्युत सामग्री की कमी, ओवरलोडिंग तथा पर्याप्त स्टाफ का अभाव है। ज्ञापन में संगठन ने मांग की कि प्रत्येक ट्रांसफॉर्मर पर एचटी/एलटी फ्यूज, डीओ बॉक्स तथा अन्य आवश्यक उपकरण लगाए जाएं। ट्रांसफॉर्मरों की मरम्मत के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए बिना किसी भी प्रकार की कार्रवाई न की जाए। अवर अभियंताओं पर लगाए गए मिसलिनियस समाप्त किए जाएं तथा भविष्य में ऐसी कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा संगठन ने 10 से 1000 केवीए तक के ट्रांसफॉर्मरों की साइट पर मरम्मत के लिए एजेंसी और पर्याप्त सामग्री



उपलब्ध कराने, वर्ष 2017 के यार्ड स्टिक के अनुसार मैनपावर उपलब्ध कराने, लिखित शटडाउन परमिट और सुरक्षा उपकरण सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

जूनियर इंजीनियरों ने फेशियल अटेंडेंस व्यवस्था को व्यावहारिक बनाने तथा रात्रि में ब्रेकडाउन डयूटी करने वाले कर्मचारियों को इसमें छूट देने की मांग भी की। साथ ही रिक्त पदों को शीघ्र भरने, दोहरा प्रभार समाप्त करने तथा बिना जांच के निलंबन और उत्पीड़न पर रोक लगाने की मांग रखी गई। इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, सचिव सर्वेश कुमार, विजय शंकर कुशवाहा, अजय शर्मा, सुरजीत कुमार, सौरभ सक्सेना, प्रेम सिंह, विकेश कुमार, शैलेश यादव, रिंकल सिंह, बलवंत कुमार मौजूद रहे।

# एमआईएम ने भाजपा नेता के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली/बिडौली।** एआईएमआईएम पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय में सौंपा। कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे के बयान पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि नितेश राणे द्वारा एआईएमआईएम पार्टी को लेकर कथित रूप से विवादित टिप्पणी की गई है तथा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी की तुलना आतंकी सरगना ओसामा बिन लादेन से की गई है। इसके साथ ही मदरसों को लेकर भी आपत्तिजनक बयान दिए गए हैं। पार्टी पदाधिकारियों का कहना था कि एआईएमआईएम भारतीय चुनाव आयोग में पंजीकृत राजनीतिक दल है और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष देश के सांसद हैं। ऐसे में किसी संवैधानिक पद पर बैठे जनप्रतिनिधि द्वारा इस प्रकार की टिप्पणी करना लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना के खिलाफ है। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग की गई कि मामले का संज्ञान लेते हुए नितेशराणे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उन्हें महाराष्ट्र सरकार के मंत्रिमंडल एवं विधानसभा सदस्यता से बर्खास्त किया जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष चौधरी परवेज अली, नासिर हसन, कारी शहजाद, रिजवान अंसारी, इरफान, हाजी अयूब, जाकिर हसन आदि मौजूद रहे।



**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पताः- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम दानिश अहमद DANISH AHMAD था। अब मैंने अपना नाम बदल कर दानिश सिद्दीकी DANISH SIDDIQUE रख लिया है। भविष्य में मुझको दानिश सिद्दीकी DANISH SIDDIQUE के नाम से ही जाना-पहचाना व पुकारा जाये। **दानिश सिद्दीकी पुत्र मतलूब अहमद** निवासी म.नं. 6/134 मौहल्ला कानूनगोयान कांधला थाना कांधला जनपद शामली पिन कोड 247775 उत्तर प्रदेश।

## एक नजर......

### पुलिस ने गायों से भरे वाहनों को जांचा

**थानाभवन।** क्षेत्र में आज हिंदू रक्षा दल के नगर अध्यक्ष निशु राणा एवं उनकी टीम द्वारा सहारनपुर दिल्ली हाईवे पर बुधवार की सुबह विशेष अभियान चलाकर गायों से भरे टेंपो मैजिक एवं अन्य वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान के दौरान कई वाहनों को रोककर उनसे गाय ले जाने संबंधी अनुमति पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज मांगे गए।जांच के दौरान अधिकांश वाहन चालकों द्वारा परमिशन एवं संबंधित दस्तावेज दिखा दिए गए जिसके बाद हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने उन्हें आगे जाने दिया। वहीं जिन वाहनों के पास स्पष्ट अनुमति नहीं मिली उन्हें रोककर पूछताछ की गई। इस दौरान कुछ वाहन चालकों और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। मौके पर पुलिस बल भी मौजूद रहा और स्थिति पर नजर बनाए रखी।नगर अध्यक्ष निशु राणा ने सख्त लहजे में कहा कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति गाय लेकर जाएगा तो एक वाहन में दो गायों से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही संबंधित ग्राम प्रधान या वार्ड मेंबर द्वारा जारी प्रमाण पत्र साथ होना अनिवार्य रहेगा जिसमें वाहन नंबर,गायों की संख्या उनका हुलिया तथा ले जाने का उद्देश्य स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। पत्र पर मोहर एवं हस्ताक्षर होना भी जरूरी बताया गया।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी वाहन के पास वैध परमिशन नहीं मिली तो संबंधित वाहन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर गायों को गौशाला भेज दिया जाएगा। हिंदू रक्षा दल की टीम ने सभी वाहन चालकों को भविष्य के लिए सख्त हिदायत दी कि बिना अनुमति गायों का वाहन मे लेकर जाना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।अभियान के दौरान जिन लोगों के नाम सामने आए उनमें छोटा, कादिर, शमशाद निवासी गांव मुंडेट, काका, श्यामा निवासी कस्बा नकुड़ शामिल रहे।नगर अध्यक्ष ने कहा कि गोवंश संरक्षण के लिए अभियान जारी रहेगा।

### परिवारों को संस्कारित करने पर हुआ मंथन

कैराना। बाबा बनखंडी महादेव मंदिर में बुधवार को कुटुम्ब प्रबोधन की ओर से पुरोहित एवं कथावाचकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शामली जिले के विभिन्न नगरों एवं खंडों से आए पुरोहितों और कथावाचकों ने सहभागिता कर परिवारों में संस्कार, समरसता और भारतीय परंपराओं के संरक्षण पर विचार-विमर्श किया।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। बैठक का संचालन सह जिला संयोजक शुभम सिंघल ने किया। मुख्य वक्ता सह प्रांत संयोजक बालकृष्ण जी ने कहा कि वर्तमान समय में परिवारों में संस्कारों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है और इस कार्य में पुरोहितों एवं कथावाचकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए समाज को अपनी परंपराओं से जोड़ना होगा। उन्होंने परिवारों में जन्मदिवस, विवाह वर्षगांठ एवं अन्य मांगलिक कार्यक्रम भारतीय पंचांग और तिथि परंपरा के अनुसार मनाने का आहवान किया। साथ ही मोबाइल के बढ़ते प्रभाव के बीच परिवारों में संवाद, आत्मीयता और एकीकरण बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में पारिवारिक समरसता बढ़ाने तथा नई पीढ़ी को संस्कारित करने के विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मांगेराम जी, आलोक जी, पं. सुरेशपाल जी, पं. सत्संगी नौटियाल जी, पं. राजीव जी, पं. विजय जी, पं. प्रीतम जी, कमल जी, अमन जी, सोमपाल जी सहित बड़ी संख्या में पुरोहित एवं कथावाचक उपस्थित रहे।

### विवाहिता को जहर देने का आरोप, पति समेत छह पर कार्रवाई की मांग

**कैराना।** जनपद बागपत के गांव छपरौली निवासी इमराना पत्नी आबिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब पांच वर्ष पूर्व उसने अपनी पुत्री बुशरा का विवाह मोहल्ला आलकलां निवासी अनीस पुत्र अनवार के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार किया था। आरोप है कि शादी में सामर्थ्य अनुसार करीब सात लाख रुपये खर्च किए गए थे तथा सोने-चांदी के जेवरात, मोटरसाइकिल, फर्नीचर समेत अन्य घरेलू सामान भी दिया गया था।पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति व ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये नकद की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ गाली-गलौज, मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया जाने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी दूसरी शादी कराने की धमकी भी देते थे। तहरीर के अनुसार मंगलवार शाम करीब चार बजे विवाहिता की ननद, पति अनीस, जेठ, सास व अन्य परिजनों के साथ मिलकर कथित रूप से विवाहिता को खाने में जहरीला पदार्थ दे दिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और महिला को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।पीड़िता की मां का कहना है कि उनकी पुत्री की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### टैंपो चालकों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शामली।** भारतीय मजदूर संघ ऑटो चालक संघ से जुड़े सैकड़ों टैंपो चालकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा और आरोप लगाया कि शामली-कैराना मार्ग पर बस और टैंपो संचालन को लेकर पूर्व में एक समझौता हुआ था, जिसके तहत 10 मिनट बस और 5 मिनट टैंपो चलाने का नियम तय किया गया था। लेकिन हाल ही में दो नई बसें संचालित होने के बाद इस समझौते का पालन नहीं किया जा रहा है। टैंपो चालकों का आरोप है कि ये बसें बिना किसी समय-सारिणी के मनमाने तरीके से चल रही हैं, जिससे उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। विरोध करने पर बस मालिकों द्वारा गाली-गलौच और मारपीट की जाती है, साथ ही आरटीओ से कार्रवाई कराने की धमकी भी दी जाती है। चालकों ने यह भी आरोप लगाया कि इसी विवाद के चलते दो टैंपो चालकों का चालान काटा गया, जबकि उनके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस और परमिट मौजूद थे। साथ ही उन्हें इस मार्ग पर टैंपो न चलाने की धमकी भी दी गई। पीड़ित चालकों ने डीएम से मांग की है कि पूर्व समझौते के अनुसार ही परिवहन व्यवस्था लागू कराई जाए और टैंपो चालकों के कथित उत्पीड़न पर रोक लगाई जाए।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद शामली (जनपद-शामली)**

पत्रांकः 224 दिनांकः 13.5.2026

ई-टैण्डर अल्पकालीन निविदा सूचना

पंजीकृत ठेकेदारो/ फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक परिषद शामली AQI मद के अन्तर्गत (05 निर्माण कार्य) दिनांकः 4.6.2026 समय 5:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदाएं रजिस्टर्ड श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारो/ फर्मो से शर्तो के आधाार पर आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्ते वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। अभिलेख दिनांक 14.5.2026 से दिनाक 4.6.2026 तक सांय 5:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। सभी निविदादाता पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है जो दिनाक 5.6.2026 को समय 11:00 बजे से खोले जायेंगे। निर्धारित निविदा शुल्क पालिका के निम्न खाता में जमा किया जा सकता है। जिसकी प्रप्ति निविदा के साथ अपलोड की जानी अनिवार्य होगी, अन्यथा की स्थिति मे निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| बैक का नाम | आई.सी.आई.सी.आई.बैक.शाखा शामली |
| खाता सख्या | 066801001515 |
| आई.एफ.एस.सी. कोड | ICICI0000668 |

| | |
|---|---|
| Tender Referance | 224/E-T/PWC/2023-24 |
| Publish and Time for RFP | 14.05.26 UPTO 4:00 PM |
| Last Date and Time for Submission of Tender | 04.06.26 AT 5:00 PM |
| Open E-Tender Date | 5.06.26 AT 11:00 AM |
| Place of opening of E-Tender | Nagar Palika Parishad Shamli Office |
| E-Tender Security | Net Amount of RTGS |
| E-Tender Document Processing | 500+GST@18%=RTGS for each work |

**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**

# 62 लाख की स्मैक सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत से चोरी किए वाहन इस्तेमाल कर चला रहे थे नशे का नेटवर्क, पुलिस खंगाल रही गिरोह के तार।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत थाना कैराना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में दो शातिर मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 307 ग्राम स्मैक बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद स्मैक की कीमत करीब 62 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की मोटरसाइकिल और स्कूटी भी बरामद की है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार सहारनपुर परिक्षेत्र में पुलिस उपमहानिरीक्षक के निर्देशन में ऑपरेशन सवेरा- नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मादक पदार्थों की तस्करी और नशे के अवैध कारोबार में शामिल अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक एन.पी.सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस ने पहली



कार्रवाई 12 मई की रात को की। पुलिस ने ग्राम जंधेड़ी निवासी शादाब पुत्र तोशी उर्फ तसव्वर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 143 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 29 लाख रुपये आंकी गई है। इसके अलावा बिना नंबर प्लेट की चोरी की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने मोटरसाइकिल को पानीपत से चोरी करना स्वीकार किया। मामले में थाना कैराना पर एनडीपीएस एक्ट और बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं दूसरी कार्रवाई में थाना कैराना पुलिस ने ग्राम भूरा निवासी अहसान उर्फ बाबा पुत्र अख्तर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 164 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 33 लाख रुपये बताई गई है। आरोपी के पास से चोरी की होंडा एक्टिवा स्कूटी भी बरामद हुई, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर भ्त 06 AP 7222 है।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्कूटी को भी पानीपत से चोरी करना कबूल किया। इस मामले में भी एनडीपीएस एक्ट और बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों आरोपियों के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगाले जा रहे हैं। यह पता लगाया जा रहा है कि स्मैक कहां से लाई जा रही थी और किन क्षेत्रों में इसकी सप्लाई की जा रही थी। पुलिस को आशंका है कि दोनों आरोपी बड़े नशा तस्करी गिरोह से जुड़े हो सकते हैं। पहली कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार त्यागी, हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह और हेड कांस्टेबल उधम सिंह शामिल रहे। दूसरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक यशपाल सिंह सोम, हेड कांस्टेबल यतेन्द्र भारद्वाज और कांस्टेबल अरुण कुमार की भूमिका रही।

# सार्वजनिक स्थान पर सट्टा लगाते दो जुआरी किए गिरफ्तार

**कैराना।** अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना कैराना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सटा लगा रहे दो जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी, सट्टा डायरी और पेन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 12 मई की रात पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध रोकथाम अभियान के तहत कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना के पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर छापेमारी कर दो लोगों को सट्टा लगाते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजीव पुत्र ;षिपाल और शकील पुत्र नजीर निवासी मोहल्ला दरबारखुर्द रेत्तेवाला थाना कैराना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 600 रुपये की नकदी, सट्टा डायरी और पेन बरामद किए हैं। मामले में थाना कैराना पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विनोद राघव, हेड कांस्टेबल सनोज कुमार और कांस्टेबल प्रिंस कुमार शामिल रहे।

# सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में गुंजन सिंह ने किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** देवबंद स्थित दून वैल्ली की होनहार छात्रा गुंजन सिंह ने सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 83 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय और अपने माता-पिता का गौरव बढाया है। गुंजन सिंह की इस सफलता पर परिवारजनों को जमकर बधाईयां मिल रही हैं। ग्राम रामपुर निवासी एडवोकेट संजीव तोमर की सुपुत्री गुंजन सिंह प्रारम्भ से ही देवबंद स्थित दून वैल्ली पब्लिक स्कूल की होनहार छात्रा रही है। गुंजन सिंह ने कक्षा 10 में भी उत्कर्ष अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया था। इसी के साथ गुंजन सिंह ने आज घोषित हुए सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पुनरू अपने विद्यालय और अपने माता-पिता के साथ ही समस्त परिवारजनों का नाम रोशन किया है। गुंजन सिंह की इस



उपलब्धि पर विद्यालय परिवार के साथ ही समस्त परिवारजनों को जमकर बधाईयां मिल रही हैं। सभी ने होनहार छात्रा गुंजन सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बरसात को लेकर चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका परिषद शामली द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने तथा बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नालों और नालियों की सफाई अभियान तेज कर दिया गया है।

बुधवार को एमएसके रोड पर मिनी एक्सेवेटर मशीन से कराए जा रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए पालिकाध्यक्ष अरविन्द संगल ने कहा कि शहर की स्वच्छता बनाए रखना नगर पालिका का पहला दायित्व है। उन्होंने कहा कि यदि शहर साफ और स्वच्छ रहेगा तो नागरिक भी स्वस्थ रहेंगे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नालियों और नालों में पॉलीथिन व



कूड़ा-कचरा न डालें, क्योंकि इन्हीं के माध्यम से शहर के गंदे पानी की निकासी होती है। नालों के अवरुद्ध होने पर जलभराव जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को सफाई के प्रति जागरूक होकर दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए, ताकि स्वच्छ शामली, सुंदर शामली और स्वस्थ शामली का सपना साकार हो सके। बताया कि नगर क्षेत्र के छोटे-बड़े नालों की सफाई के लिए कुबोटा यू 22-3 मिनी एक्सेवेटर मशीन का उपयोग किया जा रहा है। मशीन का परिचालन वजन लगभग 2230 किलोग्राम है तथा इसमें 19 एचपी की क्षमता है।

मशीन लगभग एक घंटे में 10 से 15 मजदूरों के बराबर कार्य करने में सक्षम है। नगर पालिका द्वारा वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले पूरे शहर के नालों, नालियों और आमचकों की सफाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में एमएसके रोड और टंकी रोड पर मशीनों से सफाई कार्य कराया जा रहा है। मौके पर ईओ विनोद कुमार सोलंकी, नामित सभासद हरिओम पाठक, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल सिंह, अवर अभियंता जलकल हर्षित गर्ग, लिपिक लक्ष्मण सिंह, सतबीर शर्मा, देवा वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सक के खिलाफ डीएम से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रसव के दौरान कथित चिकित्सीय लापरवाही से महिला की हालत गंभीर होने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर डीएम को शिकायती पत्र सौंपा। उन्होने निजी अस्पताल की चिकित्सक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित रजनीश सिंह ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी पत्नी गर्भवती थी और उसका उपचार पहले से ही कैराना रोड स्थित हॉस्पिटल में चल रहा था। 11 अप्रैल की रात करीब नौ बजे प्रसव के लिए उनकी पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि रात करीब 11 बजे डॉक्टर ने जांच कर दवाइयां शुरू कीं तथा बाद में बताया कि ऑपरेशन करना पड़ सकता है, लेकिन उस समय अस्पताल में सर्जन मौजूद नहीं था। आरोप है कि 12 अप्रैल रात करीब 2:40 बजे प्रसव



हुआ, जिसके दौरान दो यूनिट रक्त भी मंगाया गया। प्रसव के बाद महिला की हालत लगातार बिगड़ती चली गई। इसके बाद सुबह करीब चार बजे उसे पानीपत स्थित प्रेम हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सकों ने बताया कि प्रसव में लापरवाही के चलते महिला की बच्चेदानी क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसे तत्काल निकालना पड़ेगा। पीड़ित परिवार ने बताया कि मामले की शिकायत 12 मई को सीएमओ के नाम ज्ञापन देकर की गई थी। आरोप है कि जांच के दौरान एसीएमओ द्वारा भी प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने की बात कही गई। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी चिकित्सक और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# सास ने पुत्रवधु के खिलाफ कराया मुकदमा दर्ज

**पुत्रवधू व उसके परिजनों द्वारा मारपीट व प्रताड़ित करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर 7 आरोपियों के खिलाफ हुआ मुकदमा दर्ज।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव हिंड निवासी अखलीम परवीन पत्नी सत्तार के प्रार्थना पत्र के आधार पर न्यायालय ने दिए थाने को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश। प्राथिया का आरोप हैं कि उसके पुत्र हुसैन की शादी गांव जौला निवासी शौकीन की पुत्री रिजवाना परवीन से 2024 में मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी।

पीड़िता की पुत्रवधू ने कुछ समय पश्चात अपने पति हुसैन व उसके घर वालों के साथ लड़ाई झगड़ा तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आए दिन झगड़ा करके अपने घर वालों को बुलाकर 20 लाख रुपये की अवैध मांग कर फैसला करने का दबाव बनाने लगी मना करने पर आत्महत्या करने व बलात्कार के केस में जेल भिजवाने की धमकी देने लगी। उक्त रिजवाना परवीन व उसके घरबाले गुलजार, मुकम्मिल पुत्रगण शौकीन, शौकीन निवासीगण ग्राम जौला थाना बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर एवं मुजम्मिल, मिस्किन पत्नी मुजम्मिल, सोजो पत्नी तवज्जन, निवासीगण ग्राम मसाबी थाना थानाभवन ने प्राथिया के पुत्र को इतना अधिक प्रताड़ित कर दिया कि वह आत्महत्या की ओर अग्रसित हो गया और अपना घर छोड़कर चला गया परिजनों ने हुसैन को काफ़ी ढूंढने का प्रयास किया लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लगा है। जिसके संबंध में वर्ष 2025 मे कर्नाटक राज्य के थाना निवासपुरा कोलार में मुकदमा भी दर्ज है।आरोप है कि प्राथिया दिनांक 15 दिसंबर 2025 दोपहर को घर का कार्य कर रही थी तभी उक्त लोगों ने पुत्रवधू के साथ षडयंत्र करके एक राय होकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया और जब उनके पति ने उन्हें बचाने का प्रयास किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। शोर शराबा सुनकर घर की ओर ग्रामीणों को आता देख उक्त लोग मौके से फरार हो गए। घटना की तहरीर पीड़िता ने 15 दिसंबर 2025 को ही थाना भवन थाने मेंआकर दी थी जिस पर कोई सुनवाई नहीं हुई उसके बाद 20 दिसंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक शामली को एक प्रार्थना पत्र दिया उस पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई।

उसके बाद पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली तब जाकर न्यायालय के आदेश पर थाना भवन पुलिस ने 7 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

# महिला जागरूकता को चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मिशन शक्ति फेस 5.2 अभियान के अंतर्गत दिनांक 13 मई को थाना थानाभवन पुलिस टीम द्वारा कस्बा क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक शामली एन. पी. सिंह के आदेशानुसार प्रभारी निरीक्षक थाना थानाभवन के नेतृत्व में चलाया गया।अभियान के दौरान मिशन शक्ति टीम की महिला हेड कांस्टेबल उपासना एवं गीता द्वारा कस्बा थानाभवन में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में जानकारी दी।

# सीबीएसई में दून वैली की छात्रा नंदनी कुशवाहा ने किया जनपद टॉप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा बारह के परीक्षा परिणाम में देवबंद के स्कूलों का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। दून वैली पब्लिक स्कूल की छात्रा नंदनी कुशवाहा ने 98.8 अंक प्राप्त कर जनपद में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। जबकि दून हिल्स एकेडमी की आरुषि 97.6 प्रतिशत अंकों के साथ नगर में दूसरे और दून वैली के छात्र अभिनव व मेपल्स एकेडमी की छात्रा वैष्णवी ने 97.2 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान पर रहे।

दून वैली स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा शर्मा ने बताया कि छात्रा नंदिनी कुशवाहा ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में टॉपर बनी हैं। जबकि छात्र अभिनव पुंडीर 97.2 अंकों के साथ स्कूल के दूसरे और खुशी 95.8 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। स्कूल के चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता, प्रशासक अनुराग सिंघल ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

दून हिल्स एकेडमी की प्रधानाचार्या डा. अंजली पवार ने बताया कि आरुषि ने सर्वाधिक 97.6 अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया है। जबकि छवि 94.4 अंको के साथ दूसरे और अभिनव राणा व मोहम्मद अली 93.2 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के चेयरमैन प्रदीप वर्मा व डायरेक्टर तनुराज वर्मा









ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

मेपल्स एकेडमी की प्रधानाचार्या डा. चित्रा जोशी ने बताया कि वैष्णवी ने 97.2 अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया है। जबकि शगुन 96.6 अंकों के साथ दूसरे और अविका व दिपाली 96.4 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।





नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या फौजिया नवाज ने बताया कि छात्रा सफीना महबूब 96.6 अंक प्राप्त कर स्कूल में अव्वल, कहकशा 94.6 अंकों के साथ दूसरे और मिशकात 93.2 अंकों के साथ तीसरे नम्बर पर रहीं। संस्थापक डा. नवाज देवबंदी व प्रशासक अब्दुल्लाह नवाज ने बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शानदार कामयाबी पर खुशी का इहजार किया है।

सर्वोदय ज्ञान स्कूल के प्रधानाचार्य रुपेश कुमार सैनी ने बताया कि छात्रा अलीना ने 91.4 अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान पाया है। जबकि खुशालदीप ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और अभिषेक ने 90.2 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनहें शुभकामनाएं दी।

स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या शिप्रा सहगल ने बताया कि अनस सिद्दीकी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया है। जबकि मोहम्मद माज व मोहम्मद सुहैल 91 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे व नमरा उस्मानी 90 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। चेयरमैन साद सिद्दीकी व प्रशासक अहमद सिद्दीकी ने सभी बच्चों को मुबारकबाद पेश की है।

**सूचना**

मैने अपना नाम SALMA से बदलकर TAHIRA रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

TAHIRA W/O JAMSHED
R/O GUJARWARA
KHAND-1 DEOBAND
SAHARANPUR UP 247554

# अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को टक्कर मार दी जिसमें वह घायल हो गया। बस स्टैंड पर काम से आ रहा रामपुर मनिहारान थानाक्षेत्र के उमरी खुर्द निवासी सोमपाल वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। वह ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है और रात के समय किसी काम बस स्टैंड पर आ रहा था। सड़क पार करने के दौरान देवबंद की ओर से आए तेज गति वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इसमें वह घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# मच्छरों का प्रकोप बढ़ा, पालिका से सफाई कराने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश (श्रम प्रकोष्ठ) के अध्यक्ष दिलशाल चार्ली ने बुधवार को पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग को ज्ञापन भेजा है।

इसमें उन्होंने मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए नगर मे फोगिंग व सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। दिलशाद चार्ली ने कहा कि सड़कों पर पड़ने वाले गंदगी और नालियों की सफाई न होने से मच्छर पैदा हो रहे हैं। इनसे बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। जनहित में नगर में फोगिंग कराने के साथ ही सफाई व्यवस्था सुचारु कराने की मांग की है।



# सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अध्यापकों की ओर से आयोजित किए गए सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षकों की बेमिसाल सेवाओं को याद कर उन्हें सम्मानित किया गया। इसमें प्रदीप शर्मा, इल्म चंद, राजेश कुमार, अमीर हसन, नय्यर-उल-इस्लाम, शशि प्रभा और सविता देवी का सम्मान किया गया। साथ ही उच्च प्राथमिक विद्यालय मानकी को ब्लॉक के सर्वश्रेष्ठ संकुल के सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इंचार्ज अध्यापक असद सिद्दीकी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ लेखक व सेवानिवृत्त अध्यापक सय्यद वजाहत शाह ने कहा कि युगों से यह देश साधु-संतों, ऋषि, मुनियों और गुरुओं का रहा है। आज भारत में गुरु का स्वरूप बदला है, मगर उद्देश्य वही है। उन्होंने कहा कि गुरु समाज में प्रथम पायदान पर था, है और हमेशा रहेगा। योगेंद्र मलिक, अरुण कुमार, अरुण त्यागी, उस्मान, वरुण कुमार, मोहम्मद सरवर, अरुणा त्यागी आदि ने भी विचार रखे। इस मौके पर नजर सिद्दीकी, खुर्शीद अहमद, जिले सिंह, मनोज कुमार, असमा, संगीता, सुशीला, आकांशा त्यागी, लता देवी, इमराना सिद्दीकी, रिजवाना, लोकेंद्र, सचिन माहेश्वरी आदि लोग संयुक्त रूप से शामिल रहे।

# क्रेन से टक्कर मार धमकी का आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी रोड पर गलत तरीके से क्रेन चलाकर लोगों की जान जोखिम में डालने और दबंगई दिखाने वाले आरोपी इंतजार को थाना मंडी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आरोपी और उसके दो दबँग बेटों के खिलाफ पत्रकार को क्रेन से टक्कर मारने, मारपीट करने, धमकी देने और फैसले के नाम पर दबाव बनाने के आरोप में थाना मंडी में मुकदमा दर्ज कराया गया था। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों मंडी रोड पर इंतजार और उसके बेटों ने पहले एक पत्रकार को क्रेन से टक्कर मार दी, जिसमें पत्रकार के हाथ की हड्डी टूट गई। पिछले करीब एक महीने से पत्रकार के हाथ में प्लास्टर चढ़ा हुआ है। आरोप है कि हादसे के बाद आरोपी पक्ष ने दबंगई दिखाते



हुए पत्रकार के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। इतना ही नहीं कई बार फोन पर भी धमकी दीं गई थी। जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी पत्रकार द्वारा थाना पुलिस को दी गई है। घटना के बाद इलाके में लोगों में भारी नाराजगी फैल गई थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी इंतजार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कार्रवाई कोतवाली प्रभारी सतपाल सिंह भाटी के नेतृत्व में की गई। स्थानीय ग्रामीणों और व्यापारियों का कहना है कि मंडी रोड अब "मौत का रास्ता" बनती जा रही है-लोगों का आरोप है कि यहां लगातार पुराने कबाड़ हो चुके, बिना फिटनेस, बिना नंबर और बिना लाइसेंस चालकों द्वारा क्रेनें दौड़ाई जा रही हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि कई क्रेन तो नाबा. लिग बच्चों तक चलाते देखे जा सकते है। जिससे हर वक्त बड़े हादसे का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी लापरवाही और अवैध संचालन के चलते पहले भी दो लोगों की जान जा चुकी है, जबकि दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं। कई बार सड़क पर झगड़े और विवाद भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद संबंधित विभाग और अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। लोगों ने सवाल उठाया कि आखिर बिना फिटनेस और बिना नंबर की ये क्रेनें खुलेआम सड़कों पर कैसे दौड़ रही हैं। क्या जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से यह पूरा खेल चल रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मंडी रोड पर चल रही सभी अवैध और खटारा क्रेनों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए, वरना आने वाले दिनों में कोई और बड़ा हादसा हो सकता है।

# केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के प्रति. निधि मंडल ने आज जिलाधिकारी से मिलकर लंबित मुद्दों के निराकरण की मांग की।



अध्यक्ष सुशील त्यागी व महासचिव प्रदीप लूथरा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को बताया कि अवैध ई फार्मेसी संचालन एवं 28 अगस्त 2018 की अधिसूचना व जीएसआर 220 ई 26 मार्च 2020 अधिसूचना की वासी और बडे कारपोरेटस द्वारा प्रीडेटरी मूल्य निर्धारण की मांग को लेकर 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापारी दवा व्यापार बंद का आहवान है। उन्होंने बताया कि अवैध ई फार्मेसी की अनियंत्रित वृद्धि तथा बडे कारपोरेटस द्वारा प्रीडेटोरी मूल्य निर्धारण की प्रवृत्तियां स्थापित औषधी वितरण प्रणाली को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है। यह परिस्थितियां न केवल छोटे एवं मध्यम केमिस्ट के अस्तित्व के लिये खतरा है, बल्कि जन स्वास्थ्य के लिये भी गंभीर जोखिम उत्पन्न करती है। प्रति. निधि मंडल ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें राज्य स्तर पर इस विषय में हस्तक्षेप कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की दिशा में प्रयास की मांग की।

प्रतिनिधि मंडल में कोषाध्यक्ष हरीश सडाना के अलावा अन्य पदाधिकारी भी शामिल रहे।

# खेत में काम कर रहे किसान की बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** खेत पर काम करने गये किसान की स्प्लेंडर बाइक चोरी हो गयी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर बाइक बरामद करने की मांग की है।

बरथाकायस्थ पठेड़ पुलिस चौंकी क्षेत्र के गांव पठेड मुस्तकम निवासी सूफियान पुत्र कय्यूम ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि सोमवार को वह गांव गोवर्धनपुर स्थित खीरे के खेत में काम करने गया था। उसने अपनी नीली पट्टी की स्पलेंडर बाइक रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 11 वी वाई 6193 खेत के पास खड़ी कर दी थी। लेकिन दोपहर बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी बाइक वहां से गायब थी।

पीड़ित किसान ने अपनी बाइक को आसपास काफी तलाश किया और लोगों से पूछताछ भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका।

पीड़ित किसान ने बताया कि उसकी बाइक के टायरों के निशान खेतों के रास्ते चिलकाना की ओर आते देखे गये हैं। लेकिन खेतों के बाद बाइक का कुछ भी पता नहीं चल पाया है। वहीं पुलिस द्वारा पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी गई है।

# साक्ष्य संकलन में न बरतें लापरवाही: मयंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मयंक पाठक द्वारा थाना फतेहपुर का औचक निरीक्षण कर थाना फतेहपुर एवं थाना बिहारीगढ़ के समस्त विवेचकों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान एसपी देहात ने एक-एक कर लंबित पड़े मामलों की स्थिति जानी और विवेचकों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए।

एसपी देहात मयंक पाठक ने सख्त लहजे में कहा कि लंबित विवेचनाओं का निस्तारण केवल कागजी खानापूर्ति नहीं होना चाहिए, बल्कि साक्ष्यों का संकलन पूरी गहनता और निष्पक्षता के साथ किया जाए।




उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले में विधिसम्मत और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि पीड़ितों को न्याय मिलने में देरी न हो। उन्होंने विशेष रूप से महिला संबंधी अपराधों और गंभीर श्रेणी के मुकदमों पर चर्चा करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस को अधिक संवे. दनशील होने की आवश्यकता है। जनहित से जुड़े प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर हल करना पुलिस की मुख्य जिम्मेदारी है। समीक्षा बैठक के दौरान अपराध नियंत्रण को लेकर भी विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। एसपी देहात ने वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने, वारंटों की शत-प्रतिशत तामील सुनिश्चित करने और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रियता ऐसी होनी चाहिए कि अपराधियों में भय और आम जनता में सुरक्षा का विश्वास बना रहे। अंत में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विवेचनाओं में अनावश्यक देरी या लापरवाही पाई गई, तो संबंधित विवेचक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान दोनों थानों के प्रभारी निरीक्षक सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी और विवेचक मौजूद रहे।

# परिवार के लिए पहनें हेलमेट और सीटबेल्ट:राणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही मौतों और ट्रैफिक नियमों के प्रति जनता की लापरवाही को देखते हुए थाना फतेहपुर प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा ने कहा कि जीवन अनमोल है और इसे लापरवाही की भेंट न चढ़ाएं।

थाना प्रभारी ने वर्तमान स्थिति पर कहा कि अक्सर देखा जाता है कि जब पुलिस चेकिंग करती है और लोगों को हेलमेट पहनने के लिए टोकती है, तो लोग सहयोग करने के बजाय रसूख दिखाने लगते हैं। जब पुलिस चीख-चीख कर आपसे हेलमेट पहनने को कहती है, तो पकड़े जाने पर लोग कहीं नेताजी की सिफारिश तो कहीं स्टाफ की धौंस दिखाकर आगे निकल जाते हैं। लेकिन लोग यह भूल जाते हैं कि यमराज के यहाँ कोई जुगाड़ या स्टाफ की धौंस नहीं चलती। हाल ही में मेरठ-दिल्ली हाईवे पर हुई एक दर्दनाक दुर्घटना का जिक्र करते हुए वीरेंद्र सिंह राणा ने बताया कि एक व्यक्ति बिना हेलमेट के जा रहा था, जिसकी सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि अगर आज उसके सिर पर हेलमेट होता, तो शायद नतीजा कुछ और होता।

# विद्यालय भवन विवाद में नया मोड़, नहीं मिला न्याय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर क्षेत्र सहारनपुर में संचालित एक परिषदीय विद्यालय को किराये के भवन से स्थानांतरित किए जाने के बाद भी भवन स्वामी को भवन वापस न किए जाने तथा आईजीआरएस शिकायत के कथित अधूरे निस्तारण का मामला अब और तूल पकड़ता जा रहा है। मामले में अब खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजा गया पत्र भी सामने आया है,जिससे पूरे प्रकरण में कई नए सवाल खड़े हो गए हैं।

दी गई विज्ञप्ति के अनुसार शिकायतकर्ता द्वारा आईजीआरएस शिकायत दर्ज कर विद्यालय भवन खाली कराए जाने और भवन स्वामी को कब्जा वापस दिलाने की मांग की गई थी। आरोप है कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शिकायत का केवल औपचारिक निस्तारण करते हुए अधूरी एवं भ्रमित जांच आख्या प्रस्तुत कर दी गई। विज्ञप्ति में कहा गया कि शिकायतकर्ता का मकान, जिसमें पूर्व में प्राथमिक विद्यालय राणा प्रताप कॉलोनी, नवाबगंज नगर क्षेत्र सहारनपुर संचालित था,उसे लगभग तीन वर्ष पूर्व बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर विद्यालय को अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। इसके बावजूद भवन स्वामी को आज तक भवन का पूर्ण कब्जा वापस नहीं मिल सका। शासन एवं बेसिक शिक्षा विभाग के आदेशों का हवाला देते हुए कहा गया कि नगर क्षेत्र के किराये के भवनों में संचालित परिषदीय विद्यालयों को आवश्यकता पड़ने पर स्थानांतरित करने की अनुमति दी गई थी। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया कि जिन विद्यालयों में छात्र संख्या कम है अथवा ऑपरेशन कायाकल्प के 14 मानकों को पूरा करने में कठिनाई हो रही है,उन्हें दूसरे स्थानों पर संचालित किया जा सकता है। पीड़ित आबिद हसन के द्वारा विज्ञप्ति में आरोप लगाया गया कि विभागीय अधिकारियों द्वारा नियमों और व्यवस्थाओं के विपरीत कार्य करते हुए विद्यालय स्थानांतरण के बाद भवन स्वामी को उसका भवन सुपुर्द नहीं किया गया,शिकायतकर्ता आबिद हसन का कहना है कि उनके मकान में तीन वर्षों तक विद्यालय संचालन के बाद भी भवन खाली नहीं कराया गया और विद्यालय का फर्नीचर व अन्य सामग्री लंबे समय तक भवन में रखी रही। इसी बीच खंड शिक्षा अधिकारी,नगर क्षेत्र सहारनपुर द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजे गए पत्र में भी संबंधित प्रकरण का उल्लेख किया गया है। पत्र में आईजीआरएस शिकायत संख्या का हवाला देते हुए विद्यालय के स्थानांतरण,भवन की स्थिति,छात्र संख्या तथा विभागीय आदेशों के क्रम में विस्तृत जानकारी दी गई है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि विद्यालय को शासनादेशों एवं विभागीय निर्देशों के तहत स्थानांतरित किया गया था तथा विद्यालय के संचालन और भवन उपयोग से संबंधित बिंदुओं की जांच की गई। पत्र के अनुसार विद्यालय में छात्र संख्या कम होने और भवन में मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण विद्यालय को दूसरे स्थान पर संचालित किया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि विभागीय स्तर पर उपलब्ध अभिलेखों एवं स्थलीय स्थिति के आधार पर आख्या तैयार की गई है। हालांकि शिकायतकर्ता का आरोप है कि वास्तविक स्थिति को पूरी तरह प्रस्तुत नहीं किया गया।

# किसानों को करें जागरूक: ओ पी सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उप गन्ना आयुक्त ओ. पी. सिंह ने परिक्षेत्र के तीनो जनपदों के जिला गन्ना अधिकारियों व सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों, तथा चीनी मिलों के महाप्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि वें स्वयं तथा फील्ड स्टॉफ के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये।



उन्होंने कहा कि वर्तमान में गन्ने की फसल में चोटी बेधक (टॉप बोरर) के प्रकोप के प्रति जागरूक करें। गन्ने की फसल को इस टॉप बोरर से बचाना अति आवश्यक है नही तो गन्ने की फसल की पैदावार प्रभावित हो सकती है। इसलिए गांव गांव में गोष्ठी और किसान चौपाल आदि से किसानो को सुझाव दिए जाएं कि किसान भाई टॉप बोरर से बचाव के लिए प्रभावित पत्तियों को तोड़कर जला दें। फेरोमोन ट्रैप और लाइट ट्रैप का प्रयोग करें। सीरासागी 150 ग्राम प्रति एकड़ का छिड़काच करें। खेत में यूरिया का प्रयोग भी करें। सबसे पहले ऐसे प्रभावित जिसमे टॉप बोरर कीट की सुंडी (लारवा) गन्ने के तने (स्टॉक)में छेदकर घुस गया है, इसको काटकर नष्ट करना एक बेहतर उपाय है ताकि कीट की अगली पीढ़ी न उत्पन्न हो।

# यमुना में छोड़ा गया काला पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** विकास खंड सरसावा क्षेत्र के शाहजहांपुर स्थित यमुना नदी में एक बार फिर प्रदूषित काला पानी छोड़े जाने का मामला सामने आया है। यमुना खादर क्षेत्र के लोगों में इसको लेकर भारी रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि यमुना नदी आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां आगामी दशहरा पर्व पर आसपास के गांवों सहित हरियाणा व दूरदराज क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पूजा-अर्चना और आस्था की डुबकी लगाने पहुंचते हैं। लेकिन नदी में लगातार छोड़े जा रहे काले एवं दूषित पानी से श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंच रही है। लोगों ने चिंता जताते हुए कहा कि



यदि समय रहते प्रदूषण पर रोक नहीं लगाई गई तो श्रद्धालुओं को स्नान करने और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। साथ ही दूषित पानी से जलीय जीवों एवं पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। क्षेत्र के झरौली, शाहजहांपुर भिक्कनपुर, असदपुर, जलालपुर, कुतुबपुर आदि के ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि यमुना में छोड़े जा रहे दूषित पानी के स्रोत का जल्द पता लगा सख्त कार्रवाई की जाए।

## जान से मारने की धमकी

**गंगोह।** एक मजदूर के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि कुछ दबंगों ने उसे घर से जबरन उठाकर पीटा। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरो. पियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

मोहल्ला गुलाम औलिया निवासी कासिम ने कोतवाली में दी गई तहरीर कहा है कि वह घर पर अकेला था, तभी मोहल्ले के कुछ लोग जबरन उसके घर में घुस आए। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए उसे धक्का-मुक्की कर घर से बाहर निकाला। आरोप है कि दबंग उसे तीतरों रोड स्थित एक टायर पंचर की दुकान पर ले गए। वहां उस पर बदनाम करने का आरोप लगाया।

# निगम जांच टीम से अभद्रता, दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम के अधिकारियों ने दिल्ली रोड स्थित राम विहार कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ कोतवाली थाना सदर में नगर निगम की जांच टीम के साथ अभद्रता करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में तहरीर दी है। थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की है।

पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर दिल्ली रोड स्थित बलियाखेड़ी ब्लॉक के पीछे रामविहार कॉलोनी में एक डेयरी संचालक द्वारा गंदगी फैलाये जाने की शिकायत की गयी थी। आज दोपहर जब उनके नेतृत्व में जांच टीम प्रवर्तन दल के



साथ उक्त शिकायत की जांच के लिए रामविहार कॉलोनी पहुंची। जांच के दौरान आस पास गंदगी फैली पायी गयी और पोर्टल पर की गयी शिकायत को सही पाया गया।

डॉ. मिश्रा के अनुसार कार्रवाई के दौरान वहां मिले एक युवक ने टीम के साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ने पर टीम ने उक्त युवक को पकड़कर सदर थाना पहुंचाया और उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि नगर निगम की ओर से आरोपी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और अभद्र व्यवहार करने के आरोप में तहरीर दी गई है। निगम अधिकारियों ने कहा है कि शहर में गंदगी फैलाने और कार्रवाई में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कैंटीन से गैस सिलेन्डर चोरी की घटना कैमरे में कैद

**चिलकाना।** नगर स्थित आबकारी विभाग के देशी मदिरा की कैंटीन से चोरों द्वारा गैस सिलेंडर चोरी कर लिया गया। चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की।

नगर के मोहल्ला हामिद हसन निवासी जिन्दा हसन पुत्र कल्लन ने थाना पर तहरीर देते हुए अवगत कराया कि वह दुमझेडा रोड स्थित आबकारी विभाग के देशी मदिरा के ठेके की कैंटीन चलाता है। आरोप है कि शनिवार की रात्रि को एक युवक छत से होते हुए कैंटीन में घुस आया ओर कैंटीन में रखा सिलेंडर चोरी कर ले गया। चोरी की यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। कैमरे की मदद से आरोपी की पहचान अमन उर्फ गद्धा पुत्र रघुवीर निवासी मोहल्ला गढी कस्बा व थाना चिलकाना के रूप में हुई। पीड़ित ने बताया है कि आरोपी के साथ किसी अन्य व्यक्ति के होने की भी सम्भावना है। आरोपी पहले भी तीन सिलेंडर इसी प्रकार चोरी कर चुका है जो कि बार बार चोरी करने का अभ्यस्त है। वहीं पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# जीवन में प्राप्त करें संत कृपा: पं.संजय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर कम्बोहमजरा में चल रही श्रीराम कथा के चौथे दिन प्रसिद्ध कथावाचक पंडित संजय प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि जीवन मे यदि संत कृपा प्राप्त हो जाए तो मनुष्य मानव से महामानव बन जाता है भगवान श्रीराम ने संतो की खोज कर उनका सानिध्य प्राप्त किया।

उन्होंने बाल्यकाल में गुरु वशिष्ठ से संस्कारवान शिक्षा ग्रहण कर तरुण अवस्था में विश्वामित्र जी से योग, शास्त्र और शस्त्र विद्या का ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि प्रभु राम ने युवावस्था मे जनकपुर की यात्रा में शतानंद जनक व परशुराम जी वनवास काल में भारद्वाज अत्रि



वाल्मिकी आदि ऋषियों-मुनियों से शस्त्रास्त्र महाविद्या सामाजिक, राजनीतिक ज्ञान प्राप्त कर महाशक्तिशाली रावण जैसे दुष्ट अत्याचारी के विरुद्ध वानर भालू आदि को उनकी सोई हुई शक्ति जगाकर युद्ध में विजय प्राप्त कर संसार को भयमुक्त राज्य प्रदान किया। उन्होंने सत्कर्मो से मानव से महामानव और भगवान बनकर जीवन जीने का संसार को संदेश दिया।

इस अवसर पर महंत सतोषदास, महंत गणेशदास, बूटाराम, प्रेमचंद, गौरव कश्यप, नितिन कुमार, कार्तिक काम्बोज, रामकुमार, निर्मला, पंकेश, छवी, अनुज, सोनिका, बबली, डोली आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।


## कार्यालय पशु कल्याण अनुभाग, नगर निगम सहारनपुर।

पत्रांक:- 31 / प.क.अनु./ न.नि. सहा./2026-27 दिनांक:- 13/05/26

-: ई-निविदा सूचना :-

नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर निगम सहारनपुर द्वारा बकरीद पर्व पर पशु अपशिष्ट (पेठा) उठान के कार्य वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ई-निविदा दिनांक 18.05.2026 को अपरान्ह: 3:00 बजे वेबसाइट etender.up.nic.in पर डबल बिड सिस्टम से (टैक्निकल / फाईनेन्शल) ऑनलाईन के माध्यम से निविदा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि वेबसाईट etender.up.nic.in पर ही ऑनलाईन व्यवस्था के अन्तर्गत देय होगी तथा पेन नम्बर, जी.एस.टी. निविदा प्रपत्र में उल्लेखित शर्तों में मांगे गये अन्य समस्त प्रपत्र निविदादाता को ऑनलाईन टैक्निकल बिड में अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रपत्र अपलोड न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी, जिस हेतु कोई क्लैम मान्य नही होगा एवं ऑनलाईन टैक्निकल निविदा दिनांक 18.05.2026 को etender.up.nic.in के द्वारा खोली जायेगी। विस्तृत शर्ते, विवरण, एवं निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in एवं saharanpur.nic.in पर उपलब्ध है। यदि ई-निविदा की किसी भी शर्त में कोई संशोधन किया जाता है तो उसका प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जायेगा बल्कि उपरोक्त वेबसाइट पर ही सूचित किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| E-Bid Referance | 31/ निविदा / 2026-27 दिनांक 13.05.2026 |
| Publish Date and time for RFP | दिनांक 13.05.2026 से |
| Last Date time for submission of E-Bids | दिनांक 18.05.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक |
| Date and time of Technical opening bids | दिनांक 18.05.2026 को 04:00 बजे |
| Palace of opening of E-bids | Nagar nigam Saharanpur |
| Inheritance Money | 1,00.000/- (One Lakh Rupees) |
| Tender Cost With GST | 590/- |

नोट:- बिना अग्रिम जमा धनराशि / टेण्डर मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

**पशुचिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी**
**नगर निगम सहारनपुर**

# मुंबई के खिलाफ अहम मुकाबले में पंजाब की प्लेऑफ उम्मीदें दांव पर

**धर्मशाला, वार्ता।** पंजाब किंग्स गुरुवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने अहम आईपीएल 2026 मुकाबले में उतरेगी। इस मैच में पंजाब के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें दांव पर लगी हैं, क्योंकि उनका सामना एक ऐसी टीम से है जो टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है, लेकिन जो दूसरी टीमों का खेल बिगाड़ने की क्षमता रखती है। पंजाब ने इस सीजन की शुरुआत जबरदस्त अंदाज में की थी और अपने पहले सात मैचों में कोई मैच नहीं हारा था, लेकिन अहम मोड़ पर आकर टीम अचानक लड़खड़ा गई है। लगातार चार हार ने टीम की लय तोड़ दी है, जिससे वह पॉइंट्स टेबल में 13 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर खिसक गई है। पूरे सीजन में मजबूत नेट रन रेट और धमाकेदार बल्लेबा के बावजूद, गेंदबा में तालमेल की कमी टीम के लिए एक बड़ी चिंता बनकर उभरी है। हालांकि, उनकी बल्लेबाजी अब भी इस टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक



बल्लेबाजयिों में से एक है। टीम ने इस सीजन में कई बार 200 रन का आंकड़ा पार किया है, जिसका श्रेय उनके निडर टॉप ऑर्डर को जाता है। ओपनर प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने टीम को तेज शुरुआत दी है, जबकि कूपर कोनोली और कप्तान श्रेयस अय्यर जैसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ने मिडिल ऑर्डर को मजबूती दी है। श्रेयस अय्यर खास तौर पर बेहतरीन फॉर्म में हैं, उन्होंने एक तरफ पारी को संभाला है, तो दूसरी तरफ तेज स्ट्राइक रेट भी बनाए रखा है। गेंदबा की बात करें तो, हाल के मैचों में पंजाब की मुश्किलें साफ नजर आई हैं। अर्शदीप सिंह, जो टीम के सबसे भरोसेमंद विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं, उनके प्रयासों के बावजूद टीम के गेंदबाज बड़े स्कोर का बचाव करने में बार-बार नाकाम रहे हैं। सहायक गेंदबाजों ने अहम मौकों पर खूब रन लुटाए हैं, जिससे दबाव वाले हालात में टीम की गेंदबा में गहराई और नियंत्रण की कमी साफ जाहिर हुई है। दूसरी ओर, मुंबई की टीम बिना किसी प्लेऑफ दबाव के धर्मशाला पहुंची है, लेकिन उनके लिए अपनी साख दांव पर लगी है। पांच बार की चैंपियन यह टीम अभी पॉइंट्स टेबल में छह पॉइंट्स के साथ नौवें स्थान पर है और प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। हालांकि, उनके हालिया प्रदर्शन से पता चलता है कि वे अब भी एक खतरनाक टीम हैं और विरोधी टीमों की योजनाओं को बिगाड़ने की क्षमता रखती हैं।

### खुशाल सेंटर ने यंगस्टर क्लब को 9 विकेट से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने पूसा यंगस्टर क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में बुधवार को 9 विकेट से रौंद दिया। टॉस तने के बाद, खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने पहले फील्डिग करने का फैसला किया। पूसा यंगस्टर क्रिकेट क्लब ने 36 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाए, जिसमें अभिोक रायकवार 67द्ध72ऋ और शिवम नागर 33द्ध40ऋ का अहम योगदान रहा। वहीं, खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर के गेंदबाजों में संपर्क गुप्ता ने 34 रन देकर 3 विकेट, गणेश भगत ने 9 रन देकर 2 विकेट और यथार्थ सिंह ने 27 रन देकर 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए, खुशाल क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने 17-1 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। इसमें माधव खुशिक 80(43) और इब्राहिम 84(60) की शानदार पारियों की मदद से टीम ने 9 विकेट से मैच त लिया।

## पैट कमिंस पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना



**अहमदाबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिस पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। हैदराबाद की टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 56वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध था-जो न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित है, इसलिए कमिस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। हैदराबाद को इस मुकाबले में गुजरात के हाथों 82 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा।

**खेल विशेष**

### ईस्ट बंगाल बना IWL 2025-26 का चैंपियन

**कोलकाता, वार्ता।** ईस्ट बंगाल एफसी ने इंडियन वीमेंस लीग (आईडब्ल्यूएल) 2025-26 का खिताब शानदार अंदाज में अपने नाम किया। नीता फुटबॉल एकेडमी के खिलाफ 2-0 की त के साथ, उन्होंने दो मैच बाकी रहते ही अपना खिताब बरकरार रखा। इससे पहले दिन में, गोकुलम केरल एफसी ने श्रीभूमि एफसी के खिलाफ 1-0 से त हासिल की, जबकि सेतु एफसी और सेसा फुटबॉल एकेडमी के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। मैचडे 12 के खत्म होने के बाद, चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी 33 अंकों के साथ तालिका में शीर्ा पर है। सेतु एफसी 23 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि किकस्टार्ट एफसी कर्नाटक 19 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। नीता फुटबॉल एकेडमी और गो. कुलम केरल एफसी तालिका के मध्य में 16-16 अंकों के साथ बराबरी पर हैं। सेसा फुटबॉल एकेडमी तीन अंकों के साथ आठवें स्थान पर है।

### डार्डेरी ने रोमांचक मैच में ज्वेरेव को अपसेट किया

**रोम, वार्ता।** लुसियानो डार्डेरी ने मंगलवार को इटेलियन ओपन में इस सीजन की सबसे शानदार वापसी वाली त में से एक हासिल की, जहां उन्होंने रोम में दूसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराने के रास्ते में चार मैच पॉइंट बचाए। डार्डेरी दूसरे सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 5/6, 7/8, 8/9 और 9/10 के स्कोर पर मैच पॉइंट बचाए, और आखिरकार अपने दूसरे सेट पॉइंट पर सेट बराबर कर लिया। इटली की जोशीली भीड़ के सामने, डार्डेरी ने तीसरे सेट में जोरदार खेल दिखाते हुए 1-6, 7-6(10), 6-0 से त दर्ज की, जिससे इटली की राजधानी में जश्न का माहौल बन गया।

### ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी-20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने आगामी आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के लिए सोफी मोलिनक्स की अगुवाई वाली अपनी टीम में मुख्य तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन को जगह नहीं दी है। ब्राउन टूर्नामेंट के पिछले दो संस्करण में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए खेल चुकी हैं, लेकिन चयनकर्ताओं ने उनकी जगह कम अनुभवी बाएं हाथ की गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को टी-20 विश्व. कप के लिए टीम में चुना है। ब्राउन की जगह हैमिल्टन को शामिल करना चौकाने वाली बात है। हाल ही में चोटों की चिंताओं के बावजूद बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स को टीम की कप्तानी के लिए चुना गया है। हैमिल्टन ने पिछले साल अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी और तब से उन्होंने सभी फॉर्मेट में सीनियर टीम के लिए डेब्यू किया है।

## नेहरा के प्लान को गिल अमल में लाते हैं: संजय

**अहमदाबाद, वार्ता।** नई गेंद से कगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज। तेज गेंदबा में बदलाव के लिए प्रसिद्ध कृणा और जेसन होल्डर। मुख्य स्पिनर के तौर पर राशिद खान। यह एक ऑल स्टार टेस्ट ग्प जैसी लगती है।

इन तेज गेंदबाजों के साथ किसी भी कप्तान (शुभमन गिल) को शानदार एहसास होगा। ऐसा अंबाती रायुडू ने गुजरात टाइटंस (टी) की सनराइजर्स हैदराबाद (एस आरएच) के खिलाफ बड़ी त के बाद मजाकिया लहजे में कहा। पूर्व क्रिकेटर संजय बांगर ने टी के अंक तालिका में पहले स्थान पर जाने के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो पर कहा कि मेरे हिंसाब से आपको आशीा नेहरा को क्रेडिट देना होगा क्योंकि जो गेंदबाज उनके अंडर खेलते हैं उनके ऊपर उनका काफी प्रभाव है। सिराज जैसे कई गेंदबाज हैं जो 2017-18 में करियर की शुरुआत में उनके अंडर खेले हैं। उस समय वह वो सिराज नहीं थे जो आज हैं। लेकिन वह टी में अपने समय का कगिसो रबाडा के साथ आनंद ले रहे हैं। 2019 और 2020 सीजन में (दिल्ली कैपिटल्स के साथ, 25 और 30 विकेट) उनके शानदार सीजन को नहीं भूलना चाहिए, लेकिन इसके बाद उनकी फॉर्म में गिरावट आई थी। उन्होंने कहा,किसी तरह वह (नेहरा) उनका बेस्ट निकाल ले रहे हैं। मो. हित (शर्मा, 2023 में) एक और उदाहरण हैं जिन्होंने उनके अंडर बेहद शानदार काम किया है। मोहम्मद शमी (2023 में) भी। इस सीजन होल्डर भी। मुझे लगता है उनका (नेहरा का) ध्यान केवल ए है।

### यूपी टी-20 लीग का चौथा संस्करण 14 अगस्त से ग्रीनपार्क में

**कानपुर, वार्ता।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) ने यूपी टी-20 लीग का चौथा संस्करण 14 अगस्त से छह सितम्बर के बीच कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम पर खेला जाएगा। यूपी टी 20 लीग के चेयरमैन संजय कपूर ने बुधवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में लीग के सीजन-4 के विस्तृत रोडमैप की घोाणा कर दी। इस बार लीग का मुख्य फोकस कंसोलिडेशन एंड डिलीवरी पर रहेगा, जिसके माध्यम से प्रतियोगिता को नए स्तर पर ले जाने की तैयारी की गई है। लीग में प्रदेश भर की छह फेंचाइ टीमें भाग लेंगी। इस सीजन में संरचित रिटेंशन नीति लागू की गई है, जिसके तहत प्रत्येक फेंचाइ न्यूनतम छह और अधिकतम 12 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकेगी, ताकि टीम संतुलन और निरंतरता बनी रहे।

## तमिलनाडु व उत्तराखंड में भी होगा हॉकी इंडिया लेवल-1 कोचिंग कोर्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने देश में जमीनी स्तर पर तकनीकी मानको को बेहतर बनाने के मकसद से हॉकी इंडिया लेवल -1 कोचिंग कोर्स कार्यक्रम में का विस्तार करते हुए तमिलनाडु और उत्तराखंड को भी इसमें शामिल किया है।

यह कोर्स मई और जून 2026 में कोयंबटूर (तमिलनाडु) और हरिद्वार (उत्तराखंड) में कई बैच में चलाया जाएगा। कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन 13 मई को शुरू होगा और 17 मई को खत्म होगा।अपनी शुरुआत से लेकर, 2019 से 2026 तक हुए हॉकी इंडिया कोा. चंग एजुकेशन पाथवे कोर्स ने देश भर में 600 से अधिक कोच को आधिकारिक तौर प्रमाणित किया



है। पूर्व कप्तान और कोच रानी रामपाल ने कहा कि एक खिलाड़ी से कोच बनना एक अलग सफर है, और हॉकी इंडिया कोचिंग एजुकेशन पाथवे इस प्रोसेस में बहुत जरूरी रहा है। जिन्हें इस कार्यक्रम से भी फायदा हुआ और जो एफआईएच एकेडमी लेवल 3 सर्टिफाइड कोच हैं। फॉर्मल लेवल पर आगे बढ़ने से मुझे आधुनिक कोचिंग के तरीकों, तकनीकी योजना और एथलीट प्रबंधन की बहुत गहरी और ज्यादा स्ट्रक्चर्ड समझ मिली। उन्होंने कहा कि हमारे घरेलू इकोसिस्टम के लिए, यह फेमवर्क सच में एक गेम-चेंजर है। यह पक्का करता है कि देश भर के कोच एक ही टेक्निकल भाा बोलें। सब-जूनियर टीम के साथ अपने रोल में, मैं खुद देखती हूं कि डेवलपमेंट के स्टेज पर इन एडवांस्ड इंटरनेशनल कॉन्सेप्ट को लागू करने से हमारे युवा एथलीट की ग्रोथ सीधे तौर पर कैसे तेज होती है और उन्हें सबसे ऊंचे लेवल के लिए तैयार करती है।

## सिनर ने सबसे लंबी मास्टर्स 1000 की स्ट्रीक में जोकोविच की बराबरी की

**रोम, वार्ता।** दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर ने मंगलवार को इटेलियन ओपन के पुरुों के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिए अपने हमवतन खिलाड़ी एंड्रिया पेलेग्रिनो को सीधे सेटों में हराया। इस त के साथ उन्होंने नोवाक जोकोविच के लगातार 31 एटीपी मास्टर्स 1000 त के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। सिनर ने शुरुआती सेट के दौरान बेसलाइन से लगातार दबाव बनाए रखा।

उन्होंने अपनी गहराई और निरंतरता का इस्तेमाल करते हुए जल्दी ही एक 'ब्रेक' हासिल कर लिया और सेट को 6-2 से अपने नाम कर लिया। पेलेग्रिनो ने दूसरे सेट में अपने खेल का स्तर बढ़ाया। वे बेसलाइन के अंदर आकर ज्यादा आक्रामक तरीके से खेलने लगे और सिनर को कई जोरदार




रैलियों में उलझा दिया। शुरुआती दौर में दोनों के बीच कड़ा मुक. ाबला हुआ, लेकिन सातवें गेम में सिनर ने अपने प्रतिद्वंद्वी की गलतियों का फायदा उठाते हुए निर्णायक 'ब्रेक' हासिल कर लिया। इसके बाद शीर्ा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने मैच को 6-3 से त लिया। सिनर ने कहा कि मुझे लगा कि आज हम दोनों के बीच एक अच्छा मैच हुआ, जो शारी. रिक रूप से भी काफी जोरदार था। उन्होंने आगे कहा कि वे अपने खेल में छोटी-छोटी चीजें जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इस त के साथ, सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार 31 मैच तने के उस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली, जिसे जोकोविच ने 2011 में बनाया था। इसके अलावा, उन्होंने टूर-स्तर पर अपनी लगातार त की स्ट्रीक को बढ़ाकर 26 मैचों तक पहुंचा दिया, जो उनके करियर की सबसे लंबी स्ट्रीक के बराबर है। पुरुष एकल के चौथे दौर के अन्य मैचों में, इटली के 18वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी ने दूसरे सेट में चार 'मैच पॉइंट' बचाते हुए।

## ऑरेंज कैप के लिए सुदर्शन दे रहे क्लासन को टक्कर

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस (टी) के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ 61 रनों की पारी खेलते हुए 17वें ओवर में आउट होने तक वह ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली थी। लेकिन एसआरएच के हाइनरिक क्लासन 14 रन बनाकर आउट हुए और ऑरेंज कैप पर कुछ ही देर में दुबारा कब्जा कर लिया। मंगलवार को एसआरएच के हाइनरिक क्लासन ने लक्ष्य करते हुए अपनी पारी की शुरुआत सुदर्शन के 501 रनों से केवल सात रन पीछे रहते हुए की थी।

भले ही क्लासन बड़ी पारी नहीं खेल सके और केवल 14 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन उन्होंने ऑरेंज कैप हासिल किया। 508 रन के साथ फिलहाल वह



शीर्ा पर हैं।

क्लासन और सुदर्शन इस सीजन 500 रनों का आंकड़ा पार करने वाले दो बल्लेबाज हैं और उनके पीछे एसआरएच के अभिोक शर्मा (481 रन), केएल राहुल (दिल्ली कैपिटल्स, 477), और गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल (467 रन) हैं। वहीं पर्पप कैप की बात की जाए तो 2016 और 2017 में पर्पल कैप हासिल करने वाले भुवनेश्वर कुमार इस बार कगिसो रबाडा शीर्ा पर साथ दे रहे हैं। रबाडा इस सीजन पावरप्ले में अदभुत फॉर्म में हैं और एसआरएच के खिलाफ उन्होंने अभिोक, किशन और स्मरण के विकेट निकाले।

## आयशा का रिकॉर्ड तेज शतक

**कराची, वार्ता।** आयशा जफर (नाबाद 102) की रिकॉर्ड शतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में जिम्बाब्वे को 153 रनों से शिकस्त दी। इस त के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों 1-0 से बढ़त बना ली है। मंगलवार रात खेले गए मुक. ाबले में आयशा जफर ने अपनी दो छक्के और 15 चौके लगाए और पाकिस्तान महिला के लिए रिकॉर्ड त में तीसरा सबसे तेज महिला टी-20 शतक बनाया।

उनकी नाबाद 47 गेंदों में 102 रनों की पारी के दम पर पाकिस्तान ने पांच विकेट पर 237 रन का स्कोर बनाया। यह पहली बार था जब उन्होंने इस प्रारुप में 200 का आंकड़ा पार किया। जवाब में बल्लेबा करने उतरी जिम्बावे की टीम पाकिस्तानी गेंदबा आक्रमण के आगे 84 रन पर ढ़ेर हो गई। जिम्बावे की ओर से नताशा



मटोम्बा (24), एडेल जिमुनु (18) और बिलवड बिजा (10) ही दहाई अंक तक पहुंच सके। पाकिस्तान ने 153 रनों से बड़ी त दर्ज की। यह टी-20 में रनों के हिंसाब से उनकी अब तक की सबसे बड़ी त थी। 31 साल की जफर ने लगभग दो साल बाद मार्च में टीम में वापसी की थी। उन्होंने लेग-साइड हिट्स के साथ शानदार प्रदर्शन किया, अपना पहला टी-20 अर्धशतक बनाया और इसे इसे तीन अंकों में तब्दील किया। इसके अलावा आलिया रियाज ने (48) और गुल फिरोजा ने (37) रनों का योगदान दिया। पाकिस्तान की ओर से फातिमा सना ने तीन विकेट लिए। सादिया इकबाल, नतालिया परवेज को दो-दो विकेट मिले।

## यूपी के चौथे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास करेंगे योगी

**गोरखपुर, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 16 मई को पूर्वांचल के पहले और प्रदेश के चौथे अंतर्राट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का भूमि पूजन एवं शिलान्यास करेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग पर स्थित ताल नदोर में बनने वाला यह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 392-94 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा। निर्माण कार्य के लिए पहली किश्त के रूप में 63-39 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। साथ ही एलाइनमेंट, मिट्टी भराई, लेव. लिग और भारी निर्माण उपकरणों की स्थापना का कार्य भी शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार

**16 मई को सीएम योगी गोरखपुर में करेंगे भूमि पूजन**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में शामिल यह स्टेडियम गोरखपुर को अंतर्राट्रीय खेल आयोजनों और विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के नए केंद्र के रूप में पहचान दिलाएगा। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कानपुर और लखनऊ में अंतर्राट्रीय क्रिकेट स्टेडियम मौजूद हैं, जबकि वाराणसी में निर्माण कार्य चल रहा है।

गोरखपुर इसका चौथा केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पर्याप्त भूमि उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन मार्ग पर ताल नदोर क्षेत्र में भूमि चिन्हित की थी। कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग ने स्टेडियम निर्माण कार्य को 23 दिसम्बर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। करीब 46 एकड़ क्षेत्रफल में बनने वाले इस स्टेडियम की दर्शक क्षमता लगभग 30 हजार होगी। ग्राउंड प्लस टू फ्लोर मॉडल पर बनने वाले स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए सात प्लेइंग पिच और चार प्रैक्टिस पिच बनाई जाएंगी।

# लालवाला में हिंसा भड़काने के दो आरोपी गिरफ्तार

## डीएम-एसएसपी ने कहा- किसी भी हालत में कानून-व्यवस्था एवं शांति भंग नहीं करने दी जाएगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना देवबंद पुलिस ने विगत 9 मई को थाना क्षेत्र के गांव लालवाला में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई थी जिसमें दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हो गए थे।

बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान एवं एसएसपी अभिनंदन ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि विगत 9 मई को करीब 40-50 लोगों की भीड़ ने ट्रैक्टर, लाठी-डंडे, सरिया और पत्थरों के साथ एक पक्ष के घर पर हमला कर दिया था तथा मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों पर भी पथराव किया गया था। उन्होंने बताया कि थाना देवबंद पुलिस ने विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज, विभिन्न वीडियो एवं ऑडियो तथा सीडीओर का अवलोकन कर एवं गवाहों के बयानों से प्रथम सूचना रिपोर्ट के तथ्यों की पुष्टि की है जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों शेरसिंह उर्फ शेरू पुत्र कबूला सिंह व अक्षय पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम लालालवाला थाना देवबंद गिरफ्तार कर लिया। जिलाधिकारी व एसएसपी ने बताया कि 9 मई को वादी द्वारा अपने ही गांव में राजसिंह से करीब 15 वर्ष पूर्व यह जमीन खरीदी थी जिस पर वह लगातार काबिज चला आ रहा था तथा अपना घेर बना रखा था। यह जमीन वर्तमान में कीमती तथा आबादी में होने के कारण गांव के रामचंद्र आदि लोगों में मन लालच आ गया था और विपक्षी नरेश जिसके पिता रामसिंह का नाम चकबंदी आदि से पृथक गाटा होने के कारण वसीयतनामा के आधार पर रामसिंह आदि का नाम अंकित चला आ रहा है।



वर्तमान में इस विवादित स्थल पर आबादी बनी है जिसे लेकर रविंद्र सिंह एवं नरेश पुत्र रामसिंह आदि में विवाद है। रविंद्र उर्फ रमेश निवासी लालवाला का आबादी बनाकर कब्जा चला आ रहा है। इसी का फायदा उठाकर रामचंद्र आदि ने नरेश को उकसाकर जमीन पर जातिगत रंग देकर कब्जा करने का प्रयास किया गया था। डीएम व एसएसपी ने बताया कि इसी मामले को लेकर 9 मई को रामचंद्र द्वारा अपने साथी शेरसिंह उर्फ शेरा पुत्र कबूला आदि 40-50 महिला-पुरूष एकत्र होकर ट्रैक्टर सहित वादी के घर पर पहुंचे तर्था इंट, पत्थर, लाठी-डंडे, सरिया व दाव आदि से हमला कर दिया था जिसमें कई लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया। डीएम व एसएसपी ने कहा कि जनपद में किसी भी व्यक्ति को कानून-व्यवस्था व शांति भंग करने नहीं दी जाएगी। यदि किसी ने ऐसा करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कठोर से कठोरतम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# 19 को होगा प्रशिक्षण शिविरः चौ.नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि 19 मई को मण्डी समिति रोड पर कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर और 31 मई को दिल्ली रोड पर मंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

चौ.नीरपाल सिंह ने यह घोषणा हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर रालोद खेल प्रकोष्ठ की मासिक बैठक में की। उन्होंने कहा कि पार्टी को मजबूत करने, संगठन में सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक जिले में जिला स्तर पर,मंडल स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए जा रहे है।कार्यकर्ताओं की चुनाव में बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक जिम्मेदारी तय की जाएगी।पार्टी में सक्रियता दिखाने वाले कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को संगठन में सम्मान दिया जा रहा है। क्षेत्रीय अध्यक्ष शारिक चौधरी, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, आरिफ चौधरी ने कहा कि रालोद में सर्व समाज का सम्मान होता है।

बैठक में चौ अरविंद मुखिया, सैयद फौद, फैजान अली, समीर खान, मो. सुहैल, साजिद चौधरी, मोनू कुमार आदि उपस्थित रहे।

# प्रतीक यादव का निधन अत्यंत दुखदाईःमुजतबा मलिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** आल इंडिया कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का जाना समाज और अपनों के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

मुजतबा एडवोकेट ने दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान तथा शो. काकुल परिवार को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। प्रतीक यादव के निधन पर अब्दुल हसीब मलिक, प्रधान नासिर अली, प्रधान फरमान मलिक, मनोज चौधरी, याहीया मलिक, सलीम अहमद, अरशद मलिक, कारी आबिद, अजीम मलिक, हाजी छोटा, कुध्दूस मलिक, डाक्टर बिलाल चौहान, लुकमान मलिक, शाहिद अली, महबूब तलहेड़ी, पदम् सिंह, रामबीर सिंह, सुखदेव चौहान, धर्मेंद्र चौधरी, परवीन चौधरी आदि लोगों ने गहरा दुख जताया।

# बरसात से पहले चलाएं अभियान:शालू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** बेहट नगर पंचायत अध्यक्ष ने कस्बे के दो वार्डो, शौचलयों और ओपन जिम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विशेष अभियान चलाकर बरसात से पहले नालों की सफाई करने और सड़क किनारे खड़ी खास को साफ करने सहित अन्य दिशा निर्देश दिए।



मंगलवार को बेहट नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैया ने वार्ड नंबर 11 और वार्ड नंबर 3 का निरीक्षण किया। चेयरमैन ने सबसे पहले मंडी के बाहर रखे वाटर कूलर से पानी पीकर देखा। उन्होंने कर्मचारियों को कहा कि कस्बे के सभी वाटर कूलर का खास ध्यान रखा जाए क्योंकि गर्मी का मौसम चल रहा है लोगो की प्यास बुझाने के लिए हर समय पानी ठंडा रखने के पूरे प्रयास किए जाए उन्होंने कूलर के आस पास विशेष सफाई रखने के आदेश दिए। इसके बाद उन्होंने मंडी रोड स्थित शौचालय का निरीक्षण किया और पानी, साफ सफाई की व्यवस्था देखी। उन्होंने दयालपुर रोड पर सड़क किनारे खड़ी बड़ी बड़ी घास कबाड़ को कटवाकर साफ सफाई कराने के आदेश दिए। यहां से वे ओपन जिम पार्क पहुंचे और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सभासद प्रति. निधि बासित अली, सफाई नायक राक.ेश बिरला, शोएब राव आदि मौजूद रहे।

# पीएम का अनुसरण करें: जसवंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर मनिहारान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु किए गए आह्वान के सम्मान में राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने एक महत्वपूर्ण और अनुकरणीय निर्णय लेते हुए सार्वजनिक परिवहन इस्तेमाल करने का संकल्प लिया है।

संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवाहन पर अपनी फ्लीट में संचालित सभी वाहनों के उपयोग को केवल अनिवार्य कार्यों तक ही सीमित करने का संकल्प लेते हुए अनावश्यक संच.ालन पर पूरी तरह रोक लगा दी है।

राज्य मंत्री अब सरकारी वाहनों के उपयोग में संयम बरतते हुए अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का सहारा लेंगे ताकि ईंधन की बचत के साथ पर्यावरण सुरक्षा में सार्थक योगदान दिया जा सके।

# सीबीएसई कक्षा 12 का परिणामः नन्दनी कुशवाह बनी टॉपर, सिमर दूसरे व हर्षिता तीसरे स्थान पर रही







## वरिष्ठ पत्रकार अबूबकर शिब्ली की बेटी आफिया ने परिवार का नाम किया रोशन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पत्रकार एवं डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के संयोजक अबू. बकर शिब्ली की बेटी आफिया शिब्ली ने परिवार का नाम रोशन किया है।

सेंट मेरीज अकेडमी की छात्रा आफिया शिब्ली ने सीबीएसई कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में 90.1 प्रतिशत अंक लाकर अपने माता पिता और परिवार का नाम रोशन किया है। आफिया शिब्ली की इस सफलता डिस्ट्रिक्स प्रेस क्लब के संरक्षक जावेद साबरी, एम.रियाज हाशमी, डा. शाहिद जुबैरी, कुमार योगेश, मशकूर, अनिल कुछाडिया, मनसब अली परवेज, अभय चौधरी, दिलशाद राणा, डा.ताहिर मलिक, डा.सुमित पठेड, हाफिज असरार, अबूजर, मौ.इश्तियाक, जसबीर सिंह, खुर्शीद आलम, शेख सत्तार, कुलदीप सिंह, अहमद खान, नदीम निजामी, नदीम अहमद, नौशाद मलिक, मौ.मुकर्रम, शमीम, शाहनवाज कुरैश, सुरेंद्र अरोडा, तजम्मुल खान, राव उस्मान आदि ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम ने इस बार बेटियों की प्रतिभा को सबसे आगे ला खड़ा किया। जिले की मेरिट सूची में शीर्ष तीनों स्थान छात्राओं ने हासिल कर यह साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और लगन के आगे कोई बाधा टिक नहीं सकती। देवबंद की नंदनी कुशवाह 98.6 प्रतिशत अंक लेकर जिला टॉपर बनी। जबकि सरस्वती विहार की छात्रा सिमर ने 98.2 दूसरे व पाइनवुड स्कूल की 98 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही।

देवबंद क्षेत्र स्थित दून वैली स्कूल की छात्रा नंदिनी कुशवाहा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने ह्यूमैनिटीज वर्ग में 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर ओवरऑल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। नंदिनी की सफलता से परिवार, स्कूल और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। दूसरे स्थान पर सरस्वती विहार स्कूल की छात्रा सिमर रहीं, जिन्होंने कॉमर्स वर्ग में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं तीसरे स्थान पर पाइनवुड स्कूल की छात्रा हर्षिता ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया।

पाइनवुड स्कूल में परीक्षा परिणाम को लेकर खासा उत्साह रहा। पाइनवुड में हर्षिता कपूर ने 98, दक्ष अरोडा ने 95.6, तनीषा सिंह व रूद्राक्ष आहूजा ने 95, गर्व मेहंदीरत्ता ने 94.40, विवेक सिंह व सुहानी, जाहन्वी सचदेवा ने 94, श्रेय बंसल व ईशिका बतरा ने 93.8, सिदरा ने 94.6, श्रेया ठकराल ने 93, वैष्णवी व भव्या ने 92.8, सानिया व अनन्या ने 92.6, खुशी अरोडा ने 92, सूर्या वत्स ने 91.2 व मान्या जैन ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कालेज प्रबन्धक संतोष गुप्ता, प्रधानाचार्य संजीव ने सफल छात्र छात्राओं को अपना आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

रेनबो स्कूल में सीबीएसई कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। आदित्य अरोडा ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। इसके अलावा रेशू गुप्ता, कुनाल बाठला व कनिष्का अग्रवाल ने 94.6 अंक के साथ द्वितीय तथा युवराज कालडा व अपूर्वा सोनी ने 93.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अनमोल ठकराल व वाशु कालडा ने 93, श्रेया अरोडा ने 92.4, सारिम बदर ने 92.2, नैना तोमर व युवराज सिंह ने 92, सार्थक गोयल 91.8, कुनाल मुदगल ने 90.8, फ्लोरेंस ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यालय प्रबन्धक श्रीमति नर्गिस मलिक, डायरेक्टर श्रीमति अमिता मलिक, प्रधानाचार्या श्रीमति आशु राठौर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

ब्राउनवुड पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विज्ञान वर्ग में लारेब 90.6, मौ. ईसा 84.8, जैनब सलाम 91.4, वाणिज्य वर्ग में अतीका 94.6, अजका 93.2, अतिया 90.1 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। निदेशिका श्रीमति सफिया सुबुही ने सभी मेधावी छात्रों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। इसके अलावा डीपीएस के अनवरत कच्छल ने 88.2, न्यू एरा एकेडमी की सबीहा ने 89.9 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।











जिला समन्वयक डॉ. दिव्य जैन के अनुसार सहारनपुर में सीबीएसई से संबद्ध 119 स्कूल हैं। इन स्कूलों के 8143 विद्यार्थियों ने इस वर्ष 12वीं की परीक्षा दी थी। जिले का कुल परिणाम संतोषजनक रहा और अधिकांश विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। ह्यूमैनिटीज वर्ग में नंदिनी ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि कॉमर्स वर्ग में सिमर अव्वल रहीं। साइंस मैथ्स वर्ग में आशा मॉडर्न पब्लिक स्कूल के संयम गुप्ता ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं साइंस बायोलॉजी वर्ग में सरस्वती विहार स्कूल की नैना आर्य ने 96 प्रतिशत अंक लाकर बाजी मारी। इस बार के नतीजों ने साफ कर दिया कि सहारनपुर की बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। जिले के शीर्ष तीन स्थानों पर छात्राओं का कब्जा पूरे समाज के लिए प्रेरणा का संदेश है।

**गागलहेड़ी।** श्रीरूपराम इंटरनेशनल एकेडमी का इंटर सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। मो अमान ने 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज टॉप किया। चेयरमैन डॉ कर्ण सिंह सैनी ने विद्यार्थियों को मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दी।

प्रधानाचार्य प्रशांत अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। मौहम्मद अमान् ने 87.6, नंदनी ने 86.2, मौहम्मद हमजा व सृष्टि सैनी ने 86, शुभ त्यागी ने 85.8 मनदीप ने 85, अन्नु यादव ने 82.6, आयशा ने 82.2, उजैफ व रितिका ने 81.8और मौहम्मद अयान ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

विद्यालय की प्रबंध समिति के चेयरमैन डॉ करण सिंह सैनी, चरण सिंह सैनी, सचिव अमित कुमार सैनी, प्रधानाचार्य प्रशांत अग्रवाल, कोऑर्डिनेटर तंजीम अहमद, हैड अकाउंटेंट दीपक धीमान व अन्य सभी सदस्यों के साथ-साथ सभी अध्यापकों ने भी एधवियो को शुभकामनाएँ दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**रामपुर मनिहारान।** सीबीएसई से संबद्ध मदरलैंड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

विद्यालय की छात्रा आन्या जैन ने शानदार 94% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्र अक्षु ने 91%, सना ने 88%, आसिम ने 86%, आस्था पंवार ने 85% तथा वर्णिका ने 81% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की।विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ शालू कुमारी ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। हमारे छात्र निरंतर उत्कृष्टता की नई ऊँचाइयों को छू रहे हैं। हमें विश्वास है कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी विद्यालय और देश का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय की चेयरपर्सन श्वेता सैनी ने कहा कि मदरलैण्ड पब्लिक स्कूल सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है। विद्यार्थियों की यह सफलता अनुशासन, कठिन परिश्रम और सकारात्मक मार्गदर्शन का सुंदर उदाहरण है। हम सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

**नागल।** बारहवीं के सी बी एस इ बोर्ड परीक्षा परिणाम में सोफिया इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा मुस्कान ने 94% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल कर टॉप किया है।

स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि मुस्कान ने अंग्रेजी में 97 अंक, पेंटिंग में 99 अंक, अर्थशास्त्र में 95 अंक तथा व्यवसाय प्रशासन में 91 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा अपूर्वा ने 83% अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों मे अच्छे अंक प्राप्त किए है।अंग्रेजी विषय में अवनी, फिजा एवं वार्णिक ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए। पेंटिंग विषय में रिजा एवं वंशिका ने शत-प्रतिशत 100अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। अवनी ने 99, कनक ने 98, अक्षरा ने 97, गौरी ने 98, राघव ने 96 तथा वर्णित ने 95 अंक प्राप्त किए।विद्यालय निदेशक कोणार्क चौधरी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहना ही सफलता का मार्ग है। मेहनत, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास से हर विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय जौला डिडौली के प्रधानाचार्य डा वीरेंद्र कुमार ने बताया कि उनके विद्यालय का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा अंकुश नागर ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया है ।छात्रों की इस उपलब्धि पर उन्होने बधाई दी है।

**तीतरो।** ब्राइट होम इंटरनेशनल स्कूल का कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम 95% से अधिक रहा। यशिका चौधरी पुत्री संजय चौधरी निवासी तीतरों ने 91% अंक लाकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। यशिका यूपीएससी की तैयारी कर उच्च पद हासिल कर परिवार का नाम रोशन करना चाहती है। याशिका चौधरी के पिता संजय चौधरी के साथ परिवार ने सफलता पर खुशी जाहिर की है।

# सम्पादकीय

## ट्रम्प का चीन दौरा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपनी तीन दिवसीय यात्रा पर चीन की राजधानी बीजिंग पहुंच गए हैं। पूरी दुनिया की नजर उनकी इस यात्रा पर टिकी है, जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि उनकी यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका-इस्राईल ईरान के साथ सीधे युद्ध में उलझे हुए हैं और इस युद्ध ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया हुआ है। जो देश इस युद्ध में सीधे शरीक भी नहीं हैं, वे भी इसकी आंच से बुरी तरह झुलस रहे हैं। जानने वाले लोगों का मानना है कि जिस तरह का रुख ईरान को लेकर चीन का अब तक रहा है, उसको देखते हुए इस यात्रा से कोई बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं है, लेकिन असल बात जब ही पता चलेगी, जब डोनाल्ड ट्रम्प व जिनपिंग आपस में बातचीत करेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि ट्रम्प चीन के माध्यम से ईरान को इस बात पर राजी करने का प्रयास करेंगे कि ईरान के पास जो यूरेनियम का संवर्धन है, वह उसको अमेरिका को सौंप दे। साथ ही ईरान ने होर्मुज स्टेट बंद किया हुआ है, उसको खोलने का दबाव भी चीन ईरान पर बनाए। हालांकि यह काम इतना आसान भी नहीं लगता, क्योंकि होर्मुज पर अब तक चीन ईरान का समर्थन करता रहा है और इस जलमार्ग के बंद होने के लिए अमेरिका पर दोष मढ़ता रहा है। चीन ईरान के तेल का इस समय बड़ा ग्राहक है और संयुक्त राष्ट्र में भी उसको लेकर जो प्रस्ताव आते रहे हैं, उसका विटो करता रहा है। इसके अलावा भी ट्रम्प का टैरिफ प्लान भी चीन के लिए समस्या खड़ी करता रहा है। उसको लेकर भी बात स्वाभाविक रूप से होगी ही, लेकिन असल मुद्दा पश्चिमी एशिया के हालात ही रहने की उम्मीद है। देखने वाली बात तो यह भी होगी कि चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ट्रम्प की बात को कहां तक मानते हैं और अपनी बात को वह उनसे कितना मनवा पाते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस समय दुनिया वास्तव में बारूद के ढेर पर बैठी हुई है और ईरान के परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज को लेकर इस समय खाड़ी में तनाव अपने चरम पर है। अमेरिका के जिस तरह के तेवर हैं, उससे तो यही लगता है कि जारी युद्ध विराम कभी भी टूट सकता है। वैसे भी जो प्रस्ताव अमेरिका व ईरान ने एक-दूसरे को दिए हैं, उससे दोनों ही पक्ष सहमत होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। ईरान ने साफ कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर अपना परमाणु कार्यक्रम नहीं रोकेगा और न ही होर्मुज स्टेट से अपने कंट्रोल में किसी तरह की कमी आने देगा और ये दोनों ही कारण दोनों पक्षों के लिए बेहद मुख्य हैं। अमेरिका की भी जिद है कि वह ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार नहीं बनाने देगा, अब देखते हैं कि ट्रम्प व जिनपिंग की मुलाकात क्या रंग दिखाती है।

## श्रीमुख से...

### सड़कों पर उतरें जेन ज़ी



बहुत हुआ पेपर लीक, अब इस घिनौने खेल को बंद करने के लिए देश के जेन जी को सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़गा नेपाल और बांग्लादेश के जेन जी अपनी सरकार बदल सकते हैं, तो हमारे देश का जेन जी पेपर लीक कराने में शामिल मंत्रियों-नेताओं को जेल क्यों नहीं भिजवा सकता, हर बार पेपर लीक की जांच सीबीआई को सौंप दी जाती है, लेकिन आज तक किसी को सजा नहीं मिली, इस बार भी कुछ नहीं होने वाला है, ज्यादातर पेपर लीक भाजपा शासित राज्यों में क्यों होते हैं, क्या इस घिनौने खेल में भाजपा के नेता सीधे तौर पर शामिल हैं? कुछ लोग सिस्टम फेल होने की बात करते हैं, लेकिन वे लोग ऐसा कहकर अनजाने में पेपर लीक में शामिल टॉप पर बैठे व्यक्ति को बचा रहे हैं।

**-अरविंद केजरीवाल, संयोजक, आम आदमी पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

**Dainikshahtimes@gmail.com**

# स्त्री को खुद लिखनी होगी अपनी परिभाषा





**दिव्या त्यागी**

स्त्री क्या है? यह सवाल जितना छोटा लगता है, जवाब उतना ही उलझा हुआ है। क्योंकि सदियों से इसे परिभाषित पुरुषों ने किया है। और जब परिभाषा लिखने वाला खुद एक पक्ष हो, तो निष्पक्षता कहां से आएगी? पुरुष की कलम से निकली स्त्री की तस्वीर में पक्षपात आना स्वाभाविक है पर सवाल यह है-स्त्री ने खुद को परिभाषित करने की कोशिश क्यों नहीं की? शायद इसलिए कि उसे बोलने का हक ही नहीं दिया गया। या फिर इसलिए कि उसे 'अबला' कहकर यह यकीन दिला दिया गया कि वो खुद को जान ही नहीं सकती।

**पुरुष ने स्त्री को दो ही खांचों में बांटा**

श्रद्धा या भोग। प्रेमिका हुई तो सिर्फ सुंदरता दिखी, दिमाग नहीं। मां-बहन बनी तो ममता दिखी, पर औरत होना भुला दिया। जबकि सच ए है कि वो एक ही स्त्री है। वही हाथ जो बच्चे को थपकी देते हैं, वही हाथ साज-श्रंगार भी जानते हैं। वही आंखें जो ममता बरसाती हैं, वही आंखें सपने भी देखती हैं। एक रूप को पूजकर दूसरे को नकार देना, यह उसके साथ सबसे बड़ा अन्याय है। पुरुष ने खुद को 'भंवरा' कहा - एक कली से दूसरी कली। ठीक है, मान लिया। पर भंवरे को पैदा किसने किया? स्त्री ने ही ना? तो फिर स्त्री ने ए क्यों नहीं कहा कि 'मेरा स्वभाव भी भंवरे जैसा है, मैं भी उड़ूंगी'। प्रकृति में भंवरा फूल का रस भोजन के लिए लेता है, संबंध के लिए नहीं। संबंध तो भंवरा भंवरी से ही बनाएगा, अपनी जाति की भंवरी से। फिर स्त्री को 'भोग की वस्तु' कहना प्रकृति के नियम के खिलाफ है, गलत है। समाज ने पुरुष की भटकन को 'मर्दानगी' का नाम दिया - 'बहक जाता है बेचारा'। और स्त्री की उड़ान को 'चरित्रहीनता' का। उसे 'अबला' कहकर पिंजरे में डाल दिया। जबकि वह अबला नहीं है, उसे अबला बनाया गया है। 'कामायनी' खोलकर देख लो। मनु सब छोड़कर चला जाता है। श्रद्धा अकेली रह जाती है, बच्चे के साथ। वह पूछती है-'मेरी क्या गलती थी'? उसकी कोई गलती नहीं थी। पर लेखक ने भी मनु के मुंह से कहलवा दिया -'मेरा तो स्वभाव ही ऐसा है, मैं रुक नहीं सकता'। वाह! पल्ला झाड़ लिया। 'स्वभाव' के नाम पर सारी जिम्मेदारी से छुट्टी। जबकि स्वभाव कोई आसमान से टपका हुआ नहीं होता।

हम सब वर्दी पहनते हैं। कोई पुलिस की, कोई डॉक्टर की, कोई जज की। कुर्सी पर बैठते ही स्त्री-पुरुष बराबर हो जाते हैं- कानून सबके लिए एक। पर वर्दी उतरते ही हम फिर 'मर्द' और 'औरत' बन जाते हैं। यानी पेशा बदला, पर इंसान वही रहा। तो फिर घर आकर 'मेरा स्वभाव ही ऐसा है' कहना कहां तक ठीक है? स्वभाव हम खुद चुनते हैं। जो गुण हमें भाते हैं, हम उन्हें अपनाते हैं। क्रोध भाता है तो क्रोधी, लालच भाता है तो लालची। तो 'बहकना' भी एक चुनाव है, मजबूरी नहीं। भगवान ने स्त्री-पुरुष को पूरक बनाया था, प्रतियोगी नहीं। विष्णु भगवान से जब पूछा गया कि 'कौन सा वर्ण सर्वश्रेष्ठ है?' तो उन्होंने चारों वर्णों के काम गिनाकर, उन्हें अपने शरीर के अंगों से जोड़ा - सिर, भुजा, उदर, पैर। फिर कहा -'जैसे शरीर का हर अंग जरूरी है, कोई छोटा-बड़ा नहीं, वैसे ही समाज में हर वर्ण जरूरी है।' ठीक उसी तरह सृष्टि में स्त्री और पुरुष दोनों जरूरी हैं। कोई कम नहीं, कोई ज्यादा नहीं। भगवान ने किसी को सुपीरियर नहीं बनाया। यह ऊंच-नीच का खेल हमने बनाया। और इसमें हमारी भी गलती कम नहीं।बेटी पैदा होते ही हम उसकी शादी के सपने देखने लगते हैं -'कहां ब्याहेंगे, कैसा घर मिलेगा'। बेटा पैदा हो तो कहते हैं-'पढ़-लिखकर बड़ा आदमी बनेगा, नाम रोशन करेगा'। हमने लड़की से उसका भविष्य छीनकर उसे 'पराया धन' बना दिया। उसे मौका ही कहां दिया कि वह साबित करे कि वह भी कलेक्टर बन सकती है या किसी अन्य ऊंची कुर्सी पर बैठ सकती है? मेरा मानना है कि अब वक्त आ गया है कि स्त्री अपनी खोज खुद करे। हालांकि यह आसान नहीं होगा। क्योंकि हजारों साल की जंजीरें एक दिन में नहीं टूटतीं। हमें हमेशा सिखाया गया -'पुरुषों के बराबर बनो'। स्कूल, कॉलेज, ऑफिस-हर जगह यही मंत्र। पर आज तक किसी पुरुष से ए क्यों नहीं कहा गया कि-बेटा, जरा मां या बहन द्धस्त्रीऋ के बराबर बनकर दिखा'? 'उसके जैसा सब्र ला, उसके जैसी ममता ला, उसके जैसा घर और बाहर दोनों संभालकर दिखा'। सृष्टि का पहिया दो पहियों से चलता है। एक पहिए को मर्द का अहंकार और दूसरे पहिए को औरत का शरीर बनाकर रखोगे, तो गाड़ी लुढ़क ही जाएगी।

> भगवान ने स्त्री-पुरुष को पूरक बनाया था, प्रतियोगी नहीं। विष्णु भगवान से जब पूछा गया कि 'कौन सा वर्ण सर्वश्रेष्ठ है?' तो उन्होंने चारों वर्णों के काम गिनाकर, उन्हें अपने शरीर के अंगों से जोड़ा - सिर, भुजा, उदर, पैर। फिर कहा -'जैसे शरीर का हर अंग जरूरी है, कोई छोटा-बड़ा नहीं, वैसे ही समाज में हर वर्ण जरूरी है।' ठीक उसी तरह सृष्टि में स्त्री और पुरुष दोनों जरूरी हैं। कोई कम नहीं, कोई ज्यादा नहीं। भगवान ने किसी को सुपीरियर नहीं बनाया। यह ऊंच-नीच का खेल हमने बनाया। और इसमें हमारी भी गलती कम नहीं।

इसलिए अब कोई यह कहकर नहीं बच सकता कि 'मैं पुरुष हूं, मेरा खून ही गरम है'। दोनों एक ही मिट्टी से बने हैं, एक ही धूप में तपे हैं। 'स्वभाव' का बहाना अब नहीं चलेगा। आटा एक ही है। उससे पराठा बने या लड्डू, मोयन ज्यादा-कम हो सकता है, पर मूल गुण वही रहते हैं-गेहूं के। बस आकार और स्वाद हमने अपनी सुविधा से बदल दिया। पुरुष ने स्त्री को अपने हिसाब से ढाला-कभी देवी का रूप, कभी दासी का। अब वक्त है कि स्त्री खुद तय करे कि उसे क्या बनना है-पराठा, लड्डू या फिर पूरा भोजन। परिभाषा अब वो खुद लिखेगी। भविष्य की कलम उसके हाथ में है।

# दिन-प्रतिदिन विद्या मंदिरों में लगते ताले



**निर्मल रानी**

देश के लगभग 21 लाख छात्रों का भविष्य पिछले दिनों उस समय फिर दांव पर लग गया जबकि NEET अर्थात नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट की राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा, पेपर लीक हो जाने के कारण रद्द कर दी गई। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था NTA अर्थात नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इस मामले में स्वयं को जिम्मेदार मानते हुए परीक्षा रद्द करने की घोषणा की। पेपर लीक होने के चलते देश में पहले भी नीट परीक्षाएं रद्द हो चुकी हैं।

इसके लिए जिम्मेदार कोई भी हो परन्तु इससे सबसे बड़ा नुक्सान उस मेहनतकश विद्यार्थी को हुआ है जिसने दिन रात एक कर परीक्षा दी और परीक्षा के परिणाम सुनने के बजाए उन्हें परीक्षा के रद्द होने जैसी मनहूस खबर सुनाई दी। इस घटना के बाद एक बार फिर हमारे देश की विद्या यहां के विद्यार्थियों तथा विद्यालयों के भविष्य को लेकर चर्चा छिड़ गई है। एक तरफ तो नीट परीक्षा देने वाले जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान के वे छात्र जो भविष्य में डॉक्टर, वैज्ञानिक, इंजीनियर आदि बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं, उनका भविष्य अधर में लटका दिखाई दे रहा है। तो दूसरी तरफ शिक्षा को लेकर सरकार का एजेंडा व उसकी प्राथमिकताएं भी कुछ और ही नजर आ रही हैं। आज देश के विभिन्न राज्यों के विद्यालयों में अब भारतीय ज्ञान प्रणाली के नाम पर धर्म,अध्यात्म,कर्म काण्ड व पंडितों की शिक्षा दी जाने लगी है। यहां सरकारी और कुछ निजी स्कूलों में हिंदू धर्म, अध्यात्म, नैतिक मूल्यों, भारतीय ज्ञान प्रणाली और संबंधित ग्रंथों (जैसे भगवद्गीता, रामायण, वेद) की शिक्षा दी जा रही है और इससे संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह मुख्य रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत,मूल्य-आधारित शिक्षा, नैतिकता और सांस्कृतिक जागरूकता के नाम पर हो रहा है। हालांकि भारतीय संविधान (अनुच्छेद 28) सरकारी फंड वाले स्कूलों में धार्मिक शिक्षा पर रोक लगाता है, लेकिन धर्मों के बारे में शिक्षा की अनुमति है जिसे आधार बनाकर धार्मिक शिक्षा दी जा रही है । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ समर्थित व अन्य हिंदू संगठनों द्वारा संचालित स्कूलों में यह पहले से अधिक प्रचलित है। शिक्षा को लेकर हमारा देश इस समय एक ऐसे दुर्भागयपूर्ण दौर से गुजर रहा है जबकि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर बैठे अनेक लोगों की शिक्षा, उनकी डिग्रियां असली हैं या नकली, विधान निर्माता शिक्षित है या अशिक्षित,इसतरह के सवाल उठ रहे हैं। उधर उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए संपन्न लोग अपने बच्चों को पहले भी विदेश भेजा करते थे और आज भी भेजते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री व दुनिया के जाने माने अर्थशास्त्री स्व डॉ मनमोहन सिंह ने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से 1957 में अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी ऑनर्स डिग्री हासिल की थी और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से 1962 में डी।फिल। की उपाधि ग्रहण की थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू व राजीव गांधी भी कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं।

इसी तरह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण,ज्योतिरादित्य सिंधिया, राहुल गांधी, जयराम रमेश, पी. चिदंबरम, कपिल सिब्बल, सुब्रमण्यम स्वामी, जयंत सिन्हा, रतन टाटा, आनंद महिंद्रा जैसे अनेकानेक राजनेता उद्योगपति व प्रतिष्ठित लोग हारवर्ड, कैम्ब्रिज, ऑक्सफोर्ड या अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। परन्तु हमारे प्रधानमंत्री की नजरों में शायद इन विश्वविद्यालयों की डिग्रियों या यहां की पढ़ाई की उतनी अहमियत नहीं। तभी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2017 को उत्तर प्रदेश में एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि ष्एक तरफ वे लोग हैं जो हार्वर्ड की बात करते हैं, और दूसरी तरफ एक गरीब का बेटा है, जो अपनी कड़ी मेहनत से अर्थव्यवस्था को सुधारने की कोशिश कर रहा है। इससे पहले 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी उन्होंने तमिलनाडु में एक सभा में कहा था कि देश को विकास के लिए हार्वर्ड की नहीं, हार्ड वर्क की जरूरत है। प्रधानमंत्री के अनुसार हार्वर्ड वालों से ज्यादा दम शहार्ड वर्कश वालों में है। जरा सोचिए कि क्या पढ़ाई करना हार्ड वर्क की श्रेणी में नहीं आता? जो बच्चा परीक्षा की तैयारी के लिए दिन रात एक किए रहता है,खाना पीना नींद आराम सब कुछ छोड़कर रोज 16 -18 घण्टे पढ़ाई करता है वह क्या हार्ड वर्क नहीं है ?

# सोने पर सरकारी नजर : वरदान या नियंत्रण का जाल



**रजनीश कपूर**

जब से प्रधानमंत्री ने देशवासियों को सोना न खरीदने की अपील की है सोशल मीडिया पर कई तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उनमें से एक वीडियो पोस्ट काफी वायरल हो रहा है, जिसमें सरकार की सोने से जुड़ी नई नीति पर गहरी चिंता जताई गई है। पोस्ट में कहा गया है कि सरकार अब आम घरों में पड़े सोने को वित्तीय संपत्ति बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। आयात के दबाव, रूपए पर तनाव और ई-गोल्ड को बढ़ावा देने के नाम पर यह कदम उठाया जा रहा है। वीडियो में स्पष्ट किया गया कि सोना अब सिर्फ जेवर या निवेश नहीं, बल्कि एक 'पावर' है। पर जब यह डिजिटल हो जाएगा तो नियंत्रण किसके हाथ में होगा? आपके, बैंक के या सिस्टम के? यह सवाल आज हर आम आदमी को सोचने पर मजबूर कर रहा है। वीडियो में सरकार की तर्कसंगतता को भी समझाया गया है। भारत में घरों, लॉकरों, जेवरों और सिक्कों के रूप में भारी मात्रा में सोना पड़ा हुआ है, लेकिन यह अर्थव्यवस्था में घूमता नहीं है। न बैंक इसका इस्तेमाल कर पाते हैं, न जेवराती। हर साल देश को नया सोना आयात करना पड़ता है, जिसके लिए डॉलर खर्च होते हैं और आयात बिल बढ़ता है। सरकार का तर्क है कि यदि यह निष्क्रिय सोना सिस्टम में आ जाए, तो आयात कम होगा, अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके लिए ई-गोल्ड यूनिट्स या गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें आप भौतिक सोना जमा करेंगे, डिजिटल यूनिट्स लेंगे, ब्याज कमाएंगे और लॉकर चार्ज बचाएंगे। वीडियो में सोने की शुद्धता जांच, बार-कॉइन-जेवर स्वीकार करने और रिनॉउन्ड रिफाइनर से टाई-अप जैसी सुविधाओं का जिक्र भी है।





लेकिन वीडियो सिर्फ सरकारी तर्क पर नहीं रुकता। यह चेतावनी देता है के कैश को 'यूपीआई' से डिजिटल बनाने, कागजी शेयरों को डीमैट में लाने के बाद अब सोने की बारी है। भौतिक सोना, जो लॉकर में 'अ.श्य' और 'निजीश्था, अब पंजीकृत, 'ट्रैकेबल' और नियमों के दायरे में आ जाएगा। वीडियो में 'सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड' का भी उदाहरण दिया गया है, जहां 1 लाख का निवेश 4.86 लाख हो गया, लेकिन अब फोकस घरेलू सोने पर है। सवाल उठाया गया है कि क्या यह सिर्फ आयात कम करने की रणनीति है या सिस्टम में पूर्ण नियंत्रण का खेल? यह पोस्ट आम आदमी की चिंताओं को छूता है। सोना भारतीय संस्कृति में सिर्फ संपत्ति नहीं, बल्कि सुरक्षा, विवाह और आपातकालीन फंड माना जाता है। महिलाओं के मंगलसूत्र से लेकर परिवार की पीढ़ी-दर-पीढ़ी की जमा पूंजी तक, यह भावनात्मक और आर्थिक रूप से जुड़ा है। वीडियो के संदेश को देखते हुए लगता है कि डिजिटल सोना बनने पर न सिर्फ रूप बदलेगा, बल्कि नियंत्रण, दृश्यता और भविष्य के नियम भी बदल जाएंगे। इस पोस्ट पर आए कमेंट्स इस चिंता को और गहरा करते हैं। एक यूजर ने लिखा, ह्बड़े-बड़े उद्योगपतियों का जेवर ले लो, आम जनता को बक्श दो। दूसरे ने कहा, डिजिटल इंडिया मतलब गुलामी, फंडामेंटल राइट्स खोना। कई कमेंट्स में डर जताया गया कि सरकार महिलाओं के मंगलसूत्र तक पर नजर रखेगी। एक ने चेतावनी दी, बैंक डूब गया तो क्या देंगे? फिजिकल गोल्ड ही अच्छा। कुछ यूजर्स ने इसे 'न्यू वर्ल्ड ऑर्डर' या 'ग्लोबलिस्ट एजेंडे' से जोड़कर देखा, जहां सोना रजिस्टर कराने के बाद आम आदमी सड़क पर आ जाएगा। कुल मिलाकर, कमेंट सेक्शन सरकार पर अविश्वास, डिजिटल नियंत्रण के भय और व्यक्तिगत स्वायत्तता खोने की भावना से भरा पड़ा है। लोग याद दिला रहे हैं कि कैश और शेयरों की तरह सोना भी 'ट्रैकेबल' हो गया तो निजी संपत्ति पर सिस्टम की पकड़ मजबूत हो जाएगी। अब सवाल यह है कि यह नीति आम आदमी को कितना फायदा पहुंचाएगी? फायदों की बात करें तो यह निश्चित रूप से कुछ वर्गों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है। जो लोग अपना सोना लॉकर में बेकार पड़ा रखते हैं, उन्हें ब्याज कमाने का मौका मिलेगा। लॉकर चार्ज बचेंगे, सोने की शुद्धता की जांच होगी और जरूरत पड़ने पर इसे आसानी से लिक्विड किया जा सकेगा। अर्थव्यवस्था के स्तर पर आयात बिल कम होने से रूपया मजबूत होगा, महंगाई पर काबू रहेगा और विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित होगा। अप्रत्यक्ष रूप से आम आदमी को फायदा पहुंचेगा। यानी कि स्थिर अर्थव्यवस्था, बेहतर रोजगार और कम आयात निर्भरता। छोटे किसान, मध्यम वर्गीय परिवार या महिलाएं, जो सोने को सुरक्षित निवेश मानती हैं, बिना बेचे ब्याज कमा सकेंगी। गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम में शुद्धता जांच की सुविधा भी जेवरातों की विश्वसनीयता बढ़ाएगी, लेकिन नुकसान भी कम नहीं। सबसे बड़ा खतरा नियंत्रण का है। भौतिक सोना परिवार की स्वतंत्र संपत्ति है। डिजिटल होने पर बैंक या सरकार के पास डेटा होगा। कर चोरी, ब्लैक मनी या आपात स्थिति में सरकार इसका इस्तेमाल कर सकती है।



कुल्लू-मनाली। ग्रीष्म ऋतु के दौरान ब्यास नदी में रिवर रॉफ्टिंग का आनंद लेते पर्यटक।

## घातक फेंटानिल की आपूर्ति में भारतीय दवा विक्रेता वीजा प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने भारत स्थित ऑनलाइन दवा विक्रेता केएस इंटरनेशनल ट्रेडर्स से जुड़े 13 करीबी व्यावसायिक सहयोगियों पर वीजा प्रतिबंधों की घोषणा की है। अमेरिका ने इस नेटवर्क पर देश में घातक और अवैध फेंटानिल को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता थॉमस 'टॉमी' पिंगॉट ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई उन अंतर्राष्ट्रीय तस्करी अभियानों को ध्वस्त करने के एक आक्रामक अभियान का हिस्सा है, जो अमेरिका में परिवारों को तबाह करने वाली अवैध फेंटानिल के लिए जिम्मेदार हैं। विदेश विभाग के अनुसार, केएस इंटरनेशनल ट्रेडर्स ने कथित तौर पर पूरे अमेरिका में खरीदारों को अवैध फेंटानिल युक्त लाखों जाली दवाएं बेचीं।

## रूस के बेलगोरोद में पटरी से उतरी ट्रेन

**मॉस्को।** रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में रेल की पटरी में लगभग 6.5 फीट का अंतर आने के कारण एक ट्रेन पटरी से उतर गई है। बेलगोरोद क्षेत्र के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैदकोव ने बुधवार को कहा कि यह घटना किसी विस्फोटक उपकरण के कारण हो सकती है। ग्लैदकोव ने टेलीग्राम पर लिखा कि याकोवलेवस्की जिले में एक आपातकालीन स्थिति उत्पन्न हुई है। राजुमनोए-तोमारोवका मार्ग पर जा रही एक ट्रेन पटरी से उतर गई। प्रारंभिक सूचना से पता चलता है कि यह घटना पटरी में लगभग दो मीटर के अंतर के कारण हुई, जो किसी विस्फोटक उपकरण के फटने से हो सकता है। गवर्नर ने बताया कि ट्रेन चालक को आपातकालीन ब्रेक लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसके कारण डिब्बे का आधा हिस्सा पटरी से उतर गया।

# ईरान ने वॉशिंगटन पर साधा निशाना

### कहा: पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका के कदम शांति कायम होने में सबसे बड़ी बाधा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन के कदमों से भरोसे में कमी शांति कायम होने में सबसे बड़ी बाधा है। अराघची ने यह बात तेहरान में नार्वे के उप-विदेश मंत्री के साथ बैठक के दौरान कही।

ईरानी सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी ने यह जानकारी दी। प्रेस टीवी के मुताबिक, अराघची ने अमेरिकी पक्ष के कथित अहंकारी रुख और धमकी भरी तथा भड़काऊ भाषा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका की नीयत में कमी और बेईमानी ही युद्ध को पूरी तरह खत्म करने में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के सैन्य हमले ही मौजूदा स्थिति और होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव की मुख्य वजह हैं। उन्होंने यह भी कहा कि



■ अराघची ने यह बात तेहरान में नार्वे के उप-विदेश मंत्री के साथ बैठक के दौरान कही

ईरान के समुद्री बंदरगाहों की लगातार नाकेबंदी करके कई बार युद्धविराम का उल्लंघन किया गया है। अराघची ने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य के तटीय देश के रूप में ईरान अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार वहां की व्यवस्थाओं और नियमों को तय करने के लिए विचार-विमर्श कर रहा है। इस बीच, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल का हमला केवल जमीन, संसाधनों या भू-राजनीति का युद्ध नहीं है, बल्कि यह ऐसा युद्ध है जो वर्तमान और भविष्य में 'अच्छाई' और 'बुराई' के मायने तय करेगा। बघाई ने दोनों देशों पर युद्ध विराम के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष ईरान पर थोपा गया है।

### ईरान अमेरिका से पांच शर्तें पूरी करने पर बातचीत करेगा

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अमेरिका पांच शर्त पूरी करें तो वह उससे बातचीत करेगा। फार्स न्यूज एजेंसी ने एक सूत्र के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। मंगलवार को मिली रिपोर्ट के अनुसार इन शर्तों में सभी मोर्चों पर युद्ध समाप्त करना (विशेषकर लेबनान में) ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना, ईरान की संपत्ति पर लगी रोक हटाना, नुकसान की भरपाई करना और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की संप्रभुता को मान्यता देना शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने पाकिस्तान को (अमेरिका के साथ ईरान की बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है) यह संदेश दिया कि नौसैनिक नाकेबंदी ने ईरान के इस विचार को और मजबूत कर दिया है कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय हे कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान के क्षेत्र पर हमले किए।

# ट्रम्प के रक्षा बजट पर मचा बवाल

### ईरान युद्ध पर अमेरिकी संसद में घमासान, हेगसेथ ने किया सैन्य अभियान का जोरदार बचाव, बोले: अब भी हमारे हाथ में सारे पत्ते

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान का जोरदार बचाव किया। उन्होंने कहा कि तमाम तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी संकट के बावजूद अमेरिका अब भी सभी पत्ते अपने हाथ में रखता है। सीनेट विनियोग उपसमिति के समक्ष रक्षा मामलों की सुनवाई के दौरान हेगसेथ ने डेमोक्रेट सांसदों के साथ तीखी बहस की। इस बैठक में जाइंट चीफ्स चेयरमैन डैन केन भी मौजूद थे।

सुनवाई का मुख्य मुद्दा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रस्तावित 1.5 ट्रिलियन डॉलर का रक्षा बजट, ईरान युद्ध की बढ़ती लागत, होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से बढ़ती तेल कीमतें और चीन-यूक्रेन को लेकर अमेरिकी रणनीति रही। हेगसेथ ने कहा कि ईरान की सैन्य ताकत को बड़ा नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने दावा किया कि 47 वर्षों से ईरान अमेरिका पर हमला करता रहा है और परमाणु हथियार कार्यक्रम को लेकर झूठ बोलता रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने आखिरकार कार्रवाई करने का साहस दिखाया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की पूरी पारंपरिक नौसेना अब फारस की खाड़ी के तल में पड़ी है और मौजूदा स्थिति में अमेरिका के पास पहले से ज्यादा दबदबा है। हालांकि डेमोक्रेट सांसदों ने ट्रम्प प्रशासन की रणनीति पर गंभीर सवाल उठाए। सीनेटर क्रिस कून्स ने कहा कि यह युद्ध बिना किसी स्पष्ट लक्ष्य और अंत की योजना के लड़ा जा रहा है, जिसकी कीमत अमेरिकी जनता चुका रही है। वहीं सीनेटर पैटी मरे ने बढ़ती ईंधन और खाद्य कीमतों के बीच भारी रक्षा खर्च पर सवाल उठाए। पेंटागन के मुताबिक ईरान संघर्ष पर अब तक करीब 29 अरब डॉलर खर्च हो चुके हैं, हालांकि अमेरिकी सैन्य ठिकानों को हुए नुकसान का पूरा आकलन अभी बाकी है। सुनवाई के दौरान सबसे बड़ा सवाल होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने को लेकर उठा। वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद अहम इस समुद्री मार्ग में व्यवधान के कारण दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं। इस पर हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका के पास सैन्य विकल्प मौजूद हैं, लेकिन वाशिंगटन अब भी बातचीत के जरिए समाधान चाहता है ताकि ईरान अंतर्राष्ट्रीय जलमार्गों में समुद्री डकैती बंद करे। जाइंट चीफ्स चेयरमैन जनरल डैन केन ने भी माना कि ईरान अपनी सैन्य गति. विधियों के जरिए दुनिया की अर्थव्यवस्था को बंधक बनाए हुए है, लेकिन उन्होंने सैन्य योजनाओं पर सार्वजनिक रूप से ज्यादा जानकारी देने से इन्कार कर दिया। सुनवाई में मिच मैककोनेल ने नाटो सहयोगियों और यूक्रेन को समर्थन जारी रखने की जरूरत पर जोर दिया।



■ ईरान की सैन्य ताकत को बड़ा नुकसान पहुंचाया गया है: हेगसेथ

### एक्सपर्ट्स का दावा: ईरान युद्ध में 95 लाख करोड़ फूंक चुके ट्रम्प, बताया सिर्फ 2.77 लाख करोड़

**वाशिंगटन।** पिछले दो महीने से अमेरिका और ईरान में तनाव जारी है। इस युद्ध में अमेरिका के अब तक 2,77 लाख करोड़ खर्च हो चुके हैं। मंगलवार को पेंटागन के एक वरिष्ठ बजट अधिकारी अमेरिकी सांसदों को यह जानकारी दी। हालांकि यह आंकड़े पेंटागन की ओर से अमेरिकी कांग्रेस के समक्ष प्रस्तुत किए अनुमानित बजट से 2.39 लाख करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि ये अनुमान अमेरिकी युद्ध विभाग की ओर से खर्च को कम करके आंका गया अनुमान मात्र हैं। वहीं, कुल खर्च संभावित रूप से 95.67 लाख करोड़ रुपये तक जा सकता है। हार्वर्ड कैनेडी स्कूल द्वारा पिछले सप्ताह जारी एक शोध के अनुसार, युद्ध बजट विशेषज्ञ लिंडा बिल्मेस का कहना है कि उन्हें पूरा विश्वास है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अनुमानित लागत 95 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। उन्होंने बताया कि अल्पकालिक, अग्रिम लागतों में प्रतिदिन लगभग 19134 करोड़ रुपये खर्च होते हैं, जो उनके अनुसार हिमशैल का एक छोटा सा हिस्सा मात्र है।

## अमेरिका के हथियारों के जखीरे खाली होने के दावे गलत: हेगसेथ


**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि ईरान युद्ध में अमेरिका के हथियारों के जखीरे खाली होने की रिपोर्टें और राजनीतिक दावे मूर्खतापूर्ण एवं व्यर्थ रूप से बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हैं। हेगसेथ ने ईरान युद्ध के खर्च पर आयोजित संसदीय सुनवाई में इन दावों को सिरे से खारिज किया। हेगसेथ ने सदन विनियोग रक्षा उपसमिति के सामने कहा कि ईरान और पश्चिम एशिया में जारी तनाव से संबंधित मांग बढ़ने के बावजूद अमेरिकी सेना की पूरी परिचालन क्षमता बरकरार है। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिकी सेना के पास अपने अभियानों को अंजाम देने के लिए आवश्यक सभी हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध हैं। उन्होंने उन रिपोर्टों को खारिज किया जिनमें कहा गया था कि रक्षा मंत्रालय महत्वपूर्ण हथियार प्रणालियों की कमी का सामना कर रहा है।

## राष्ट्रपति शी के साथ उच्च स्तरीय बैठक के लिए चीन पहुंचे ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प स्थानीय समयानुसार आज सुबह बीजिंग पहुंचे और वह यहां अपने चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के साथ उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। ईरान युद्ध छिड़ने के कारण इस साल की शुरुआत में जो बातचीत टल गई थी, उसे अब फिर से शुरू किया जा रहा है। ट्रम्प मंगलवार को ह्वाइट हाउस से रवाना हुए थे।

दोनों नेताओं के बीच बातचीत में व्यापार का मुद्दा सबसे अहम रहने की उम्मीद है। इसके साथ ही, ईरान युद्ध और हॉर्मुज जलडमरूमध्य में आपूर्ति में आ रही बाधाओं पर भी गंभीर चर्चा होने की संभावना है। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि ऊर्जा सुरक्षा और ताइवान के मुद्दे भी चर्चा में शामिल होंगे। दरअसल, ताइवान का सवाल अमेरिका और चीन के रिश्तों के बीच सबसे संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है। अपनी यात्रा से पहले ट्रम्प ने सार्वजनिक बयानों में कई बार शी जिनपिंग की तारीफ की। सोमवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वे एक महान व्यक्ति हैं। मुझे वे बहुत ही अद्भुत इंसान लगते हैं। पिछले हफ्ते उन्होंने कहा था कि राष्ट्रपति शी के साथ मेरे रिश्ते बहुत अच्छे हैं। हम चीन के साथ काफी व्यापार करते हैं और बहुत पैसा कमा रहे हैं। ट्रम्प ने 'ट्रुथ सोशल' पर मजाक में यह भी लिखा कि जब दोनों नेता मिलेंगे, तो शी उन्हें 'गले लगाएंगे'। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, व्यापार, प्रतिबंधों और पश्चिम एशिया के संघर्ष के बावजूद विश्लेषकों का कहना है कि दोनों सरकारें रिश्तों को और बिगड़ने से रोकने तथा उन्हें बेहतर बनाने की कोशिश कर रही हैं।

■ दानों नेताओं के बीच चर्चा के मुख्य विषय होंगे व्यापार, ताइवान और ईरान



# ट्रम्प ने वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बताया

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने मानचित्र साझा किया, मजाक में दे चुके थे संकेत

■ ट्रम्प ने वेनेजुएला के तेल पर नियंत्रण करने के अपने इरादे की भी घोषणा की थी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक मानचित्र साझा किया है जिसमें वेनेजुएला को अमेरिका के 51वें राज्य के रूप में दिखाया गया है। ट्रम्प ने मजाक में वेनेजुएला को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की ओर संकेत तब दिया जब उन्होंने मार्च में विश्व बेसबॉल क्लासिक सेमीफाइनल में इटली को हराने पर वेनेजुएला की राष्ट्रीय बेसबॉल टीम को बधाई दी थी।

उन्होंने इस त का श्रेय वेनेजुएला के अमेरिका के साथ सहयोग को दिया। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने सोमवार को सोमवार को इस दक्षिण अमेरिकी देश के अमेरिका का 51वां राज्य बनने की कभी भी संभावना को खारिज कर दिया। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ने के लिए जनवरी की शुरुआत में वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई के बाद अमेरिका और वेनेजुएला ने राजनयिक संबंधों को बहाल करना शुरू कर दिया था। ट्रम्प ने वेनेजुएला के तेल पर नियंत्रण करने के अपने इरादे की भी घोषणा की थी।

### ट्रम्प के दावों के बावजूद ईरान की 70 प्रतिशत मिसाइल क्षमता सुरक्षित: रिपोर्ट

**वॉशिंगटन।** ईरान ने अपनी मिसाइल क्षमता का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा सुरक्षित रखा है और हॉर्मुज जलडमरूमध्य के पास 33 में से 30 प्रक्षेपण स्थलों तक फिर से पहुंच बना ली है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी खुफिया आंकड़ों के हवाले से बताया कि ईरान के पास अभी भी अपनी मिसाइल प्रक्षेपण प्रणालियों का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने अपने 90 प्रतिशत भूमिगत केंद्रों और प्रक्षेपण प्रणालियों तक पहुंच बहाल कर ली है जो आंशिक या पूर्ण रूप से उपयोग के लिए तैयार हैं। गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरानी क्षेत्र पर हमले शुरू किए थे। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य केंद्रों पर हमला किया। अमेरिका और इजरायल ने दावा किया कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से पैदा हुए खतरे का मुकाबला करने के लिए उनका 'निवारक' हमला आवश्यक था लेकिन उन्होंने जल्द ही यह स्पष्ट कर दिया कि वे ईरान में सत्ता परिवर्तन देखना चाहते हैं। गत सात अप्रैल को अमेरिका और ईरान ने युद्धविराम की घोषणा की थी।






## भारत-रूस के बीच है अटूट रणनीतिक दोस्ती: लावरोव

**नई दिल्ली।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को भारत-रूस संबंधों को 'गहरे भरोसे पर आधारित और लंबे समय से चले आ रहे रणनीतिक साझेदारी' करार देते हुए कहा कि दोनों देशों के संबंध केवल तेल और रक्षा सहयोग तक सीमित नहीं हैं।

लावरोव ने आरटी इंडिया को दिए एक विस्तृत साक्षात्कार में भारत की स्वतंत्रता के समय से द्विपक्षीय संबंधों की शुरुआत का उल्लेख करते हुए कहा कि सोवियत संघ दौर के दशकों पुराने सहयोग ने आज की 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' की नींव रखी। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत-रूस संबंध मुख्य रूप से ऊर्जा और रक्षा व्यापार पर आधारित हैं, तो उन्होंने इस धारणा को खारिज करते हुए कहा कि यह केवल तेल और गैस तक सीमित नहीं है, यह इससे कहीं अधिक व्यापक है। उन्होंने परमाणु ऊर्जा, औद्योगिक उत्पादन, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग का उल्लेख किया। लावरोव ने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग 'खरीदार-विक्रेता' मॉडल से आगे बढ़कर संयुक्त उत्पादन व्यवस्था में बदल चुका है। उन्होंने ब्रह्मोस मिसाइल के संयुक्त उत्पादन, भारत में टी-90 टैंक के लाइसेंस प्राप्त निर्माण और कलाश्निकोव असॉल्ट राइफल के उत्पादन जैसी परियोजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ए पहल दोनों देशों के बीच 'उच्च स्तर के विश्वास' को दर्शाती हैं और रक्षा सहयोग में गोपनीयता भी न्यूनतम स्तर पर है। लावरोव ने भारत के लिए रूस को 'विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्तिकर्ता' बताते हुए तेल, गैस, कोयला और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग जारी रहने की बात कही।

■ गहरे भरोसे पर आधारित और लंबे समय से चल रही रणनीतिक साझेदारी करार दिया

